सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-165 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 06 दिसम्बर 2024
03 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### नीतीश से चिराग, चंद्रबाबू-कुमारस्वामी तक, महाराष्ट्र में दिखा एनडीए का शक्ति प्रदर्शन

# महाराष्ट्र में देवेंद्र सरकार

- देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार बने महाराष्ट्र के सीएम
- शिंदे और अजित पवार बने उपमुख्यमंत्री
- पीएम मोदी समेत एनडीए के दिग्गज बने साक्षी





**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत से विजयी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली महायुति के नेता देवेन्द्र फडणवीस ने राज्य के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली जबकि पिछली बार मुख्यमंत्री रहे शिवसेना के नेता एकनाथ शिन्दे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। मुंबई के आज़ाद मैदान में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने फडणवीस, शिन्दे और पवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। फिल्म एवं मनोरंजन जगत, उद्योग जगत, सार्वजनिक जीवन की तमाम हस्तियां इस मौके पर उपस्थित थीं। शपथ ग्रहण समारोह करीब 20 मिनट के अंदर ही संपन्न हो गया। राज्यपाल ने फडणवीस को शपथ दिलायी।

### पहली कैबिनेट बैठक में लिए कई अहम फैसले

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपना कार्यभार संभालने के बाद पहली बार एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने अस्थि मज्जा प्रतिरोपण के लिए प्रतीक्षा कर रहे एक मरीज को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। यह सहायता पुणे के निवासी चंद्रकांत कुरहाडे के इलाज के लिए दी गई। चंद्रकांत की पत्नी ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद की अपील की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकार किया। देवेंद्र फडणवीस ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता करने से पहले इस फाइल पर हस्ताक्षर किए।

# सुधरी दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा, ग्रैप-4 हटा

- अब ग्रैप-2 और 3 के प्रावधान होंगे लागू



### कोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

दिल्ली की हवा को खराब करने के लिए पराली जलाना या वाहन मुख्य कारण नहीं है, बल्कि थर्मल पावर प्लांट है। जो वातावरण में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। पावर प्लांट पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण से 16 गुना अधिक वायु प्रदूषण फैलाने के लिए जिम्मेदार हैं। यही नहीं, एनसीआर में कोयले से चलने वाले थर्मल पावर प्लांट सालाना 281 किलो टन सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ-2) उत्सर्जित करते हैं। फिनलैंड बेस्ड स्वतंत्र थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने इसका खुलासा अपनी एक रिपोर्ट में किया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**नई दिल्ली।** पिछले कई महीने से खतरनाक स्तर पर चल रही दिल्ली एनसीआर की आबोहवा सुधरने लगी है। इसके चलते सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में लागू किए गए ग्रैप 4 को हटाने की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से कहा कि वह ग्रैप 2 लागू करे। साथ ही इसमें ग्रैप 3 में कुछ उपायों को जोड़ने पर भी विचार करे। 18 नवंबर को शीर्ष अदालत ने सभी दिल्ली-एनसीआर राज्यों को प्रदूषण विरोधी ग्रैप- 4 प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के लिए तुरंत टीमें गठित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने साफ किया था कि प्रतिबंध अगले आदेश तक जारी रहेंगे। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सीएक्यूएम को ग्रैप चरण-दो प्रतिबंधों में ग्रैप-तीन के कुछ अतिरिक्त उपाय शामिल करने का सुझाव दिया। पीठ ने बताया कि यदि वायु गुणवत्ता सूचकांक 350 अंक को पार कर गया तो चरण तीन प्रतिबंध लागू किए जाएंगे और यदि एक्यूआई 400 को पार कर गया तो चरण-चार प्रतिबंध लागू किए जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### आरएएस को झटका



**राजस्थान।** राजस्थान कैडर की अफसरशाही में सबसे बड़े विवाद पर गुरुवार को हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। अन्य सेवाओं से आईएएस में स्पेशल सलेक्शन को हाईकोर्ट में चुनौती देने वाली आरएएस एसोसिएशन की याचिका को कोर्ट ने न केवल खारिज कर दिया बल्कि आरएएस एसोसिएशन पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगा दिया। कोटे की लड़ाई 2016 से शुरू हुई थी, लेकिन पिछले साल आरएएस एसोसिएशन मामले को लेकर हाईकोर्ट पहुंच गई थी। एक जनवरी 2023 को आईएएस में प्रमोशन के 4 पद खाली हुए थे। यूपीएससी ने इसे भरने की अनुमति दे दी और सरकार को कहा कि भर्ती प्रक्रिया चालू करें।

### सोरेन कैबिनेट का हुआ विस्तार



**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के छह विधायकों समेत 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने यहां राजभवन के अशोक उद्यान में मंत्रियों को शपथ दिलाई। मंत्री पद की शपथ लेने वाले झामुमो के छह विधायक सुदिव्य कुमार, दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद और हाफिजुल हसन हैं। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी और राधाकृष्ण किशोर ने मंत्री पद की शपथ ली, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संजय प्रसाद यादव को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई।

### फिलिस्तीन की वकालत करता है भारत



**नई दिल्ली।** इजरायल फिलिस्तीन संघर्ष में दो राष्ट्र समाधान सिद्धांत का अक्सर जिक्र किया जाता है। माना जाता है कि दशकों से जारी इस विवाद को दो राष्ट्र समाधान सिद्धांत के जरिए ही हल खोजा जा सकता है। भारत भी लगातार इसी बीत का वकालत करता आया है। संसद में अपनी बात रखते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फलस्तीनी राज्य की वकालत की। भारत, इजरायल-फलस्तीन संघर्ष को लेकर दो राष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान जयशंकर ने गाजा पर संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों से भारत के कथित रूप से दूर रहने के दावे पर जवाब दिया।

# इसरो ने श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया प्रोबा-3 मिशन

- होगी सूर्य स्टडी, मिलेगी अंतरिक्ष मौसम की जानकारी



**बेंगलुरु।** इसरो ने आखिरकार इतिहास रच दिया है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के प्रोबा-3 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग हो गई है। इसके पहले बुधवार को कुछ तकनीकी खामी के कारण भारतीय स्पेस एजेंसी ने लॉन्चिंग को टाल दिया था। लॉन्चिग के लिए इसरो ने PSLV-C59 रॉकेट का इस्तेमाल किया गया। आपको बता दें कि प्रोबा-3 दुनिया का पहला प्रेसिशन फॉर्मेशन फ्लाइंट सैटेलाइट है। प्रोबा-3 मिशन के तहत कोरोनाग्राफ और ऑकुल्टर सैटेलाइट को स्पेस में भेजा गया है। ये सैटेलाइट सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेंगे। कोरोनाग्राफ का वजन 310 किलो और ऑकुल्टर का वजह 240 किलो है। दोनों सैटेलाइट एक-दूसरे से 150 मीटर की दूरी पर रहकरे पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगाएंगे और सूर्य के बाहरी वातावरण कोरोना पर स्टडी करेंगे। यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने कहा, कोरोना सूर्य के मुकाबले ज्यादा गर्म है और यहीं से स्पेस के वातावरण की शुरुआत होती है। यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण विषय है।

### मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में 43वें रामायण मेले का शुभारम्भ किया

# अयोध्या सांस्कृतिक रूप से विश्व में बढ़ रहा आगे: योगी

- श्रीराम कथा पर आधारित वार्षिक पत्रिका का सीएम ने किया विमोचन




**अयोध्या।** रामनगरी में चार दिवसीय रामायण मेले का उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया। पांच से आठ दिसंबर तक सरयू तट स्थित रामकथा पार्क में गीत-संगीत व अध्यात्म की त्रिवेणी प्रवाहमान होगी। सीएम सुबह अयोध्या पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हनुमानगढ़ी व रामलला के दरबार में भी हाजिरी लगाई। जानकी महल ट्रस्ट में चल रहे विवाहोत्सव में भी सीएम के शामिल होने की संभावना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या सनातन धर्म की पावन पूरी में से प्रथम पूरी है। हजारों वर्षों से विश्व मानवता का मार्ग अयोध्या ने प्रशस्त किया। अयोध्या एक ऐसी भूमि जहां कोई युद्ध करने का साहस नहीं कर सकता। कहा कि पिछले वर्ष जनवरी में पीएम मोदी के हाथों 500 वर्षों के संघर्ष के बाद रामलला फिर से प्रतिष्ठित हुए। पीएम ने अयोध्या के नागरिकों के प्रति अपना अनुराग व्यक्त किया था। अयोध्या ने उनके साथ न्याय नहीं किया। लेकिन, श्रीराम ने हर प्रकार का संरक्षण दिया। अयोध्या सांस्कृतिक रूप से विश्व में आगे बढ़ रहा। रामायण सीरियल को लोग देखने के लिए एक घंटे टीवी के सामने बैठते थे। डॉक्टर लोहिया ने रामायण उत्सव कार्यक्रम देश में प्रारंभ किए थे। जिसके मन में राम और जानकी के प्रति समर्पण नहीं है, उनको त्याग देना चाहिए। सीएम ने कहा कि डॉ लोहिया राजीनीति में आदर्शवादी थे। समाजवादी पार्टी परिवारवादी है।

अपराधी गुंडों के संरक्षण के बिना यह उसी तरह तड़पते हैं, जैसे पानी बिना मछली। लोहिया के नाम पर राजनीति करेंगे लेकिन उनके आदर्श नहीं मानते। रामायण मेला समिति के संयोजक आशीष मिश्र ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी रामायण मेला में न सिर्फ धार्मिक कार्यक्रम होंगे, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। रामायण मेले में चार दिनों तक कथा, प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक गायन, नृत्य नाटिका आदि की प्रस्तुति होगी। संस्कृति विभाग के विभिन्न जिलों के 20 से अधिक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# सही काम नहीं करने वाले ठेकेदार को बुलडोजर के नीचे डलवा दूंगा: गडकरी

- सड़क निर्माण में खामियों से जुड़े सवालों पर दे चेतावनी
- ठेकेदारों पर बरसे केंद्रीय मंत्री गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क निर्माण में खामियों से जुड़े सवालों पर बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि वह पहले ही कह चुके हैं कि सही काम नहीं करने वाले ठेकदार को बुलडोजर के नीचे डलवा दिया जाएगा।

उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल के पूरक प्रश्न के उत्तर में यह भी कहा कि ठेकेदारों को 'ठोक-पीटकर' ठीक कर दिया जाएगा। गडकरी ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे विभाग ने 50 लाख करोड़ रुपये के काम किए। हम पारदर्शी हैं, समयबद्ध हैं, परिणाम देने वाले हैं।'' उनका कहना था, ''मैं इसका उल्लेख नहीं करना चाहता था... मैं एक जनसभा में कह चुका हूं कि अगर ठेकेदार ठीक ढंग से काम नहीं करेगा तो उसे बुलडोजर के नीचे डलवा देंगे, याद रखना। इस साल देखो, इनको ठोक-पीटकर ठीक कर दूंगा, हम बिल्कुल समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने सदन को बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के निर्माण में पाई गई कमियों के लिए चार ठेकेदारों को जिम्मेदार ठहराया गया है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह भी कहा कि आईआईटी-खड़गपुर और आईआईटी-गांधीनगर के विशेषज्ञों ने एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया और इसके निर्माण में खामियां पाई।

गडकरी ने कहा, ''हमने चार ठेकेदारों को नोटिस जारी किया है और उन्हें काली सूची में डाल देंगे। सख्त कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।'' मंत्री ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे देश की सबसे लंबी सड़क है और इसका निर्माण सबसे कम समय में हुआ है।

# यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 से



सत्ता पक्ष उपचुनाव की जीत और उपलब्धियों का करेगा बखान

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र सोमवार 16 दिसंबर से शुरू होगा। बृहस्पतिवार को राजभवन की से इसकी अधिसूचना जारी हो गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हवाले से प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 16 दिसंबर को सुबह 11 बजे से विधानसभा सत्र और विधान परिषद का सत्र शुरू किया जाएगा। शीतकालीन सत्र में एक तरफ सत्तापक्ष उपचुनाव सहित अपनी उपलब्धियों को सदन में रखेगा तो दूसरी तरफ विपक्ष संभल हिंसा पर सरकार घेरेगा। कुल मिलाकर दोनों ही सदनों के हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं। इस दौरान अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा। उपचुनाव में जीत में धांधली के आरोप, संभल हिंसा, बहराइच हिंसा पर विपक्ष जमकर हंगामा करेगा। संभल में विपक्षी नेताओं के जाने पर रोक का मुद्दा छाएगा। उपचुनाव के दौरान पुलिसकर्मियों के वायरल वीडियो को मुद्दा बनाया जाएगा। बिजली के निजीकरण का मुद्दा भी उठेगा।

### विश्वास — पुतिन ने की पीएम मोदी और मेक इन इंडिया की सराहना

# भारत में निवेश करना लाभदायक: पुतिन

- भारत में मैन्यूफैक्चरिंग साइट बनाने के लिए तैयार हैं : पुतिन



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार की लघु एवं मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) के लिए स्थिर परिस्थितियां बनाने के लिए सराहना की और भारत में रूसी मैन्यूफैक्चरिंग साइट स्थापित करने की पेशकश की।

मॉस्को में 15वें वीटीबी निवेश फोरम में बोलते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने बाजार से बाहर हो चुके पश्चिमी ब्रांडों की जगह नए रूसी ब्रांडों के उदय का भी उल्लेख किया, उन्होंने उपभोक्ता वस्तुओं, आईटी, उच्च तकनीक और कृषि जैसे क्षेत्रों में स्थानीय रूसी निर्माताओं की सफलता का उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रूस का आयात प्रतिस्थापन कार्यक्रम भारत की मेक इन इंडिया पहल के समान है और कहा कि भारत का नेतृत्व अपने हितों को प्राथमिकता देने की नीति पर केंद्रित है। उन्होंने भारत में रूसी मैन्यूफैक्चरिंग साइट स्थापित करने की भी पेशकश की। पुतिन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी का भी ऐसा ही एक कार्यक्रम मेक इन इंडिया है। यह हमारे कार्यक्रम से काफी मिलता-जुलता है। उन्होंने कहा, और हम भारत में अपना मैन्यूफैक्चरिंग साइट स्थापित करने के लिए तैयार हैं। साथ ही, भारत की अर्थव्यवस्था में रोसनेफ्ट की तरफ से 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सबसे बड़ा निवेश कुछ समय पहले ही हुआ है। बता दें कि रोसनेफ्ट रूसी संघ की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनी है।

### भारतीय नेतृत्व देश को प्राथमिकता देने की नीति पर

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, भारत के प्रधानमंत्री और भारत सरकार स्थिर स्थितियां बना रहे हैं और ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय नेतृत्व भारत को प्राथमिकता देने की नीति पर चल रहा है और हमारा मानना है कि भारत में निवेश लाभदायक है। पुतिन ने एसएमई के विकास को समर्थन देने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच अधिक सहयोग का भी आग्रह किया। मैं ब्रिक्स निगम के लिए जिम्मेदार सहयोगियों से सहयोग के मुख्य क्षेत्रों पर स्थिति का विश्लेषण करने के लिए कहूंगा और हम निश्चित रूप से ब्राजील के सहयोगियों का ध्यान आकर्षित करेंगे जो अगले साल ब्रिक्स की अध्यक्षता करेंगे।

# दिसम्बर की तेज ठंड के लिए हो जाएं तैयार, गिरेगा तापमान



**लखनऊ।** नये विकसित हो रहे पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 8 व 9 दिसंबर को यूपी के तराई इलाकों में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। प्रदेश में बृहस्पतिवार को भी लगातार दूसरे दिन 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चली। आसमान साफ होने से हवा में रूखापन और दोपहर की सीधी धूप में तपिश महसूस की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिन तक फिलहाल मौसम ऐसा ही रहने वाला है। पछुआ के बावजूद दोपहर में हो रही तीखी धूप और गर्मी के सवाल पर आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कोहरा नहीं होने से सुबह से सूरज की तपिश सीधे धरती की सतह तक आ रही है। इससे पछुआ का असर गर्मी घटाने के लिए नाकाफी हो रहा। आने वाले दिनों में पछुआ के जोर से तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिलेगी और ठंड में इजाफा होगा। हवा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।



# पसगवां ब्लॉक परिसर में किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी** । पसगवां ब्लॉक परिसर में किसान मेला व कृषि प्रदर्शनी का आयोजित किया गया। जिसमें कृषि विभाग की ओर से स्टाल लगाकर किसानों को खेती-बाड़ी के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी पसगवां मोहित कौशिक ने की। पसगवां ब्लॉक परिसर में आयोजित किसान मेले में कृषि विभाग के कर्मचारियों ने फसल अवशेष प्रबंधन, उसके लाभ व सरकार की ओर से प्रदत्त विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। मेले में खेती से संबंधित स्टॉल भी लगाएं गए। पशुपालन विभाग से पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल सिंह ने पशुपालकों को जानकारी देते हुए बताया कि पशुओं को हरा चारा देना चाहिए। उनकी सेहत का ख्याल रखें। पशुओं में होने वाले बांझपन की समस्या व उसके निदान, पशुओं में होने वाले सामान्य रोग के बारे में जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक जियालाल गुप्ता ने गन्ने की फसल में सहफसली खेती के तौर पर मटर, धनिया, प्याज, सरसों, मसूर आदि अपना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन जगत प्रकाश ने किया।

## प्रशासन ने साढ़े छह हजार से ज्यादा कंबल जरूरतमंदों को बांटे

लखीमपुर-खीरी। गरीबों, निराश्रितों को सर्दी से बचाव के लिए शासन ने बजट जारी कर दिया है। सर्दी की शुरुआत होते ही प्रशासन ने साढ़े छह हजार से ज्यादा कंबल जरूरतमंदों को बांट दिए हैं। खास बात यह है कि डीएम ने कंबल वितरण का सत्यापन भी शुरू कराया है। जिनको कंबल बांटे गए हैं उनको फोन करके सत्यापित किया जा रहा है। वहीं अलाव जलाने के लिए हर तहसील को 50 हजार रुपए का बजट दिया गया है। एडीएम संजय सिंह के मुताबिक गरीबों, निराश्रितों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल बांटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण के शासन से जिले को 35 लाख रुपए का बजट दिया गया है। हर तहसील को पांच लाख का बजट आवंटित किया गया। इससे साढ़े सात हजार से ज्यादा कंबलों की खरीद की गई है। वहीं इसमें से साढ़े छह हजार से ज्यादा कंबल जरूरतमंदों को बांट दिए गए हैं। इसके अलावा हर तहसील को पचास हजार रुपए अलाव जलवाने के लिए दिए गए हैं। जिससे सर्दी से बचाव किया जा सके। वहीं बताया जाता है कि जिन जरूरतमंदों को कंबल दिए गए हैं उनका सत्यापन भी कराया जा रहा है फोन करके फीडबैक लिया जा रहा है कि कंबल मिला है या नहीं।

## खाद्य पदार्थों के सैम्पल मानकों पर जांच में फेल होने पर एडीएम न्यायालय में दर्ज कराया गया मुकदमा

लखीमपुर खीरी। खाद्य पदार्थों के सैम्पल मानकों पर जांच में फेल होने पर एडीएम न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया गया। एडीएम ने सुनवाई करते हुए नवम्बर महीने में 25 मामलों को निस्तारित कर 5.80 लाख रुपए का जुर्माना सुनाया। इसमें सबसे ज्यादा 50 हजार रुपए का जुर्माना मिठाई के मामले में सुनाया है। एक महीने में जुर्माना की धनराशि जमा न करने पर आरसी जारी की जाएगी। खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट अधोमानक मिलने पर एडीएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया जाता है। एडीएम ने नवम्बर महीने में 25 मामलों को सुनवाई के बाद निस्तारित किया। इसमें सबसे ज्यादा दूध व मिठाइयों के सैम्पल फेल मिले थे। मिठाई का सैम्पल अधोमानक मिलने पर एडीएम ने 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं अन्य मामलों में दस हजार से लेकर बीस हजार रुपए तक जुर्माना लगाया गया है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा बृजेन्द्र शर्मा ने बताया कि दूध के आठ, खोया, पनीर का एक-एक, सरसों तेल का एक, ब्रेकरी का एक सहित बिना रजिस्ट्रेशन के दुकान चलाने के 10 मामलों को निस्तारित करते हुए एडीएम कोर्ट ने जुर्माना लगाया है। उन्होंने बताया कि एक महीने में जुर्माना की धनराशि जमा न करने पर आरसी जारी करते हुए भू राजस्व की तरह वसूली की जाएगी।

## ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लखीमपुर-खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर ही फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। परिजन अनहोनी की आशंका जाता रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मैलानी थाना क्षेत्र के गांव बाबूपुर निवासी रामनरेश की संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर ही मौत हो गई। मृतक के भतीजे ओमप्रकाश ने बताया कि रामनरेश का गांव के ही कुछ लोगों से बुधवार को जमीनी विवाद हुआ था। मामला पुलिस के पास पहुंचा। गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उनका भव घर के अंदर ही फंदे से लटका हुआ मिला।

## रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने मंजेश तिवारी को दी उज्जवल भविष्य की शुभकांमनाएं



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ पकरिया जलालपुर निवासी मंजेश तिवारी पुत्र राम नरेश तिवारी का पीएचडी (समाजशास्त्र) में प्रवेश महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी में होने पर घर व रानी लक्ष्मी बाई कॉलेज में खुशी का माहौल मंजेश की हाईस्कूल व इण्टर की शिक्षा शहाबुद्दीनपुर अजान स्थित रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कॉलेज से हुई। इन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा शैक्षिक सत्र 2014-2015 में विशेष योग्यता(81त्न)के साथ इसी कॉलेज से उत्तीर्ण की। इसके बाद स्नातक व परास्नातक की शिक्षा बीएचयू से हुई।रानी लक्ष्मीबाई इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा ने मंजेश तिवारी को उज्जवल भविष्य की शुभकांमनाएं देते हुए बताया मंजेश तिवारी कॉलेज के समय पढ़ने में काफी अच्छा व जिज्ञासु छात्र था जो कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेते थे। वहीं प्रबंधक संजय वर्मा ने बताया कि मंजेश के पीएचडी में चयन पर हमें गर्व की अनुभूति है। उन्होंने बताया विगत कई वर्षों में कॉलेज के काफी छात्र/ छात्राएं आज देश की प्रशासनिक, बैंकिंग, शिक्षा,चिकित्सा व सैन्य सेवाओ में सेवा दे रहे हैं । मंजेश के पीएचडी में चयन होने पर कॉलेज के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य उदयवीर समेत सभी शिक्षकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।

## 5 करोड 55 लाख 23 हजार 646 की सम्पूर्ण सम्पत्ति की गयी कुर्क

**लखीमपुर-खीरी।** थाना हैदराबाद शिवा दुबे द्वारा की जा रही विवेचना मु0अ0स0 323/2024 धारा 2ख(ढ़)/3 उ0प्र0 गैगस्टर एक्ट थाना गोला जिला खीरी के क्रम मे अन्तर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एव समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 मे जिला मजिस्ट्रेट खीरी महोदय की अनुमति/वाद संख्या 2551/2024 कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या ष्ठ202410430002551 व वाद संख्या 2552/2024 कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या ष्ठ202410430002552 के क्रम मे तहसीलदार सुखवीर सिंह/राजस्व टीम और क्षेत्राधिकारी गोला गवेन्द्र पाल गौतम व प्रभारी निरीक्षक शिवा दूबे/पुलिस टीम थाना हैदराबाद व वरिष्ठ उ0नि0 देवेन्द्र सिंह,उ0नि0 अरविन्द कुमार मौर्य/पुलिस टीम थाना गोला की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.मतीन पुत्र रहीमबक्श 2.अब्दुल गनी उर्फ ग्यानी पुत्र हबीब नि0गण ग्राम भुडवारा थाना गोला जिला खीरी की अपराध से अर्जित की गयी रुपये 5 करोड 55 लाख 23 हजार 646 की सम्पूर्ण सम्पत्ति आज दिनांक 05.12.2024 को विधिक रुप से कुर्क की गयी ।

## महिला ने खाया जहर इलाज के दौरान मौत

**लखीमपुर-खीरी।** संपूर्णानगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने घर पर ही जहर खा लिया। जिसे उसकी हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला से एक तांत्रिक ने उसके जेवर ठग लिए थे। जिससे क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के गांव सुमेर नगर निवासी रिंकी मौर्य का पति बाहर काम करता था। रिंकी आए दिन बीमार रहती थी। इसी बीमारी को लेकर वह एक तांत्रिक के चंगुल में फंस गई। मृतका के बड़े भाई दीपू मौर्या ने बताया कि तांत्रिक ने रिंकी मौर्य से करीब ढाई लाख रुपए के जेवर ले लिए। जब उसका पति पंकज मौर्या घर आया और उसने जेवर के बारे में जानकारी की तो रिंकी कुछ बता नहीं पाई। बताया जाता है इसी से परेशान होकर बुधवार की रात रिंकी मौर्य ने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान रिंकी मौर्य की मौत हो गई। घर वालों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

## विद्युत सब स्टेशनों पर आकस्मिक स्थितियों के लिए बेहतर कार्य योजना बनायें: डीएम



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी मनीष बंसल आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होने कहा कि विद्युत आपूर्ति में बाधा न आए उसके दृष्टिगत पहले से ही तैयारियां पूर्ण की जाएं। जिन स्थानों पर विद्युत आपूर्ति किसी कारणवश बाधित हो उसकी जानकारी आमजनों के बीच में पहले से ही दे दी जाए। सभी विद्युत स्टेशनों पर आकस्मिक स्थितियों के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। मनीष बंसल ने विभाग के उच्चाधिकारियों को कर्मचारियों का मनोबल बढाते हुए बेहतर समन्वय करने के निर्देश दिए। बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को समय-समय पर पुरस्कृत भी किया जाए। इस अवसर पर एसपी देहात सागर जैन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी, चीफ इंजीनियर एसके अग्रवाल, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, एक्सईन, एई, जेई उपस्थित रहे।

# अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स ट्रायल में खिलाड़ियों ने किए बेहतर प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** मां शाकंभरी विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स ट्रायल में विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने जमकर पसीना बहाया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित ट्रायल का उद्घाटन विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने कहा कि हमारी इस युवावस्था में विश्वविद्यालय के सीमित संसाधनों में कोशिश रहती है कि खिलाड़ियों को अच्छे से अच्छा उपकरण उपलब्ध करा पाए, जिससे कि बच्चे और अच्छा परफॉर्मेंस दे पाए। जैन कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर हरिओम गुप्ता तथा विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव कमल किशन ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। ट्रायल के दौरान 1500 मीटर रेस में श्री राम कॉलेज के विपिन कुमार, दून कॉलेज के अक्षय चंदेल तथा महाराज सिंह कॉलेज के शुभम ने अच्छा प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर की काजल तथा एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर की शिवानी गोस्वामी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जैवलिन थ्रो में महिला वर्ग में दून कॉलेज की स्वाति प्रजापति तथा एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर की किट्टू तथा 5000 मीटर बालक वर्ग में आशाराम कॉलेज के अनुज राणा तथा आईएमटी कोटा के अनिकेत ने अच्छा प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में एचडी कॉलेज मुजफ्फरनगर की शिवानी गोस्वामी तथा श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर की शब्बू खातून ने अच्छा प्रदर्शन किया। 3000 मी स्टेपल चेज में एसडी कॉलेज की अभिषेक तथा आईएमटी के अनुज धीमान ने अच्छा प्रदर्शन किया। 400 मीटर रेस बालक वर्ग में श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर के विनीत यादव तथा एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर के आयुष पलिया ने अच्छा प्रदर्शन किया।

निर्णायक मंडल में भूपेंद्र सिंह, लाल धर्मेंद्र प्रताप शामिल रहे। इस दौरान ईश्वर पाल सिंह, यशपाल पुंडीर, विवेक मैथ्यूज, पॉपीन कुमार, सुश्री अंजली शर्मा, शेखर राणा, रोहित पुंडीर, मनीष कुमार, योगाचार्य भीम, महाराज सिंह कॉलेज के डॉक्टर नीतू कुमार, मुन्नालाल कॉलेज के दीक्षा तथा श्रीमती शिखा चौहान, भूपेंद्र समेत चयन प्रतियोगिता के संयोजक प्रोफेसर प्रवीण कादियान, रविकांत धीमान आदि मौजूद रहे।

## छत पर खेल रही मासूम बच्ची की नीचे गिरकर दर्दनाक मौत

**देवबन्द।** छत पर खेल रही बच्ची अचानक नीचे जमीन पर आ गिरी और गंभीर घायल हो गई। परिजन घायल बच्ची को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

मोहल्ला शहरमजुद्दीन निवासी उस्मान की पांच वर्षीय बेटी मरयम देर शाम करीब आठ बजे घर में खेल रही थी। खेलते खेलते वह छत पर जा पहुंची। इस दौरान उसका पैर फिसला और वह दूसरी मंजिल की छत से नीचे गली में जा गिरी। जिससे वह गंभीर घायल हो गई। इस दौरान परिवार के लोगों में अफरा तफरी मच गई। परिजन तुरंत घायल बच्ची को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मचा है और घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है।

## बाईक की टक्कर से महिला की मौत, बाइक सवार भाई, बहन गंभीर घायल

**बेहट।** बाइक की टक्कर लगने से सड़क पार कर रही महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक सवार भाई बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

हादसा गुरुवार शाम करीब 4 बजे का है। कस्बे के मौहल्ला सड़कपार निवासी दिलशाद की पत्नी नूरजहां उम्र करीब 45 वर्ष कस्बे में कोतवाली बेहट के पास रोड पार कर रही थी, इसी दौरान पीछे से आ रही तेज बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में नूरजहां और बाईक सवार बिहारीगढ़ निवासी मंसूर पुत्र वकील व उसकी बहन शहनाज पत्नी नसीम निवासी अलीपुरा नौगांवा थाना मिर्जापुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली बेहट पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को बेहट सीएचसी ले गई जहां इलाज के दौरान नूरजहां ने दम तोड़ दिया जबकि चिकित्सकों ने घायल भाई बहन को हायर सैंटर रैफर कर दिया। महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे को लेकर पुलिस कार्यवाही में जुट गई।

# विभिन्न बाजारों हटाया अतिक्रमण, सामान भी किया जब्त



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर विभिन्न बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क पर फैला कर रखा गया अनेक दुकानदारों का सामान जब्त कर निगम लाया गया और जुर्माना भी लगाया गया। जनसुनवाई में अतिक्रमण सम्बंधी आयी एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवा कर तीन हजार का जुर्माना लगाया गया।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम के प्रवर्तन दल ने कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में आज दिल्ली रोड पर अनुपम स्वीट्स से हसनपुर चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में बोर्ड, गमले, सब्जी के कैरेट, एक स्टील बैंच व लकड़ी का एक तख्त आदि सामान जब्त कर नगर निगम लाया गया। इसके अलावा नुमायश कैंप, भारत माता चौक व अम्बाला रोड पर करीब दो दर्जन दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया। पांच दुकानदारों से 1700 रुपये जुर्माना भी वसूला गया।

इस दौरान जनसुनवाई में आयी बेहट रोड भगवती कॉलोनी की एक अतिक्रमण सम्बंधी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कॉलोनी में एक प्रेस द्वारा किया गया अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया और तीन हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। प्रवर्तन दल द्वारा अंबाला रोड पर चलाये गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत एक कार बाजार सहित पांच दुकानों का टेऊफिक पुलिस के माध्यम से भी चालान कराया गया। कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक राजेश कुमार, प्रवर्तन दल प्रभारी एच बी गुरुंग, कैप्टन नरेशचंद सहित प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे।

## छात्राओं को दिया एलिमेंट्री फायर सेफ्टी तथा भूकंप सुरक्षा का प्रशिक्षण

**सहारनपुर।** नागरिक सुरक्षा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आर्य समाज कन्या इंटर कॉलेज में एलिमेंट्री फायर सेफ्टी तथा भूकंप सुरक्षा का प्रशिक्षण देकर छात्राओं, अध्यापकों एवं कार्यालय के स्टाफ को आग से बचाव तथा भूकंप से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।

मटिया महल स्थित कॉलेज में जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में आयोजित एलिमेंट्री फायर सेफ्टी तथा भूकंप सुरक्षा का प्रशिक्षण देकर छात्राओं, अध्यापकों एवं कार्यालय के स्टाफ को आग से बचाव तथा भूकंप से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर मॉकड्रिल का भी आयोजन किया गया, जिसमें 400 छात्राओं एवं स्वयं सेवकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उप नियंत्रक कश्मीर सिंह द्वारा अध्यापकों, छात्राओं एवं स्वयं सेवकों को फायर सेफ्टी एवं भूकम्प से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

## फांसी के फंदे पर लटकी मिली विवाहिता, जमीन पर टिके थे पैर

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मई गांव में एक विवाहिता की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका अनीता देवी का शव खून से लथपथ पंखे से लटका मिला। ससुराल वाले घर का दरवाजा बंद कर वहां से फरार हो गए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। जब अनीता के मायके वालों को इसकी खबर मिली तो उन्होंने ससुरालवालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए खूब हंगामा किया। ये पूरा मामला आगरा के बाह थाना क्षेत्र के बटेश्वर के मई गांव का है। साल 2017 में अनीता की शादी मई गांव के बबलू उर्फ ब्रजेश से हुई थी। दोनों के दो बच्चे भी हैं। मृतका के पिता ने बताया कि शादी के कुछ दिनों बाद ही वह उनकी बेटी को दहेज के लिए परेशान करने लगे थे। इस मामले में पंचायत भी हुई थी। उसके बाद 1 दिसंबर को ससुराल वाले उसे घर ले आए थे। आरोप है कि ससुरवालों ने घर लाने के बाद उसकी पिटाई की थी। सोमवार को फोन कॉल पर उसकी चीखें सुनाई दे रही थी।

पिता अर्जुन सिंह आदि मायके वाले एफआईआर के लिए थाने पर जमा रहे। मायके वालों ने ससुराल वालों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। बुधवार शाम पांच बजे एफआईआर की कॉपी मिलने के बाद मायके वालों ने बटेश्वर के मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार किया। मुखाग्नि बेटे आदित्य ने दी। इस संबंध में एसओ बाह ने बताया कि मायके वाले एफआईआर की कॉपी ले गए हैं।

# कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर के खिलाफ आगरा न्यायालय में मानहानि

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा न्यायालय में बुधवार को जाने माने कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया. दरअसल, अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने देवकीनंदन ठाकुर के खिलाफ मानहानि केस दर्ज करवाया है. मामले की सुनवाई सिविल जज (जूनियर डिवीजन-1) के सामने की जाएगी. अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने इस बारे में जानकारी दी है कि 3 दिसंबर को एक अखबार में देवीकनन्दन ठाकुर ने कथावाचन के दौरान वाराणसी में भारत विभाजन व कश्मीरी ब्राह्मणों के नरसंहार के लिए जयचंदों को दोषी बताया साथ ही सनातन धर्म को जयचंदों से खतरा बताया, लेकिन जयचंद के नाम का कोई जिक्र कहीं भी इतिहास में नहीं है लेकिन फिर भी ऐतिहासिक व्यक्ति को दोषी कहा जा रहा है. आपको बता दें कि बीएनएस के धारा 356 (2) के तहत केस दर्ज करवाया गया है. अधिवक्ता ने कहा कि भारत विभाजन और कश्मीरी ब्राह्मणों का नरसंहार धर्म



पर आधारित था. ये काम मुसलमानों ने किया, उनके कृत्य के लिए कैसे जयचंद दोषी हुआ. अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने ये भी जानकारी दी है कि व्यासपीठ जैसे सार्वजनिक मंच से कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर मुसलमानों का नाम लेने से डरते क्यों हैं. अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने ये भी कहा कि जयचंद कन्नौज के राजा थे, अब तक रिसर्च में कोई प्रमाण नहीं है जिससे साबित हो कि राजा जयचंद गद्दार थे या फिर हम्मद गौरी को उन्होंने बुलाया. ऐसा किसी तरह का अभिलेख भारत सरकार के पास भी उपलब्ध नहीं है जिससे गौरी को जयचंद ने आमंत्रित किया इसे साबित किया जा सके. उन्होंने बताया कि जौनपुर सिविल न्यायालय में उनका अटाला माता मंदिर केस विचारधीन है, ऐतिहासिक साक्ष्य प्रमाणित करते हैं महाराज जयचंद ने अटाला माता मंदिर बनवाया. ऐसा कोई प्रमाण नहीं अब तक नहीं मिला जो साबित करे कि जयचंद गद्दार थे.

वही देवकीनंदन ठाकुर ने वाराणसी में कथा के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए आगरा में उनके खिलाफ दाखिल परिवाद और आरोपों को लेकर प्रतिक्रिया दी. देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि उन्होंने कुछ गलत नहीं कहा है, लेकिन फिर भी वह चिंतन करेंगे।

## चोरी की घटना में संलिप्त दो आरोपी दबोचे, माल बरामद

**सहारनपुर।** थाना बड़गाँव पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी निशानदेही पर चोरी का एक गैस सिलेन्डर व 01 भगौना बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना बड़गांव प्रभारी विनय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वादी अशोक कुमार पुत्र सुखराम निवासी ग्राम कुतबा माजरा थाना बडगांव की तहरीर पर अज्ञात चोंरो के खिलाफ वादी के घर से एक गैस सिलेन्डर व एक भगोना सिलवर व एक बाल्टी चोरी कर ले जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री शर्मा ने बताया कि उनके व उपनिरीक्षक रणपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों राजू पुत्र रामा निवासी ग्राम अम्बेहटा चांद थाना बड़गांव व राजेन्द्र पुत्र अन्तुराम निवासी ग्राम चकहरेटी थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया।

# अजमेर शरीफ तक पहुंच गया फिरकापरस्ती का फसाद, यहीं से होगा खत्मः मौलाना तौकीर रजा

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** दरगाह वाद प्रकरण के बीच बरेली के मौलाना तौकीर रजा खान अजमेर पहुंचे। उन्होंने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर हाजिरी दी। मौलाना ने कहा कि फिरकापरस्त ताकतों ने ख्वाजा की दरगाह को भी नहीं बख्शा। इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि देश में बना फिरकापरस्ती का माहौल अब ख्वाजा गरीब नवाज के दरबार तक पहुंच गया है। यहीं से इसका खात्मा होगा। अजमेर पहुंचकर आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर ने बुधवार को ख्वाजा की दरगाह पर हाजिरी दी। इसके बाद मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि एक बार देश में जगह-जगह बम विस्फोट हो रहे थे। तब अजमेर शरीफ में भी ऐसा हादसा पेश आया। इसके बाद पूरे देश में




बम विस्फोट होना बंद हो गया। मौलाना ने कहा कि इसी तरह आज देश में जगह-जगह शिवलिंग और मंदिरों की तलाश में खोदाई की कोशिश की जा रही है। फिरकापरस्त ताकतों ने ख्वाजा की दरगाह को भी नहीं बख्शा। हमें एतबार है कि ख्वाजा की करामात दुनिया देखेगी। हिंदुस्तान से खोदाई का सिलसिला ही बंद हो जाएगा। सांप्रदायिकता का भी खात्मा होगा। मौलाना ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार की निंदा करते हुए कहा कि सरकार को इस दिशा में जरूरी कदम उठाने चाहिए। प्रेसवार्ता के दौरान अजमेर दरगाह से जुड़े संगठन अंजुमन खुद्दाम-ए-ख्वाजा के सचिव सैयद सरवर चिश्ती, सैयद किबरिया चिश्ती व अन्य जिम्मेदारान भी मौजूद रहे। मौलाना के साथ आईएमसी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता डॉ. नफीस खान, नदीम खान, अफजाल बेग, चौधरी राशिद खां, अलीगढ़ के डॉ. जर्रार हुसैन मौजूद रहे। इधर, बरेली में कार्यकर्ताओं के साथ संभल जा रहे भारत जोड़ो पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सैय्यद नाजिम अली को बुधवार सुबह बारादरी पुलिस ने जोगी नवादा स्थित उनके कार्यालय पर ही रोक दिया। इस पर सैय्यद नाजिम अली और कार्यकर्ताओं ने रोष जताया। संभल हिंसा के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान इरशाद अली शाह, फिरोज खान, अजमेरी शाह, मौलाना शफात अली, रोहित रॉबर्ट, सुधीर कुमार वाल्मीकि मौजूद रहे

# सायरन, लड़ाकू विमान की गरज से उड़े होश

- महानगर में नागरिक सुरक्षा द्वारा किया गया ब्लैकआउट का पूर्वाभ्यास
- नागरिक सुरक्षा की मॉकड्रिल में वायु सेना सहित शामिल हुए कई विभाग





अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** शहर के सर्किट हाउस इलाके में गुरुवार की शाम रोज की तरह सामान्य नहीं थी। शाम के बजते हीं इस इलाके के एक किलोमीटर के दायरे तक की बिजली गुल हो गई। अभी कोई कुछ समझ पाता तब तक नागरिक सुरक्षा के सायरन की आवाज गूंज उठी चारों तरफ गूंज उठी।

नागरिक सुरक्षा के वार्डेन सड़को पर दिखाई देने लगे, वार्डेन पब्लिक अनाउंस सिस्टम से लोगों से आग्रह कर रहे थे की किसी प्रकार की भी लाइट या रौशनी चालू न रह जाए। अभी लोग समझ पातें की लड़ाकू विमान की गरज से पूरा इलाका दहल उठा। रामगढ़ ताल क्षेत्र के ऊपर से कई बार लड़ाकू विमान के गुजरने और नागरिक सुरक्षा के सायरन सुन, किसी बड़ी अनहोनी की आशंका से लोगों के दिल बैठ गए। इसी बीच नागरिक सुरक्षा के वार्डेन, फायर टीम, पुलिस के जवान महन्त दिग्विजय नाथ पार्क, सर्किट हाउस व एनेक्सी भवन की तरफ दौड़े वहां से हमले के बाद आग लगने व लोगों के घायल होने की सूचना मिली थी।

चौकिये मत यह कोई असल का हमला नहीं बल्की हवाई हमले से बचाव का ब्लैकआउट (प्रकाश प्रतिबंध) अभ्यास था। इस अभ्यास के दौरान संवेदनशील क्षेत्र में नागरिक सुरक्षा विभिन्न विभागों के साथ संयुक्त तौर पर आपातकाल के समय बचाव की तैयारी को परखता है और उस क्षेत्र को प्रतिबंधित कर दिया जाता है। जब तक की हमले का खतरा टल जाने का सायरन दोबारा ध्वनित ना कर दिया जाए। इस दौरान लाइट बंद कर दी जाती हैं ताकि हवाई हमले करने वाले लड़ाकू विमान के पायलट आबादी वाले इलाकों या यूं कहें कि शहर के लोकेशन को लेकर भ्रमित हो जाएं। 1971 में भारत-पाक युद्ध के दौरान शहर में वास्तविक ब्लैकआउट हुआ था। ब्लैकआउट मॉकड्रिल उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह व चीफ वार्डेन डॉ संजीव गुलाटी के निर्देशन में आयोजित किया गया। चंपा देवी पार्क, ऐनक्सी भवन एवं सर्किट हॉउस से सायरन बजा कर हवाई हमले के संकेत दिए गए। हवाई हमले के 2 मिनट बाद ऑफिसर कमांडिंग,रेकी अधिकारी, घटना नियंत्रण अधिकारियों ने हवाई हमले से हुई क्षति का निरीक्षण किया। अग्निशमन दल, फर्स्ट एड रेस्क्यू टीम हवाई हमले के दौरान घायल हुए लोगों को रेस्क्यू कर बचाने में जुट गई। करीब 7 बजे किया मॉकड्रिल संपन्न की गई। सभी टीमों ने नियंत्रण कक्ष को रिपोर्ट किया। जिसके बाद गृह मंत्रालय भारत सरकार से कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए एडीजी उमेश शर्मा ने ऐनक्सी भवन में सम्बोधित किया। इस मॉकड्रिल में सभी एजेंसियो से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक वेद प्रकाश यादव व सहायक उपनियंत्रक नीरज श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान चीफ वार्डेन डॉ.संजीव गुलाटी, डिप्टी चीफ वार्डेन डॉ. शरद श्रीवास्तव,चीफ फायर अफसर जसवीर सिंह, स्टाफ अफसर संतोष श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, डिवीजनल वार्डेन विकास जालान, राजेश चन्द्र चौधरी, अखिलेश ओझा, नैय्यर आलम, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन उमेश चन्द्र श्रीवास्तव, ध्यान प्रकाश तिवारी, मुर्तजा आलम, मनौव्वर सुल्ताना, स्टाफ अफसर सौरभ सिंह, जितेन्द्र देव उपाध्याय, राम कृष्ण मिश्रा, रेकी अधिकारी अखिलेश सिंह सहित अनेकों पोस्ट वार्डेन, डिप्टी पोस्ट वार्डेन, सेक्टर वार्डेन व स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



नागरिक सुरक्षा गृह मंत्रालय भारत सरकार के (ADG) उमेश शर्मा के साथ पोस्ट वार्डन प्रतीक सरकारी प्रखंड कोतवाली गोरखपुर नजर आए

## कमिश्नर एवं जनप्रतिनिधियों ने किसान बन्धुओं को वितरित किए 148 कृषि उपकरण

**अलीगढ़।** मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत आयुक्त अलीगढ़ मंडल अलीगढ़ चैत्रा वी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा धनीपुर मंडी में 148 कृषि उपकरणों का वितरण किया गया। आयुक्त चैत्रा वी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अपनी उपज की मण्डी में बिक्री पर मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना संचालित की जाती है। इस योजना के तहत कृषक उत्पादकों की सहभागिता बढ़ाए जाने के लिए नवीन मंडी स्थलों में कृषि उपज का विक्रय करने के उपरांत कृषकों को इनामी कूपन प्रदान किया जाता है। किसानों को दिए गए इनामी कूपन पर मासिक, त्रैमासिक एवं छः माही ड्रॉ द्वारा उपहार स्वरूप 11 प्रकार के कृषि यंत्र प्रदान किए जाते हैं। विधायक कोल अनिल पाराशर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसान हित में विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। विधायक छर्रा रवेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि किसान सम्मान निधि एवं पेंशन योजनाओं से किसानों के परिवारों की आर्थिक मदद की जा रही है।

## एसडीएम के निरीक्षण में सीएचसी सहजनवा और पिपरौली में 15 स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ बनाने के लिए शासन द्वारा सख्त निर्देश दिए है। और जिम्मेदारों को हिदायत दी गई है। समय समय पर सरकारी अस्पतालों में जाकर स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते रहे। वृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी सहजनवां दीपक गुप्ता ने सीएचसी सहजनवां और पिपरौली का निरीक्षण किए। जिसमे इमरजेंसी, मरीजों के वार्ड,दवा स्टोर रुम एक्सरे कक्ष, पैथालॉजी सेंटर की जांच करने के बाद वार्ड में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिससे संतुष्ट नजर आए। इसके अलावा उपस्थित रजिस्टर की जांच में सहजनवा में 10 और पिपरौली में 5 स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले। इस संदर्भ में एसडीएम दीपक गुप्ता ने कहा की जांच जिलाधिकारी को भेजी जायेगी। इस दौरान अधीक्षक व्यास कुशवाहा, अधीक्षक शिवानंद मिश्र, डा शिवम सहित अनेक स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## आबकारी विभाग ने दबिश देकर 12 लीटर कच्ची शराब बरामद कर शराब की दुकानों का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी,फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़रुख़ाबाद जी0 पी0 गुप्ता के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05/12/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 सचिन त्रिपाठी मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम-तकिपुर एवं ग्राम संतोषपुर में दबिश दी गयी।12 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक अभियोग पंजीकृत किया गया। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# भगवान की कथाओं से मनुष्य में सद्आचरण आते हैं : डॉ. राघवाचार्य

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** एमएलसी रमा आरपी निरंजन के गृह ग्राम रवा में चल रहे श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा महोत्सव के नौंवे दिन की कथा में कथा व्यास जगद्गुरु रामानुजाचार्य डॉ. स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने मिथिला में भगवान राम और जनकनंदिनी सीता के विवाह का बहुत ही सुंदर वर्णन कर श्रोता समुदाय को आनंदित कर दिया। सीता की सखियों की राम से ठिठोली और विवाह के अवसर पर गाई जाने वाली गीतों की सांस्कृतिक व्याख्या की।

कथा प्रवक्ता डॉ. राघवाचार्य ने कहा कि विवाह में भी राम ने अपनी मर्यादाएं और संस्कार नहीं छोड़े। जो भी राम को मानने वाले लोग हैं वे कभी मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं करते हैं। मानव मात्र को कथाओं का श्रवण अवश्य करना चाहिए, इससे उनमें सद्आचरणों का समावेश होता है। भगवान की कथाओं का सार भी यही है कि व्यक्ति गृहस्थ जीवन में रहकर भी एक संन्यासी की भांति भगवन्नाम जप करते हुए अपना परलोक सुधार सकते हैं। कथा व्यास कहते हैं, कर्म तन से करते रहो लेकिन मन भगवान में लगाओ क्योंकि राम नाम ही साथ जाएगा, पद-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान सब कुछ यहीं धरा रह जाएगा। बड़े बड़े साहित्यकार, विद्वान, वैज्ञानिक भी जीवन के अंत तक यही नहीं समझ पाए कि आखिर उनके जीवन का उद्देश्य क्या था। इसलिए मनुष्य को यह समझना होगा कि जीवन का उद्देश्य नर तन पाकर इस भवसागर से पार होने का उपाय करना ही है। भगवान का भजन करके आत्म कल्याण करो। गोस्वामी जी कहते हैं कि मानव जीवन पाकर अगर आत्म कल्याण का उपक्रम नहीं किया तो आत्महत्या का पाप लगेगा। समय की सार्थकता इसी में है कि अपने कल्याण का उपाय हर व्यक्ति को करना चाहिए। भगवान कृष्ण गीतोपदेश में अर्जुन से कहते हैं, जो अपना मन परमात्मा में नहीं लगाते हैं वे मूढ़ और भाग्यहीन हैं।

भगवान से अलग होने वाले दुखी हैं। जीव को भगवान के चरणों में ही परम शांति मिलेगी। अंत में कथा विश्राम पर कथा परीक्षित रमा आरपी निरंजन ने पुराण की आरती उतारी, प्रसाद वितरित किया गया।

# मण्डलायुक्त ने सुबह-सवेर नगर भ्रमण कर आमजन से किया सीधा संवाद

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ चैत्रा वी0 द्वारा गुरुवार की प्रातः नगर भ्रमण कर स्थानीय लोगों, यात्रियों, समाचार पत्र वितरकों, टी स्टॉल वालों का हाल चाल लिया गया। मण्डलायुक्त को इस प्रकार अपने बीच पाकर जनमानस को कहते सुना गया कि यह एक सराहनीय पहल है। इस प्रकार के भ्रमण एवं निरीक्षण न केवल प्रशासन की सक्रियता को दर्शाते हैं, बल्कि जनता में सुरक्षा का भाव भी पैदा करते हैं।

कमिश्नर ने इस दौरान जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और उनके समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही नगर में साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं का भी जायजा लिया। कमिश्नर चैत्रा वी0 द्वारा की गई इस तरह की पहल से न केवल जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है, बल्कि सरकारी व्यवस्था में सुधार लाने का मार्ग भी प्रशस्त होता है। कमिश्नर द्वारा सुबह सवेरे किए गए नगर भ्रमण ने अन्य अधिकारियों को भी सबक दिया, कि वह भी लोगों के मध्य जाकर न सिर्फ उनसे संवाद स्थापित करें, बल्कि समस्याओं को जान, उनका यथासंभव निदान भी करें। मंडलायुक्त चैत्रा वी0 ने सुबह 5 बजे पुराना बस अड्डा, जिसे आगरा बस अड्डा भी कहा जाता है, पर पहुंचकर समाचार पत्र वितरक दिलीप कुमार से बातचीत करते हुए पूछा की आप यह काम कब से कर रहे हैं, कितनी आमदनी हो जाती है। परिवार का कुशल क्षेम भी लिया। नजदीक ही समाचार पत्र बिक्री कर रहे पुत्र गौरव से सवाल किया किया कि क्या वह उनको पहचानते हैं, जिस पर गौरव ने हाँ में सिर हिलाते हुए कहा कि आप मंडलायुक्त चैत्रा वी0 हैं। फिर कमिश्नर ने हिंदी अंग्रेजी के समाचार पत्र भी खरीदे। कमिश्नर ने भ्रमण के दौरान एक दिव्यांग राहगीर जोकि व्हील चेयर से गंतव्य को जा रहे थे, से बातचीत की। दिव्यांग व्यक्ति उत्तम कुमार ने बताया कि वह पॉटरी फिनिशिंग का कार्य करते हैं और रोजमर्रा की भाँति खुर्जा जाने के लिए बस अड्डे पर आए हैं।

## भाकियू क्रांति के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कायमगंज को सौपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद की तहसील कायमगंज स्थित आज भारतीय किसान यूनियन क्रांति के जिलाध्यक्ष फर्रुखाबाद अंकज यादव ने प्रदेश अध्यक्ष चंदन यादव के आदेशानुसार जो किसानों को गौतमबुद्ध नगर में 2/12/24 से शांती रूप से चल रहे धरना के पदाधिकारी एवं किसानों को दिनांक 3/12/24 को धोखे से गिरफ्तार किया गया उसी के खिलाफ संयुक्त मोर्चा से भारतीय किसान यूनियन क्रांति ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन रविंद्र सिंह एसडीएम कायमगंज के माध्यम से किसानों की सभी मांगों को मानते हुए उन्हें इज्जत सम्मान से छोड़ दिया जाय अन्नथा भारतीय किसान यूनियन क्रांति जिला हरदोई एव प्रदेश की टीम उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन करेगी और समस्त टीम दिल्ली के लिए जरूरत पड़ने पर रवाना होगी जिसकी समस्त सुरक्षा व्यवस्था एवं जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस समय मौजूद जिलाध्यक्ष अंकज यादव, कौशलेंद उर्फ पिंटू यादव और अनूप कुमार, नवीन कुमार, दीपक यादव सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गोरखपुर के विकास जालान नागरिक सुरक्षा गृह मंत्रालय के कांस्य पदक से होंगे सम्मानित



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नागरिक सुरक्षा कोतवाली के डिवीजनल वार्डेन है विकास,समाज सेवा में बेहतर कार्य करने पर नागरिक सुरक्षा की 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारत सरकार गृह मंत्रालय के महानिदेशक ने विकास जालान समेत दो अन्य अधिकारियों को कांस्य पदक दिए जाने की घोषणा की है। अत्यंत सार्थक कर्तव्यनिष्ठा एवं कार्यकुशलता का परिचय देते हुए विभाग की ऊंची परम्पराओं का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने के फलस्वरूप उनकी प्रशंसा करते हुए गोरखपुर के तीन अधिकारीयों को कांस्य पदक व प्रशस्ती पत्र दिया जायेगा। जिसकी घोषणा आज गृह मंत्रालय द्वारा की गई। वेद प्रकाश यादव ( सहायक उपनियंत्रक व.वे.), विकास कुमार जालान (डिवीजनल वार्डेन), श्रीप्रकाश अग्रवाल (डिप्टी पोस्ट वार्डेन) गोरखपुर के प्रतिष्ठित समाजसेवी व व्यवसायी भगवती जालान के पुत्र है विकास जालान। नागरिक सुरक्षा में विकास बतौर स्वयंसेवक 2005 में सम्मिलित हुए थे। 2008 में इन्हे सेक्टर वार्डेन के रूप में नियुक्त किया गया। इसके बाद पदोन्नत कर इन्हें पोस्ट वार्डेन (आ.) के पद पर नियुक्त किया गया। 2021 में उत्तर प्रदेश शासन ने इन्हे डिवीजनल वार्डन नियुक्त किया। जालान द्वारा कोविड महामारी के दौरान किए गए विशिष्ट कार्यों हेतु 26 जनवरी 2023 को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सराहनीय सेवा पदक भी प्रदान किया गया है। इनके द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों के दृष्टिगत जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश ने भारत सरकार को पदक के लिए विकास सहित अन्य पांच लोगों का नाम भेजा था। वहीं कांस्य पदक के लिए नाम घोषित होने पर तीनों पदाधिकारियों को एडीजी नागरिक सुरक्षा गृह मंत्रालय,भारत सरकार उमेश शर्मा, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश,अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार सिंह, उपनियंत्रक सत्य प्रकाश सिंह,चीफ वार्डेन डॉ.संजीव गुलाटी, डिप्टी चीफ वार्डेन डॉ. शरद श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी भगवती जालान उद्योगपति ओम प्रकाश जालान, अनूप सराफ सहित अन्य ने बधाई दी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 166 जोड़े

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामुहिक विवाह समारोह का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई टी आई मैदान प्रकाशनगर में आयोजित किया गया। शादी समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल एवं उपस्थित मंचाशीन अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सामुहिक विवाह योजना में कुल 166 जोड़ो का सामुहिक विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमे एक मुस्लिम जोड़ा भी शामिल है, जिसका मुस्लिम रिति रिवाज से निकाह कराया गया।

सामुहिक विवाह के अवसर पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामना दी। सामुहित विवाह में नव दाम्पत्य को विवाह प्रमाण पत्र एवं पौध रोपण हेतु आम वृक्ष का पौधा उनके हाथो में दिया गया।जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने नव विवाहित वर-वधुओ को आर्शिवचन देते हुए कहा कि नव विवाहित जोड़ो ने 7 फेरे लेकर एक साथ रहने का जो संकल्प लिया है उसे आजीवन निर्वहन करे। मुख्यमंत्री ने इस योजना के माध्यम से गरीब, मजदूर एवं असहाय परिवारो को इसका लाभ दिया है। उन्होने कहा कि उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के महत्वकाक्षी योजना को आगे बढ़ाते हुए उ0प्र0 के बेटियो को उन्होने अपनी बेटी मानकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पूरे प्रदेश में चलाया है, जिसका हम सभी सम्मान करते है। आप जीवन में आगे बढ़े। जिस तरह यहा आज उत्सव हो रहा है वैसे ही आप का जीवन का हर दिन उत्सव भरा हो। उन्होने शादी समारोह में आये हुए वर एवं वधु के परिजनो के प्रति भी शुभकामना व्यक्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत 51 हजार की धनराशि प्रदान किया जा रहा है जिसमें 35 हजार रूपये वधु के खाते में तथा 10 हजार रूपये के उपहार एवं 6 हजार शादी समारोह के आयोजन के लिए दिया जा रहा है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारो की शादी कराया जा रहा है। जिसमे लड़के की उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने सामुहिक विवाह के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त करते हुए विवाहित नव दाम्पत्य जोड़ो को उनके विवाहित जीवन के लिए शुभकामनाए दी। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से बेटियों को बोझ समझने की जो एक मंशा या सोच रहती है, उन सभी कुरीतियों पर एक प्रहार है यह सामुहिक विवाह कार्यक्रम। मिल बाट कर एक सादगी से भरे इस कार्यक्रम में परिणय सुत्र मे बध जाये और दहेज प्रथा तथा बेटियों को बोझ समझने की सोच से उबरकर, हम आगे बढ सके तथा बेटियों को समाज में उनको उचित स्थान दे सके यही मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है। आभार मुख्य विकास अधिकारी ने व्यक्त किया किया।

## डीएम एवं एसपी ने शहर के मुख्य मार्गो व मुख्य चौराहों का भ्रमण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा प्रातः 05 बजे शहर के मुख्य चौराहों व मुख्य मार्गों का भ्रमण किया गया, जिलाधिकारी द्वारा फतेहगढ़ चौराहा से रोड़वेज बस स्टैंड,लालगेट चौराहा, चौक चौराहा, टाउन हॉल, रेलवे रोड पर, ठंडी सड़क मार्गो का भ्रमण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर के मुख्य चौराहों/तिराहों की सुबह सड़क खाली होने पर वीडियोग्राफी कराई जाये, बाजार खुलने के बाद भी सभी की वीडियोग्राफी कराई जाये, तत्पश्चात अतिक्रमण को चिन्हित कर रेड मार्किंग का कार्य कराया जाये, अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमणकारियो को नोटिस जारी किये जायें, अतिक्रमण हटाने के बाद भी वीडियोग्राफी कराई जाये, अतिक्रमण न हटाने पर संबंधित पर जुर्माना लगाया जाये और एफ0आई0आर0 कराई जाये इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व संवंधित थानों के थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## अंडा खाने के बाद दुकानदार ने मांगा पैसा, मनबढ़ ने पीटा

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के सेमरा चौराहे पर अंडा बेचने वाले एक दुकानदार को पैसा मांगने महंगा पड़ा। जब एक मनबढ़ और उसके स्वजन ने जातिसूचक गालिया देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी से सहजनवां थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी रंगलाल पुत्र कोदई बुधवार को शाम 6.30 बजे के करीब सेमरा चौराहे पर अंडा बेचता है। उसी दौरान एक मनबढ़ दुकान पर पहुंचा और अंडा खाने के बाद जाने लगा तो उसने मनबढ़ से अंडा का पैसा मांग लिया तो वह जातिसूचक गालिया देते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। कुछ देर के बाद आरोपी के स्वजन आए और उन लोगों ने मिलकर मारा पीटा। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उमेश कुमार था जिसको बदलकर उमेश भारती रख लिया है। अब मुझे उमेश भारती के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**उमेश भारती पुत्र सुद्धू राम**
**ग्राम- मंचोभा पोस्ट- ककरहटा**
**जिला-आजमगढ़**

# ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी : अंग्रेजी कौशल की पहचान और निपुणता के लिए एक विश्वसनीय विकल्प

अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी, एक अग्रणी अंग्रेजी भाषा स्तर परीक्षण, जिसे ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल ने डिज़ाइन किया है, छात्रों और विश्वविद्यालयों के लिए भाषा मूल्यांकन में नए मानक स्थापित कर रहा है। यह टूल, जिसे महामारी के दौरान पूरी तरह डिजिटल समाधान के रूप में लॉन्च किया गया था, संस्थानों को उम्मीदवारों की पढ़ने, सुनने, लिखने और बोलने की अंग्रेजी क्षमता का सटीक और भरोसेमंद आकलन करने में मदद करता है।

अब इसमें डिजिटल विकल्प (ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल) और परीक्षा केंद्र पर आधारित विकल्प (ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल) शामिल हैं। इसे 140 से अधिक शीर्ष विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिनमें यूके, यूएस, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं। ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ने अपने एआई-समर्थित प्लेटफॉर्म को अपग्रेड किया है, ताकि इसे और आसान, सुलभ और उपयोगी बनाया जा सके। इससे छात्रों को परीक्षा देने का बेहतर अनुभव मिल रहा है। एआई तकनीक के उपयोग से परिणाम तेज़, सुरक्षित और सटीक मिलते हैं, जो छात्रों और विश्वविद्यालयों की जरूरतों को पूरा करते हैं।ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी डिजिटल के जरिए उम्मीदवार किसी भी स्थान से पूरी तरह ऑनलाइन और मॉड्यूल आधारित इंग्लिश लैंग्वेज टेस्ट दे सकते हैं। यह एआई-समर्थित सुरक्षा और मानव प्रॉक्टरिंग के संयोजन के साथ परीक्षा की शुद्धता सुनिश्चित करता है। वहीं, ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी ग्लोबल स्वीकृत केंद्रों में व्यक्तिगत और भरोसेमंद मूल्यांकन प्रदान करता है, जिसमें अब भारत के छोटे शहरों (टीयर 2 और टीयर 3) को भी जोड़ा गया है, ताकि इंटरनेट की समस्या वाले छात्रों को सुविधा मिल सके।ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी को रसेल ग्रुप के संस्थानों सहित विश्व की प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से मान्यता प्राप्त है। यह 48 घंटों के भीतर सटीक और प्रमाणिक परिणाम की गारंटी देता है। सटीकता, मान्यता और तकनीकी नवाचार के साथ, ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी छात्रों को सशक्त बना रहा है और विश्वविद्यालयों को आत्मविश्वास के साथ उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने में मदद कर रहा है। ओआईडीआई साउथ एशिया के रीजनल डायरेक्टर श्री रत्नेश ने कहा, ÷हम ऑक्सफोर्ड ईएलएलटी के डिजिटल इनोवेशन और मानवीय सहयोग के इस अद्वितीय मिश्रण पर गर्व महसूस करते हैं। हमारा उद्देश्य एक ऐसा उच्च-गुणवत्ता और सुलभ टेस्टिंग सॉल्यूशन प्रदान करना है, जो छात्रों को अंग्रेजी भाषा में अपनी निपुणता दिखाने का आत्मविश्वास दे। इसके साथ ही, हम परिणामों की सटीकता सुनिश्चित करते हुए दुनियाभर की यूनिवर्सिटीज को उनकी जरूरतों के अनुसार सहयोग प्रदान करना चाहते हैं।÷

# फार्मर रजिस्ट्री के बिना नहीं मिल सकेगी किसान सम्मान निधि



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अगर आप ऐसे किसान हैं जो केंद्र की मोदी सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली किसान सम्मान निधि के लाभार्थी हैं तो आपको फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। उपरोक्त तथ्य से अवगत कराते हुए तहसीलदार जालौन श्रीष कुमार मिश्रा ने बताया है कि उन्हीं किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सकेगा जिनकी फार्मर रजिस्ट्री होगी। तहसील क्षेत्र के किसानों को आगाह करते हुए कहा है कि पहले फार्मर रजिस्ट्री कराएं इसके बाद किसानों को कृषि व राजस्व विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले शिविरों में पहुंचना होगा जहां लेखपाल द्वारा एप के जरिए उनकी जमीन का पूरा ब्योरा अपलोड कर सत्यापित किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसान के पास जिस किसी भी जनपद में जमीन होगी उसका डिजिटल ब्योरा अपलोड हो जाएगा। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी उनको किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। तहसीलदार ने कहा कि संबंधित किसान बेब पोर्टल http://upfr.Agristack.gov.in और मोबाइल एप farmer ragistry up पर आधार लिंक मोबाइल नंबर से अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ सुगमता से लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना किसानों के लिए आवश्यक है इसलिए किसान समय रहते अपनी अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा लें। क्षेत्र के खाद बिक्री केंद्रों पर योजना के कोऑर्डिनेटर संबंधित लेखपालों के साथ उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करेंगे इसलिए संबंधित किसान आधार कार्ड और जमीन से जुड़े प्रपत्र (खतौनी) साथ लेकर पहुंचें। उन्होंने कहा, चूंकि इन दिनों किसानों की मौजूदगी खाद बिक्री केंद्रों पर अधिक हो रही है इसलिए पहले यहीं पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो जाएगी।

## सरस्वती शिशु मन्दिर में कला प्रतियोगिता सम्पन्न



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** गल्ला मंडी स्थित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर मे नगर की जानी मानी संस्था सरस आर्ट ग्रुप द्वारा कला प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गयी। विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा तिवारी के निर्देशन मे कक्षा प्रथम से तृतीय एबं चतुर्थ पंचम के समस्त छात्र-छात्राओ की कला प्रतियोगिता कराई गयी। तदुपरान्त विजय चयनित छात्र छात्राओ को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। कक्षा प्रथम से तृतीय तक चयनित छात्र छात्राओ मे निधि कुमारी यशिका कुशवाहा आशी रावत अंशिका कुशवाहा निखिल चतुर्वेदी एबं चतुर्थ पंचम मे तेजस्वी सोनी हरित चौरसिया शिवांशिका राजा राधिका कुमारी रिद्धि अग्रवाल चयनित हुयीं। इस अबसर पर समाजसेवी आनन्द पाण्डेय सरस् आर्ट ग्रुप के ऑनर संजीव सोनी सरस् पंकजचरण बाजपेई प्रभारी नरेन्द सिंह आनन्द भरजद्वाज धीरेन्द्र सिंह वेदप्रकाश निरंजन अंजना चाचोदिया, विवेक तिवारी, साधना चतुर्वेदी दीक्षा सोनम दीक्षित मीनू शर्मा सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहाअंत मे सभी का आभार नरेंद्र सिंह ने व्यक्त किया।

# सीएम ने फिर चेताया, बांटने वाले काटने और कटवाने का कर रहे इंतजाम

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पहले बाबर के सिपहसालार ने अयोध्या, संभल में जो कृत्य किया था और जो काम आज बांग्लादेश में हो रहा है, तीनों की प्रकृति-डीएनए एक जैसा है। कोई मानता है कि यह बांग्लादेश में हो रहा है तो गलतफहमी में न रहे। यहां भी बांटने वाले तत्व पहले से खड़े हैं। वे सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न और सामाजिक एकता को तोड़कर, आपको बांटकर फिर काटने व कटवाने का इंतजाम भी कर रहे हैं। बांटने वाले बहुत सारे लोग ऐसे हैं, जिन्होंने दुनिया के कई देशों में प्रॉपर्टी खरीद रखी है। यहां संकट आएगा तो वे वहां भाग जाएंगे और मरने वाले मरते रहेंगे, लेकिन हम प्रभु के आदर्शों से प्रेरणा लेकर उसके अनुरूप खुद को तैयार करते हुए पीएम मोदी के %एक भारत-श्रेष्ठ भारत% के निर्माण में योगदान देंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामायण मेला समिति द्वारा आयोजित 43वें रामायण मेला का गुरुवार को रामकथा पार्क में शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम ने पुस्तिका का विमोचन भी किया। सीएम ने रामायण मेला समिति को आश्वस्त किया कि अयोध्या में कुछ नया लेकर आइए, सरकार सदा आपके साथ है। उन्होंने रामायण पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या धाम को पुरातन गौरव प्राप्त हो। इसके लिए सरकार नित कार्य कर रही है। हमने जोड़ने को महत्व दिया होता तो तोड़ने वालों की रणनीति सफल नहीं होती सीएम योगी ने कहा कि भगवान राम ने पूरे भारत व समाज को जोड़ने का कार्य किया। जोड़ने के कार्य को हमने महत्व दिया होता और सामाजिक विद्वेष-समाज को तोड़ने की दुश्मनों की रणनीति को सफल नहीं होने देते तो देश कभी गुलाम नहीं होता और न ही तीर्थ अपवित्र होते। मुट्ठी भर आक्रांताओं को भारत के वीर योद्धा रौंद डालते, लेकिन आपसी एकता में बाधा पैदा करने वाले सफल रहे। उन्हीं के जींस आज भी जाति के नाम पर राजनीति करने वाले सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। दुनिया के लिए मार्गदर्शक है अयोध्या सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या ने हजारों वर्षों से विश्व कल्याण की मानवता का मार्ग प्रशस्त किया है। अयोध्या दुनिया के लिए मार्गदर्शक है। यहां कोई युद्ध करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। राग-द्वेष से मुक्त अयोध्या दुनिया में चल रहे द्वंद्व के समाधान की भूमि है। प्रभु कृपा से अयोध्या धाम आज आध्यात्मिक व सांस्कृतिक रूप से वैश्विक नगरी के रूप में फिर से नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। जनवरी में पीएम नरेंद्र मोदी के करकमलों से 500 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद प्रभु फिर से राम मंदिर में विराजमान हुए हैं। 22 जनवरी को आयोजन अयोध्या में था, लेकिन उत्सव पूरा देश-दुनिया में मनाया जा रहा था। जिनके मन में श्रीराम व मां जानकी के प्रति श्रद्धा का भाव नहीं, उसे त्याग देना चाहिए सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम के प्रति भारत का भाव क्या है, इसका अनुभव करना हो तो गांव-गांव में संत तुलसीदास द्वारा प्रारंभ किए गए रामलीलाओं का आयोजन देखिए। प्रभु राम के प्रति सनातन धर्मावलंबियों के भाव का अनुभव करना है तो 1990 के दशक को याद कीजिए, जब हर घर में टीवी नहीं थी, लेकिन लोग सूदूर जाकर दूरदर्शन पर रामायण सीरियल देखते थे। यह प्रभु राम के प्रति भारत की सनातन श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिसके मन में श्रीराम व मां जानकी के प्रति श्रद्धा व समर्पण का भाव नहीं हैं, उसे कट्टर दुश्मन की तरह त्याग देना चाहिए। 1990 में रामभक्तों ने भी नारा लगाया था, जो राम का नहीं-वो किसी काम का नहीं। लोहिया जी कहते थे-जब तक श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव के प्रति आस्था रहेगी, भारत का कोई बालबांका नहीं कर पाएगा सीएम योगी ने कहा कि यह रामायण मेला 1982 में प्रारंभ हुआ। इससे पहले समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अलग-अलग क्षेत्रों में रामायण मेला, रामायण उत्सव के कार्यक्रम प्रारंभ कराए। उनसे एक पत्रकार ने पूछा कि इतनी विषमता के बावजूद भारत एक कैसे है, तब उन्होंने कहा कि मैं मंदिर नहीं जाता, लेकिन दृढ़ विश्वास है कि जब तक भारत की आस्था तीन आराध्य देव (श्रीराम, श्रीकृष्ण व भगवान शिव) के प्रति बनी रहेगी, तब तक इसका कोई बालबांका नहीं कर पाएगा। इसकी एकता-अखंडता को कोई चुनौती नहीं दे पाएगा। भारत-भारत बना रहेगा। उन्होंने अपने उदाहरण से बताया कि आर्यवत की सीमा सीमित थी, लेकिन हजारों वर्ष पहले हमारे आराध्य श्रीराम ने इसे विस्तार दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने पूरब को पश्चिम से जोड़ने का कार्य किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 181 जोड़ें विवाह बंधन में बंधे

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या-सोहावलः** सोहावल विकास खंड परिसर में बृहस्पतिवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 181 जोड़ें विवाह बंधन में बंधे। इस सामूहिक विवाह रश्म में दस मुस्लिम महिलाओं का निकाह भी संपन्न कराया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने नव दंपतियों के जीवन की मंगल कामना करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि सभी विकास खंडों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है और इस जिले में सबसे ज्यादा सामूहिक विवाह का आयोजन सोहावल में हुआ है।कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी पंकज मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विधायक के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख अनिल




प्रियदर्शी, प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान, एडीओ एसटी मनोज तिवारी, समाज कल्याण अधिकारी शशांक चतुर्वेदी, प्रधान संघ अध्यक्ष अनुराग सिंह, नीरज कनौजिया, दुर्गा प्रसाद निषाद, नदीम मलिक और सभासद आशीष श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे और उन्होंने दोनों पक्षों से यजमान की भूमिका निभाई। हिंदू समाज से जुड़े जोड़ो ने अग्नि को साक्षी मान फेरे लिए, जबकि मुस्लिम समाज के दस जोड़ो का निकाह मौलवी द्वारा पढ़ाया गया। इस दौरान हाजीपुर बरसेंडी निवासी दिव्यांग राजू और ज्योति भी परिणय सूत्र में बंधे।नगर पंचायत खैरौनी के भाजपा सभासद आशीष श्रीवास्तव ने नव दंपतियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शादी के जोड़ों को घरेलू सामान जैसे ट्रेवलर अटैची, कंबल, वस्त्र, पांच आभूषण, और शादी का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

विधायक और अतिथियों ने नव दंपतियों पर पुष्प वर्षा करते हुए उन्हें सफल जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बीडीओ सोहावल अनुपम वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अनिल सिंह, वीडीओ इच्छाराम प्रियदर्शी और क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके साथ ही, मां शारदा परिवार के प्रबंधक जेपी पांडेय ने नव दंपतियों को निःशुल्क मैहर माता दर्शन कराए जाने की घोषणा की।

# मुख्यमंत्री ने रामलला के दरबार में नवाया शीश, हनुमानगढ़ी में टेका मत्था



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। राम कथा पार्क हेलीपैड से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे? रामकथा पार्क पहुंचे, यहां उन्होंने 43वें रामायण मेले का उद्घाटन किया।मुख्यमंत्री यहां से हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां संकटमोचन हनुमानजी के दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इसके बाद मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामलला के दर्शन-पूजन कर देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पहले मुख्यमंत्री 20 नवम्बर को सुग्रीव किला द्वार के लोकार्पण एवं संत सम्मेलन के कार्यक्रम में अयोध्या आए थे। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां हो रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

# दुर्घटना पीड़ित का जीवन बचाना सबसे बड़ा मानव धर्मः आरटीओ

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** डीटीटी आई अयोध्या में आरटीओ प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह के नेतृत्व में परिवहन विभाग के अधिकारियों एआरटीओ प्रेम सिंह द्वारा व्यावसायिक वाहन के चालको, स्कूल वाहन चालकों एवं रोडवेज के चालकों आदि का वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत आज ड्राइविंग ट्रैक पर सभी चालकों से एक-एक कर वाहन चलवाकर प्रैक्टिकल हेर्मो चालन कराया गया। इसमें एच आकार की पार्किंग, येडियंट (चढ़ाई व दलाल), पैररल पार्किंग, 8 आकार में ड्राइविंग आदि ट्रैक प सेंशर कि सहायता से अधिकारियों की मौजूदगी में कराया गया एवं चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग का पाठ पढ़ाया गया।



आरटीओ प्रशासन द्वारा बताया गया कि वाहन चलाने से पहले टायर में हवा, वाईपर, ब्रेक, कलच, बैक लाइट, हेड लाइट, फाग लाइट, वाहन के प्रपत्र रुकी स्थिति में ही जाँचने के उपरान्त ही वाहन को सड़क पर लाना चाहिए। विद्यार्थियों को सड़क पर यहाँ-वहाँ चढाना-उतारना नहीं चाहिए। दुर्घटना की स्थिति में घायलों को प्राथमिक उपचार दें, आस-पास भीड न जमने दे एवं इमरजेन्सी सहायता को लिए काल करें। घायल की सहायता करने पर सरकार द्वारा गुड समैरिटन (नेक व्यक्ति) को पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाती है।एआरटीओ प्रेम सिंह द्वारा वाहन की तकनीकि खामियों को पहचानने व वाहन की फिटनेस हेतु आवश्यक प्रक्रिया के बारे में बताया गया। टेस्ट के दौरान चालकों की कमियों को दूर करने के विस्तार से उपाय बताए गये और बताया गया कि तनाव में गाड़ी न चलाएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोडवेज चालक, ट्रक चालक, समबीम स्कूल अयोध्या, उदया पब्लिक स्कूल अयोध्या, टैम्पो चालक आदि उपस्थित रहे, जिसमें आरटीओ ने यातायात संकेतों आदि के संबंध में प्रश्न भी पूछे व शंकाओं का समाधान किया। अयोध्या मण्डल, देवी-पाटन गोण्डा मण्डल व बस्ती मण्डल के सभी व्यावसायिक वाहन चालकों से अपील है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर सड़क सुरक्षा में अपना योगदान दें।

# अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ में विश्व भर के कलाकार पहुंचेंगे अयोध्या तैयारियां जोरों पर

**अयोध्या।** राम विवाह के पूर्व संध्या पर सागर कला भवन अयोध्या में अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ की प्रथम बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से भारतीय नव वर्ष के अवसर पर अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ पांच दिवसीय 30 मार्च से 3 अप्रैल 2025 तक आयोजित करने का प्रस्ताव पारित हुआ है। बैठक में कार्यक्रम स्थल, आयोजन समिति, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यय बजट पर विशेष चर्चा होने के बाद निर्धारण प्रस्ताव पारित किया गया।आध्यात्मिक नगरी अयोध्या आज जहां विश्व भर में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर को लेकर चर्चित है वहीं अब दूसरी बार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय हजारों कलाकारों, साहित्यकारों, कवियों, पर्यटकों, समाजसेवियों और पर्यावरणीय विशेषज्ञों का महाकुम्भ श्री अयोध्या में कई संस्थाओं एवं जिला प्रशासन अयोध्या के सहयोग से भारतीय नव वर्ष 2025 में 30 मार्च से आयोजित होगा।उक्त बातें बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष एस. बी. सागर प्रजापति ने कहते हुए बताया कि स्वदेश संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ के माध्यम से संपूर्ण भारत को अयोध्या की कला, संस्कृति, पर्यटन से जोड़ने के उद्देश्य से इस महाकुम्भ का भव्य आयोजन किया जाएगा।यह महाकुम्भ कला, क्रॉफ्ट, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य, शिक्षा एवं जनसेवा को समर्पित होगा जिसमें सम्पूर्ण भारत देश व विदेशों से भी विविध विधाओं के कलाकार, कवि, साहित्यकार, पर्यटक दर्शक, समाजसेवी, सांस्कृतिक व अन्य कई क्षेत्रों के हजारों लोगों का आगमन होगा जिससे अयोध्या की कला, संस्कृति, पर्यटन, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान आदि को बढ़ावा मिलेगा जिससे निश्चित रूप से इन क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा और देश विदेश में अयोध्या की एक सुन्दर छवि प्रस्तुत करते हुए एक नया इतिहास रचा जा सके। वहीं इस महाकुम्भ आयोजन के निदेशक अम्बरीष चंद्र पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या शैली में अपनी कला का जलवा बिखेरने और पहचान बनाकर सम्मानित होकर एक नया इतिहास बनाने सुनहरा अवसर अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ में मिलेगा।

# वाहन चेकिंग के दौरान वन विभाग ने ट्रक को रोकने पर ट्रक ड्राइवर फरार

अवधनामा संवाददाता

**जैदपुर बाराबंकी।** वन दरोगा के द्वारा मुखबिर की सूचना पर वाहन चेक करने के दौरान चालक ने गाली ग्लौज कर की दादागिरी जिसकी शिकायत जैदपुर थाने में करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वन दरोगा सचिन ने जैदपुर पुलिस से शिकायत करते हुये बताया कि रात्री 3/4/12/24 को कार्यक्षेत्र में गस्त के दौरान मुखबिर खास से समय लगभग 12.05 पर सूचना मिली की हैदरगढ़ रोड से एक वाहन यूपी 43बीटी 4756 पर लकड़ी का कोयला लदा ट्रक आ रहा है सूचना को सत्य मानते हुए तत्काल वन नियन्त्रण सैल बाराबंकी को सूचना दी गई। जिसमे अनुज कुमार वन दरोगा से फोन पर हरख पुलिस चौकी बूथ पर मिलना तय हुआ। हम दोनो लोग समय से लगभग 12.32 मिनट पर तय स्थल पर बवर्दी पहुँच गए व हैदरगढ़ की ओर से आने वाले ट्रकों की जाँच शुरू कर दी कुछ ट्रकों की जांच के उपरान्त मुखबिर द्वारा बताया गया ट्रक नं0 आते हुए दिखा जिसे टार्च की रोशनी एंव आवाज, हाथो से इशारा कर रोकने की कोशिश की गयी हम लोगो को देख ट्रक ड्राइवर ने गाड़ी की स्पीट बढ़ा दी और भागने लगा तत्काल हम लोग ने अपने निजी वाहन से उसका पीछा किया तो गाडी लहराकर टक्कर मारने का प्रयास करने लगा जिससे हमारा एक्सीडेन्ट हो जाए व गाली देते हुए कहा कि आ जाओ सालो सभी को स्वर्ग पहुंचाएगे तब हरख बाजार के पास सामने गाड़ी को ओवर टेक कर बड़ी मुश्किल से रोका गया रोकते ही ट्रक ड्राइवर द्वारा गाड़ी से ही माँ बहन की गाली देने लगा नीचे उतारकर जान से मारने हेतु राड लेकर हमारी ओर बढ़ गया हम लोगो द्वारा उससे शांत रहने को कहा गया व गाड़ी चेक कराने को कहा तो उसके द्वारा नशे की हालत में हाथा पायी शुरु कर दी गयी तथा कहने लगा हम कुछ नहीं दिखाएगे व वर्दी फाड़ने का प्रयास करने लगा कहने लगा तुम लोग कौन होते हो हमारी चेक करने वाले हमारी गाड़ी तो डीएमसीपी नहीं रोक पाते है उनके मुह से शराब की दुर्गान्ध आ रही थी निश्चित रूप से नशे में धुत था जब ट्रक रोककर जाँच किया गया तो ट्रक में अवैध कोयला की दुलान पाया गया जिसके सापेक्ष में कागजात मांगे गये तो ड्राइवर द्वारा कोई वैध कागजात नही दिखाए गये जो कोयला धुलाई वन अपराध में आता है जिस कारण ट्रक को रेन्ज परिसर में लाकर खड़ा किया।

गया पूछे जाने पर इन्होने अपना नाम जीतेन्द्र बताया है वहीं जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## मैरेज हाल के सामने खड़ी बाइक हुई चोरी

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे में स्थित बिन्दा मैरेज हॉल के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। चोरी मामले को लेकर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पूरे परिवार के साथ ठूठीबारी शादी में आए थे और अपनी स्प्लेंडर बाइक मैरेज हाल के सामने खड़ी कर शादी में सम्मिलित होने चले गए। वापस आने पर बाइक अपने स्थान से गायब मिली, काफी खोजबीन करने के बाद भी उक्त बाइक का पता नहीं चल सका। जिसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने विकास भवन के कार्यालायों का किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमें विभिन्न अव्यवस्थाएं पायी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग कार्यालय, उद्यान विभाग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायती राज कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कर्मचरियों की उपस्थिति सहित अभिलेखों का रख रखाव तथा साफ-सफाई व्यवस्था आदि को देखा। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के 04 फार्मो मे औसत से कम उपज होने पर जिलाधिकारी ने लिपिक एवं फार्म इंचार्ज का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने पेंशन के लंबित प्रकरणों को निस्तारण करने तथा आधार सीडिंग कार्य को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने कार्यालयों एक-एक पटल बढ़ाकर हेल्पलाइन नं0 जारी करें जिससे कि लोगों की शिकायत एवं समस्याओं का घर बैठे समाधान हो सके। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अभिलेखों का रख रखाव ठीक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये अभिलेखों का रख रखाव ठीक ढंग से करने के निर्देश दिये। कर्मचारियों द्वारा जगह की समस्या बताए जाने पर जिलाधिकारी ने एक अन्य कक्ष उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि विकास भवन के सौन्दर्यकरण हेतु पौधो तथा गमलो आदि का प्रबन्ध किया जाए।

# इब्राहिमाबाद का 133 वां धनुष यज्ञ मेला 12 दिसंबर को

**कोठी बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के दुराजपुर मजरे इब्राहिमाबाद स्थित प्राचीन शिव मंदिर से सटा बाजार परिसर में 133 वां विशाल धनुष यज्ञ मेले आयोजन 12 दिसंबर को होना है। गुरुवार को मेला कमेटी के सदस्य संजय कुमार अवस्थी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विगत 133 सालों से दुराजपुर की प्राचीन बाजार परिसर में मेले का आयोजन होता है। यहां दिन में पालकी सवार भगवान श्रीराम लक्ष्मण को कहार कंधों पर उठाकर कैथाना मोहल्ला, दुराजपुर व इब्राहिमाबाद में यात्रा निकालते हैं। पालकी सवार भगवान की भक्त पूजा करते हैं। यही पालकी घूमकर बाजार परिसर पहुंचती है। यहां ताड़का वध, सीता स्वयंवर व परशुराम संवाद का नाट्य मंचन होता है। फिर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता की आरती उतारने के बाद देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है।

# भोजपुरी नाइट में रितेश व निशा के गीतों पर जमकर थिरके दर्शक



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव में बुधवार की देर शाम आयोजित भोजपुरी नाइट गायक रितेश पांडेय व निशा उपाध्याय के नाम रही। इस दौरान देर रात तक दर्शक उनके गीतों पर जमकर थिरके। वहीं दोनों की धमाकेदार प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ ने पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी सहित एसडीएम रामनगर पवन कुमार और एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीती सिंह ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व रितेश व निशा ने भगवान लोधेश्वर की विधवत पूजन अर्जन कर जिसके बाद सुरमयी रात की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के दोनों मुख्य कलाकारों की धमाकेदार प्रस्तुतियों के शुरू होने से पहले ही समूचा सांस्कृतिक पंडाल हजारों की संख्या में दशकों से भर गया। लोगों ने कुर्सियां के ऊपर खड़े होकर दोनों कलाकारों का जोरदार अभिवादन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्रुप के साथी कलाकार ने गणेश वंदना, कहे गौरा रानी जुग जुग जिओ मेरे लाल, की प्रस्तुति देकर लोगों खूब झुमाया। जिसके बाद शुरू हुई सुरों की रात में भोजपुरी गायक रितेश पांडेय ने माता के भजन, विश्वास करा तू मैया पै, वही पार लगाहिया नइया कै...फिर ? नमः शिवायः की ध्वनि गाकर पूरा सांस्कृतिक पंडाल भक्तिमय कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उनके साथ ? नमः शिवायः का मन ही मन उच्चारण किया। फिर गोरी तोरी लाल-लाल रे, आदि गाकर समा बांध दिया। इसके बाद भोजपुरी गायिका निशा उपाध्याय ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत प्रभु आप की कृपा से सब काम हो रहा है, इसके बाद, हे दुःख भंजन, भजन के बाद एक से बढ़कर एक भोजपुरी और बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। भोजपुरी नाइट में धमाकेदार प्रस्तुति देने वाले त्रिदेव ग्रुप का नेतृत्व निदेशक अमित तिवारी द्वारा किया गया। इस मौके पर निवर्तमान विधायक शरद अवस्थी, उपजिलाधिकारी रामनगर पवन कुमार, उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीती सिंह, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, सीओ रामनगर सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं मंच का संचालन पाठक द्वारा किया गया।

# डेढ़ लाख रुपए कीमत का 27.19 किलोग्राम पोस्ता छिलका बरामद




**कोठी बाराबंकी।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का 27 किलो 19 ग्राम पोस्ता छिलका समेत डिजायर कार बरामद की है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर जेल भेजा है। इंस्पेक्टर कोठी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार भोर हलका दरोगा सरफराज अहमद व दरोगा विशेष कुमार कुरील गश्त पर थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार डिजायर कार को रोकने की कोशिश की। चालक रोकने बजाए हिम्मतपुर नहर पुलिया की ओर भाग निकला। जिसका पीछा करते हुए सुहावां गांव के पास कार सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता अरूण कुमार पुत्र रामेश्वर यादव निवासी बडी घुसवल कला सुशान्त गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ व तुलसीराम उर्फ नन्द कुमार पुत्र मायाराम रावत निवासी करीमाबाद मलौली थाना सतरिख होना बताया। उनके कब्जे से 27 किलो 19 ग्राम पोस्ता छिलका व घटना में प्रयुक्त डिजायर कार यूपी 32 एलएन 6555 बरामद है।दोनों विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज जेल भेजा गया है। पुलिस मुताबिक बरामद छिलका की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपया है।

## रैन बसेरे का निरीक्षण कर यात्रियों से जाना हाल

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भोर में किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा तड़के सुबह शहर की सड़कों पर उतरे और विभिन्न इलाकों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था सहित ठंड के दृष्टिगत नगर पालिका और प्रशासन द्वारा किए गए इंतजामों को भी देखा। जिलाधिकारी रैन बसेरा प्रथम का निरीक्षण किया और यात्रियों का हाल जाना। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति बाहर न रहे। रैन बसेरा में आवश्यकतानुसार बिस्तर और कंबल की संख्या बढ़ाएं। जो भी यात्री आ रहे हैं, उनका विवरण रखते हुए सत्यापन अवश्य करें। ठंड बढ़ने के दृष्टिगत अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। दोनो अधिकारियों ने आमजन से भी बात किया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को निर्देशित किया कि मैरेज हालों, विवाह समारोहों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर डीजे और लाउड स्पीकर चलाए जाने के संदर्भ में उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को नियमित गश्त करने। ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने और सड़क पर स्टंट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर रमेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## दस बड़े बकाएदार से संतोषजनक वसूली न पाए जाने पर संबंधित अमीन को लगाई कड़ी फटकार



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र में उप जिलाधिकारी डॉ0 संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में वसूली कार्य की समीक्षा नायब तहसीलदार महबूब आलम की उपस्थिति में की गई। समीक्षा के दौरान 10 बड़े बाकीदार से संतोष जनक वसूली न पाए जाने पर संबंधित अमीन को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया गया कि प्रत्येक मद के बड़े बकायेदार की पत्रावली तैयार करें साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि अगले दाखिला पर जिस अमीन की वसूली कम होगी उन के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। 10 बड़े बकाएदारों की सूची में आशुतोष कुमार जो 311000 - 00 के बकाएदार थे को नायब तहसीलदार तथा शहरयार अमीन के द्वारा पकड़कर तहसील लाया गया बकाएदार आशुतोष श्रीवास्तव के भाई संतोष श्रीवास्तव द्वारा 100000 जमा करने एवं 14 दिसंबर 2024 तक संपूर्ण बकाया धनराशि को जमा करने हेतु लिखित रूप से दिए जाने पर बकाएदार आशुतोष श्रीवास्तव छोड़ दिया गया।

## सपा विधायक सैय्यदा खातून की अध्यक्षता में आयोजित हुई मासिक बैठक



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी सेक्टर व बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून ने कहा वोटर लिस्ट में नाम बढ़वाने का काम चल रहा है सभी अध्यक्षो को वोटर लिस्ट दी गई है। अपने बूथो को देखकर जिसका नाम नही है उन लोगों का नाम जुड़वाने का काम करें एवं पार्टियों की नीतियों को जन जन तक पहुचाने का काम करें जिससे 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बन सके। बैठक के दौरान घिसियावन यादव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, बहरैची प्रेमी, मारूफ मलिक, पप्पू मलिक, इरफान मिर्जा, पप्पू सिद्दीकी, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, बाल कृष्ण ओझा, नौशाद मलिक विधानसभा अध्यक्ष सहित भारी संख्या में सेक्टर एवं बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर ध्वनि विसतारक यंत्रो को नियंत्रित करने के लिये चलाया अभियान

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों और लाउडस्पीकरों के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए जिले में एक विशेष अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने भोर में स्वयं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ, क्षेत्राधिकारी नगर व पुलिस बल के साथ विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर व मस्जिद पर लगे तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्र/लाउडस्पीकर के विरुद्ध चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अकबरपुर के विभिन्न क्षेत्रों यथाङ्कगांधीनगर, मीरानपुर, अब्दुल्लापुर, शहजादपुर आदि का भ्रमण कर लाउडस्पीकरों को चेक किया गया और सभी धार्मिक स्थलों पर यह सुनिश्चित किया गया कि ध्वनि का स्तर तय मानकों के अनुरूप हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने शहजादपुर मंडी में साफ सफाई व्यवस्था एवं स्थिति का भी जायजा लिया गया तथा संपूर्ण शहर में नियमित बेहतर साफ सुनिश्चित रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी के क्रम में जिले के सभी थानों के प्रभारी और राजपत्रित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में इस अभियान को अंजाम दिया। अभियान के तहत धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों और संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि कहीं भी मानकों का उल्लंघन न हो।

## पशुओं के टीकाकरण का विशेष ध्यान दें : डॉ. तिवारी

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार व समय-समय पर टीकाकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए तभी हमारे पशु स्वस्थ एवं निरोग रहेंगे। उक्त बातें मुख्य चिकित्सा पशु अधिकारी डॉक्टर एस के तिवारी ने कहा। बुधवार को जलालपुर ब्लॉक के गांव अशरफपुर मजगवां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर 256 पशुओं का इलाज करते हुए दवा वितरण किया गया। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि व ग्राम प्रधान विमला द्वारा गोपूजन एवं माल्यार्पण के साथ किया। मेले का संचालन उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस के तिवारी ने किया। मौजूद पशुपालकों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के तिवारी ने बताया कि पशुओं की समय-समय पर देखभाल करते हुए टीकाकरण आदि करना चाहिए जिससे पशुओं में गंभीर बीमारी पनपने ना पाए और पशुओं को पौष्टिक आहार व चारा भी उपलब्ध करना चाहिए जिससे पशु स्वस्थ बने रहे। किसी बीमारी का लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सकों से संपर्क कर इलाज करवाना चाहिए। चिकित्सा अधिकारी मालीपुर डा धर्मेन्द्र यादव ने भी पशुओं में होने वाले रोगों तथा उपचारों के बारे में विधिवत ढंग से बताया। इस मेले में 105 पशुपालकों ने भाग लिया तथा 256 पशुओं का इलाज कर दवा वितरण किया गया। इस मेले में राजकीय पशु चिकित्सालय जलालपुर के फार्मासिस्ट जैसराज, पशु प्रसार अधिकारी कर्बला कासिमपुर मुन्नालाल सोनकर, पशुधन प्रसार अधिकारी मोइनुद्दीनपुर अखंड ज्योत मिश्र, रामगोपाल, हरि ओम, संदीप, ऋषिकेश, विशाल चौहान, विजय बहादुर, सौरभ सिंह, विपिन पांडे, सचिन यादव समेत तमाम पशुपालक मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने टांडा तहसील के विभिन्न पटलों का किया आकस्मिक निरीक्षण, दिये निर्देश

दानिश मेहदी



**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री द्वारा जन सामान्य की समस्याओं एवम् राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा के दौरान दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह तहसील टांडा के विभिन्न पटलों का किया औचक निरीक्षण। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी टांडा के साथ ही तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों के न्यायालयों पर 5 वर्षों से अधिक, 3 वर्षों से 5 वर्ष, 1 वर्ष 3 वर्ष तथा 6 माह से 1 वर्ष अवधि से लंबित वादों के निस्तारण स्थिति का अलग अलग का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने सर्वाधिक अवधि से लंबित तीन वादों की पत्रावलियों का विस्तृत अवलोकन किया तथा उनके निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सर्वाधिक लंबित वादों से संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तथा उप जिलाधिकारी सहित तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को अपनेङ्कअपने न्यायालयों में लंबित वादों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 5 वर्ष तथा 3 वर्ष से अधिक पुराने वादों का अभियान चलाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए शासन की मंशानुसार त्वरित निस्तारण करते हुए उन्हें लाभान्वित करें। सभी अधिकारी/कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित रहकर जनहित कार्यों को निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि जनहितार्थ के कार्यों में किसी भी दशा में हीला-हवाली ना करें, शिथिलता व लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने वरासत, नामांतरण, बटवारा, सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण एवं पैमाइश आदि से जुड़े मामलों को नियमानुसार तय समय सीमा के भीतर निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जनता दर्शन पंजिका में अंकित प्रकरणों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया तथा उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को शिकायतकर्ताओं से स्वयं भी फोन से फीडबैक लेने तथा रैंडम भौतिक निरीक्षण करके निस्तारण की गुणवत्ता को देखने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त कार्मिकों को अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करने तथा समस्त पत्रावलियों का रखरखाव बेहतर ढंग से करने के साथ ही संपूर्ण परिसर में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा डॉ शशि शेखर सिंह सहित समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

# साढ़े तीन लाख उपभोक्ताओं पर छह अरब का बिजली बिल बकाया

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का लाभ जनपद के तीन लाख 49 हजार 528 उपभोक्ताओं को मिल सकेगा। इन उपभोक्ताओं पर छह अरब 84 करोड़ रुपये का बकाया है। ये ऐसे उपभोक्ता हैं जिन पर पांच हजार रुपये से अधिक का बिजली का बिल बकाया है। इन्हीं उपभोक्ताओं को योजना के तहत बिल पर लगने वाले ब्याज में छूट मिल सकेगी।पहले चरण में एक किलोवाट के एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा। जनपद के आखिरी छोर तक 42 उपकेंद्रों के माध्यम से बिजली विभाग आपूर्ति पहुंच रहा है। वर्तमान में इन बिजली घरों पर चार लाख 30 हजार से अधिक उपभोक्ता पंजीकृत हैं। इनमें से एक लाख ही उपभोक्ता नियमित बिजली का बिल जमा कर रहे हैं। तीन लाख 49 हजार 528 उपभोक्ता हैं जो अपना नियमित बिजली का बिल नहीं जमा कर रहे हैं। इनके ऊपर पांच हजार या इससे अधिक का बिजली बिल बकाया है। एक किलोवाट भार के एक लाख से अधिक उपभोक्ताओं के ऊपर 21 करोड़ 99 लाख रुपये का बिजली बिल लंबित है। पंजीयन कराने पर योजना का लाभ पा सकेंगे। इसके अलावा दो किलोवाट भार वाले 30 हजार से अधिक उपभोक्ता एक अरब 71 करोड़ रुपये का बिल दबाए बैठे हैं। अस्पताल समेत अन्य निजी संस्थाओं पर 14 करोड़ रुपये की बकायेदारी है। व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर सबसे अधिक चार अरब 77 करोड़ रुपये की बकायेदारी है। अधिशासी अभियंता आलापुर एके यादव ने बुधवार को बिजली घर पर उपभोक्ताओं के साथ बैठक की। सभी को ओटीएस में पंजीयन कराकर लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। प्रभारी अधीक्षण अभियंता संजय कुमार ने बताया कि पहले चरण में 15 से 31 दिसंबर तक एक किलोवाट भार वाले ऐसे उपभोक्ता जिनपर पांच हजार रुपये से अधिक की बकायेदारी है, वे योजना के तहत पंजीयन कराकर लाभ उठा सकते हैं।

## बस्ती में कांग्रेस का प्रदर्शन

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** संभल हिंसा से पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाने जा रहे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी को गाजीपुर बॉर्डर पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स लगाकर जबरिया रोके जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बीडीए परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' की अगुवाई में इकट्ठा हुये पार्टी नेताओं ने मामले को नेता प्रतिपक्ष के अधिकारों का हनन करार देते हुये योगी सरकार पर संभल हिंसा के पीछे का सच छिपाने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अकेले बगैर किसी को साथ लिये पुलिस की गाड़ी में बैठकर संभल जाने को तैयार थे लेकिन सरकार के इशारे पर कानून व्यवस्था को लगातार कमजोर कर रही पुलिस को ये भी मंजूर नही था। इसका सीधा मतलब है कि संभल का सच सामने आने से रोका जा रहा है। निश्चित रूप से नेता प्रतिपक्ष संभल जायेंगे और हिंसा के पीछे का सच देशवासियों के सामने आयेगा।

## पार्टी के पदाधिकारी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करे : लालजी यादव



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी बांसी विधानसभा क्षेत्र की मासिक बैठक बृहस्पतिवार को नगर कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक व सपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव व घर घर जाकर पार्टी की नीतियों व रीतियों को बताए और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराए। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मोनू दूबे ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार जनविरोधी है यह सिर्फ समाज को बांटकर सत्ता पर काबिज रहना चाहती है। हमें इनके मंसूबे में कामयाब नहीं होने देना है। नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि भाजपा की सरकार देश में नफरत फैलाने का काम कर रही। हालत यह है कि देश का गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान सहित समाज का हर वर्ग परेशान है । पूर्व नपा अध्यक्ष मो इदरीश पटवारी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकजुट होकर पार्टी व संगठन को मजबूत करने का काम करे। बैठक को कृष्ण कुमार त्रिपाठी, राजेश पासवान आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कपिलदेव, सभासद शाकिर अली, अरुण गुप्ता, रिजवान अहमद सब्बू, महताब आलम, राधेश्याम जायसवाल आदि मौजूद थे।

## बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को सौपा ज्ञापन



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और उनके पूजास्थलों की मूर्तियों को तोड़ने, अपमानित करने के विरोध में बार एसोसिएशन अध्यक्ष आदित्य प्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में बृहस्पतिवार को अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रदीप कुमार यादव को सौंपा है। अध्यक्ष आदित्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि हम सब इस जघन्य कृत्य की निंदा करते हैं और सरकार से मांग करते है वह इस प्रकरण में विरोध दर्ज कराए और हिंदुओं का उत्पीड़न बंद कराने की पहल करे। ज्ञापन सौंपने वालों में भृगु नारायन मिश्र, दयाशंकर पांडे, कमला धर, रामकृपाल मौर्य, ओम प्रकाश धर दुबे, मनोज मिश्रा, सर्वजीत मिश्र, सत्यनारायण लाल, बदरे आलम, निजामुद्दीन, अवधेश, अजय कुमार पांडे, अशोक पांडे, शेषदत्त पांडे, श्रवण कुमार पांडे, इमरान, विजय कुमार त्रिपाठी सहित तमाम अधिवक्ता शामिल थे।

## अटेवियन देंगे डॉक्टर रामाशीष को श्रद्धांजलि

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन में शहीद हुए डॉ रामाशीष सिंह को अटेवा पेंशन बचाओ मंच सिद्धार्थनगर द्वारा गुरुवार को श्रद्धांजलि दिया जाएगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिले की सभी तहसीलों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, तहसील नौगढ़ में जिला महामंत्री संजय कर पाठक जिला,संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत पाण्डेय,शोहरतगढ़ में संगठन मंत्री दधीचि कुमार विमल ,ब्लॉक अध्यक्ष हरीश चौधरी ,बांसी में जिला कोषाध्यक्ष श्रीकृष्ण चौधरी तथा जिला प्रवक्ता आनंद कुमार शुक्ल, इटवा में संगठन मंत्री राम जी केसरवानी तथा ब्लॉक अध्यक्ष अरुण विश्वकर्मा, डुमरियागंज में संगठन मंत्री राकेश वर्मा तथा ब्लॉक अध्यक्ष अमृतलाल को नियुक्त किया गया है। सभी शिक्षक और कर्मचारियों से अपील है कि अपने-अपने तहसील के प्रभारी से संपर्क करके श्रद्धांजलि सभा में शामिल होवें।

# ग्राम प्रधान संगठन के तत्वाधान में मनाई गई स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा जी की 16वीं पुण्यतिथि

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के तत्वाधान में संगठन के संस्थापक स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा जी की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार की उपस्थिति में अंबेडकर सभागार में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी गण एवं अन्य ग्राम प्रधानों द्वारा स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेंद्र कुमार को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों द्वारा अपने ग्राम पंचायत में विकास के कार्य गाइड लाइन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कराकर एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाए यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में आरआरसी सेंटर, अन्नपूर्णा भवन, मिनी स्टेडियम, पार्क एवं लाइब्रेरी आदि का निर्माण कार्य ग्राम प्रधानों द्वारा कराया जा रहा है इसके लिए सभी प्रधानगण बधाई के पात्र हैं। गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में ग्राम प्रधानों की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए गांव का कूड़ा कचरा आरआरसी सेंटर एकत्रित कराए । ग्राम पंचायत में कुछ अलग से बेहतर कार्य करें जो अन्य जनपद के लोग इसका अनुकरण करें जिससे प्रदेश में जनपद सिद्धार्थनगर का एक अच्छा संदेश जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से अपील किया की ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों /खर्च का मास्टर रजिस्टर बना लें जिससे कभी भी पता चल सके कि कौन सा कार्य कब हुआ और कितनी धनराशि खर्च हुआ। ग्राम प्रधानों की जो समस्या है उसको प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा यदि कहीं कोई समस्या होती है तो मुख्य विकास अधिकारी या मुझे अवगत करा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत में जनता की सेवा, गांव के विकास के लिए ग्राम प्रधान संगठन के संस्थापक द्वारा यह संगठन बनाया गया तथा ग्राम प्रधानों के अधिकारों को सुरक्षित किया गया। सभी ग्राम प्रधानगण उनके आदर्शों को अपनाकर गांव के विकास में अपना योगदान देकर उनके उद्देश्य को पूरा करें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस श्रद्धांजलि सभा में उपरोक्त के अतिरिक्त ग्राम प्रधान संगठन के मंडल अध्यक्ष व्यास पाण्डेय, जिला संगठन मंत्री नीरज सिंह, जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा व अन्य पदाधिकारी गण एवं प्रधानगण उपस्थित थे।

# वायुयान एक्ट में बदलाव वक्त की जरूरत : बृजलाल

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राज्यसभा में वायुयान विधेयक बिल-2024 पर चर्चा में भाग लेते हुए राज्यसभा सांसद बृजलाल ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखते हुए कहा कि सात दशक तक भारत में मात्र 74 एयर पोर्ट था जबकि मात्र दस साल में मोदी जी की सरकार में इसमें आशातीत बढ़ोत्तरी हुई है। हमें फक्र करना चाहिए कि इतने कम समय में भारत में एयरपोर्टों की संख्या बढ़कर 149 हो गई है। उन्होंने कहा यह 1947 तक भारत के पूर्ण विकसित राष्ट्र का आगाज है। उन्होंने कहा कि पुराना वायुयान एक्ट-1934 अंग्रेजी शासन में 1934 में 90 वर्ष पहले बना था जिसमें अब तक 21 संशोधन हो चुके हैं। इस पुराने एक्ट का बदलना आवश्यक था। भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना अब सपना नहीं अपितु भारत का लक्ष्य है जिससे 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाया जा सके। विमानन क्षेत्र भी एक महत्वपूर्ण अंग है।यह बिल सदन से पास होगया जो शीघ्र ही कानून बन जायेगा। इस अधिनियम से भारत अपने विमानन क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने में आने वाली बाधाओं से निजात पा सकेगा। देश में एयरपोर्टों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। देश के दूरदराज इलाकों को कनेक्टिविटी मिल रही है जो पहले एक सपना था। इस अधिनियम के बनने से विमान के निर्माण, मरम्मत, गुणवत्ता, सुरक्षा, सुविधा आदि सुनिश्चित की जा सकेगी।

# उठान न होने से गोदामों में धान डम्प केन्द्रो पर खरीद हुई कम

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** उठान न हो पाने से केंद्रों पर खरीदा जा रहा धान गोदामों में डंप पड़ा है। उठान कार्य में हो रही मनमानी धान खरीद पर भारी पड़ रही है। इससे केंद्रों पर धान खरीद की रफ्तार भी जोर नहीं पकड़ पा रही है। मंडी समिति समेत ज्यादातर केंद्रों के गोदाम हाउसफुल हो चुके हैं। धान की ढुलाई में लापरवाही के लिए उठान कार्य से जुड़ी चार फर्मों को नोटिस जारी कर काली सूची में डालने की चेतावनी भी दी गई है। जिले में अब तक ढाई लाख क्विंटल धान की खरीद हो चुकी है। इसके सापेक्ष मात्र 57 हजार क्विंटल धान की उठान गोदामों से हो सकी है। ऐसे में उठान न हो पाने से एक लाख 96 हजार क्विंटल धान क्रय केंद्रों पर डंप पड़ा है। खरीदे गए धान के भंडारण की व्यवस्था न होने से बीते कई दिनों से क्रय केंद्रों पर हो रही धान की खरीद भी थम गई है। किसानों को अपना धान बेचने के लिए क्रय केंद्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।धान की खरीद के लिए जिले में छह एजेंसियों के 88 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इन्हें 13 लाख 60 हजार क्विंटल खरीद का लक्ष्य मिला है। तीन दिसंबर तक सभी क्रय केंद्रों ने दो लाख 53 हजार 250 क्विंटल धान की खरीद कर ली है। हालांकि धान की ढुलाई का कार्य नहीं हो पा रहा। क्रय केंद्रों से संबंधित राइस मिल पर धान की कुटाई के लिए उसे भेजे जाने को निजी संस्थाएं अधिकृत की गई है।खाद्य विभाग के 29 क्रय केंद्रों पर 65,350 क्विंटल धान गोदामों में पड़ा है। यूपीपीसीयू के 15 क्रय केंद्र पर 26,489 क्विंटल ,पीसीएफ के 32 क्रय केंद्र पर 77,323 क्विंटल, मंडी परिषद के दो क्रय केंद्र पर 8,132 क्विंटल, यूपीएसएस के सात क्रय केंद्र पर 10,639 क्विंटल व भारतीय खाद्य निगम के तीन क्रय केंद्र पर 8,181 क्विंटल धान गोदामों के अंदर व बाहर डंप है। गोदाम के बाहर धान रखा होने से अचानक बारिश होने पर इसके भीग कर खराब हो जाने की आशंका भी कायम है। धान की ढुलाई के लिए नामित चार संस्थाओं को मनमानी बरतने पर नोटिस जारी कर काली सूची में डालने की चेतावनी दी गई है।

## अमुवि में हिन्दी कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक आयोजित

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की हिन्दी कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक आज कुलपति कार्यालय में कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम एवं संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में विश्वविद्यालय कर्मियों को हिन्दी में प्रशिक्षण प्रदान करने की कार्य योजना तैयार करने तथा राजभाषा नियमानुार अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किये जाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित गृहमंत्रालय के अधीन क्षेत्रीय कार्यान्वयन समिति, गाजियाबाद के उपनिदेशक डा. छबिल कुमार मेहेर ने राजभाषा के प्रगति एवं प्रसार हेतु आवश्यक बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। हिन्दी अधिकारी असदउल्लाह खान ने बैठक का संचालन किया। उन्होंने राजभाषा हिन्दी से संबंधित नियमों पर विस्तानपूर्वक चर्चा की एवं विश्वविद्यालय में राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन की स्थिति से कुलपति एवं अन्य सम्मानित सदस्यों को अवगत कराया।

# बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ भारत में जोरदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य सभी अल्पसंख्यकों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे हिंसा, दमन, लूट खसोट, बर्बरता एवं भीषण अत्याचार, बांग्लादेशी सरकार के नकारेपन और कट्टरपंथी गुटों की लगातार हिंदुओं पर हमले को लेकर हिंदू रक्षा संघर्ष समिति के तत्वाधान में भारी तादाद में लोगों ने आक्रोश सभा आयोजित कर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री जितेंद्रा नंद सरस्वती जी महाराज ने बतौर मुख्य अतिथि सभा को संबोधित करते हुए कहा बांग्लादेश में हिंदू सनातनियों का अस्तित्व खतरे में है बांग्लादेश की सरकार व वहां पर स्थित इस्लामीक कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदू अल्पसंख्यकों का अस्तित्व समाप्त कर देना चाहती है। इसलिए आज संपूर्ण हिंदू समाज को जगाने की आवश्यकता है। भारत सरकार को संयुक्त राष्ट संघ के माध्यम से मामले में हस्तक्षेप कर पीड़ित परिवारों को सुरक्षित रखने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने इस्कॉन मंदिर के सन्यासी चीन में कृष्ण दास प्रभु के गिरफ्तारी को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए आक्रोश जाहिर किया। इसके पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय बौद्धिक प्रमुख व शिवपति डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अरविंद सिंह ने कहां बांग्लादेश में स्थित देवी देवताओं के मंदिर, मठ एवं शक्तिपीठों की तथा हिंदुओं के घरों में प्रतिष्ठानों को तोड़ा व लूटा जा रहा है, हिंदुओं की बहू बेटियों व छात्रों के साथ दुराचार किया जा रहा है, जो संपूर्ण हिंदू समाज के लिए असहनीय है इसको रोकने के लिए सीघ्र ही सरकार को ठोस कदम उठानी चाहिए। महामहिम राष्ट्रपति महोदय को एसडीएम सदर के माध्यम से , इसके संदर्भ में ज्ञापन दिया गया। कलेक्ट्रेट से साड़ी तिराहे तक जन आक्रोश यात्रा निकल कर तिराहे पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन भी किया गया। जन आक्रोश यात्रा के दौरान लोगों ने नारेवाजी करते हुए बांग्लादेश में पीड़ित हिंदू परिवारों की मदद की मांग की। कार्यक्रम का संचालन बांसी के जिला कार्यवाह मोहित ने किया। प्रस्ताव का वाचन सिद्धार्थनगर के जिला कार्यवाह शिवेंद्र सिंह ने किया। उक्त अवसर पर साधु संतों समेत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राजीव नयन, जिला प्रचारक विशाल, अवनीश, कार्यक्रम संयोजक महादेव प्रसाद, सहसंयोजक विक्रम, सौरभ त्रिपाठी नंदलाल रस्तोगी, धनंजय रस्तोगी विधायक जय प्रताप सिंह, श्याम धनी राही, पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बृजेश नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, कन्हैया पासवान सौरभ गुप्ता अरुड़ा मिश्रा दीपक मौर्य, हेमंत जायसवाल, रवि प्रकाश, प्रवीण, ऋषि, राहुल चौधरी, बृजेश राहुल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे

महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती। तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निर्माता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है।

**ललित गर्ग**


# शी बॉक्स पोर्टल से त्वरित एक्शन दिखेगा



किशन सनमुखदास

**वैश्विक स्तरपर भारत के विज़न 2047 की पूरी दुनिया में गूंज हो रही है जो हर क्षेत्र में विकसित भारत के लिए बनाए गए रोड मैप का एक संयुक्त पत्रक है, जिसका एक महत्वपूर्ण भाग महिलाओं के नेतृत्व को आगे बढ़ना भी है, जिसके लिए यह जरूरी है कि उनके लिए राजनीतिक सामाजिक कार्यपालिका सहित सभी क्षेत्रों में अपना टैलेंट दिखाने के लिए एक सुरक्षित संरक्षित माहौल बनाया जाए, ताकि उनके टैलेंट को पंख लगा सके परंतु ऐसा देखा गया है कि इन क्षेत्रों में महिलाओं का यौन उत्पीड़न होने की शिकायतें सामने आई तो सरकार ने इसको रेखांकित कर कार्य स्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (शिकायत निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 बनाया परंतु उसके क्रियान्वयन में देरी व लीकेजेस को रेखांकित कर 29 अगस्त 2024 को एक कार्यक्रम में शी-बॉक्स पोर्टल लॉन्च किया गया था, जिसमें महिलाओं की शिकायतें दर्ज कर निगरानी करने,व त्वरित कार्रवाई करने का एकीकृत प्लेटफार्म है, जिसपर सभी संबंधितों की नजर होगी, इसलिए पारदर्शिता से कार्रवाई शीघ्र होगी जो 90 दिन निर्धारित हैं।**

इस विषय पर आज हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि भारत में शुरू संसद के शीत सत्र 2024 में दिनांक 4 दिसंबर 2024 को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में महिला बाल विकास कल्याण राज्यमंत्री ने उसके उत्तर में सटीक बातें कही, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,शी-बॉक्स पोर्टल महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को सुरक्षित व संरक्षित बनाने व महिला कार्यबल मिशन 2047 में मील का पत्थर साबित होगा।




साथियों बात अगर हम शी-बॉक्स पोर्टल को जानने की करें तो, कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार की तरफ से ये महत्वपूर्ण कदम है।यह पोर्टल देश में आंतरिक समितियों और स्थानीय समितियों से संबंधित सूचनाओं के लिए एक स्टोरेज के रूप में काम करेगा, जिसमें गवर्नमेंट और प्राइवेट दोनों सेक्टर होंगे।यह पोर्टल महिलाओं को शिकायत दर्ज करने, उनकी स्थिति पर निगरानी रखने तथा यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि उनकी शिकायतों का समय पर निपटारा हो, इसके लिए शिकायतों की वास्तविक समय पर निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि महिला को न्याय मिल सके,. केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस पहल से कार्यस्थल से संबंधित यौन उत्पीड़न की शिकायतों का समाधान करने के लिए पहले से अधिक कुशल और सुरक्षित मंच उपलब?ध कराया जा सकेगा,यह कदम देश में महिलाओं के लिए सुरक्षित और अधिक समावेशी कामकाज का वातावरण बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है।कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ कुकृत्य के बाद ही देश में आक्रोश का माहौल है,लोग इस घटना के बाद वर्क स्पेस पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे थे,ऐसे में सरकार वर्क स्पेस पर महिलाओं के काम करने और उनकी सुरक्षा को लेकर कई कदम उठा रही है। साथियों बात अगर हम शी-बॉक्स पोर्टल की विधि को जानने की करें तो, (1)विजिट वेबसाइट- सबसे पहले नोटिफिकेशन में दी गई वेबसाइट पर जाएं।(2) रजिस्टर कंप्लेंट- होम पेज पर रेड कलर में रजिस्टर योर कंप्लेंट का ऑप्शन मिलेगा। इस पर टैप करने के बाद आप कंप्लेंट रजिस्टर्ड पेज पर पहुंच जाएंगे। (3) कंप्लेंट रजिस्ट्रेशन पेज पर प्रक्रिया शुरू करने के लिए रजिस्टर कंप्लेंट करें पर टैप करें। (4) यहां दो ऑप्शन होंगे- सेंट्रल गवर्मेंट ऑफिस और स्टेट गवर्मेंट ऑफिस, आपको सेंट्रल गवर्मेंट ऑफिस पर टैप करना है। (5) पर्सनल डिटेल- अब आपके सामने पर्सनल डिटेल फिल करने का ऑप्शन आएगा। इसमें नाम, कॉन्टैक्ट डिटेल और इम्प्लॉयमेंट स्टेट्स, इंसीडेंट डिटेल और एविडेंस जैसी चीजें शामिल हैं। (6) रिव्यू एंड सबमिट- एक बार ये सारी चीजें फिल करने के बाद रिव्यू एंड सबमिट का ऑप्शन आएगा। जिस पर टैप कर दें।अब शी-बॉक्स पोर्टल के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा होगी। सरकारी और निजी संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मी कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न सहित अन्य तरह की ज्यादती होने पर इसकी ऑनलाइन शिकायत शी-बॉक्स पोर्टल पर जाकर दर्ज करा सकती हैं। संबंधित विभाग इस पर त्वरित पहल करते हुए संबंधित संस्थान या व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई करेगा। जिला स्तरपर इसका नोडल पदाधिकारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को बनाया गया है, जो स्थानीय स्तरपर शिकायतों का निवारण एवं आवेदन प्राप्त कर उचित कार्रवाई करेंगे। कोई भी महिला बाल विकास मंत्रालय के वेब पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद उस शिकायत को सीधे संबंधित नियोक्ता के आईसीसी/एलसीसी को भेज दिया जाएगा। इस पोर्टल के जरिए न केवल मंत्रालय, बल्कि शिकायतकर्ता भी जांच की प्रगति की निगरानी कर सकेंगी। इस पोर्टल के बारे में महिलाओं को अवगत कराने के लिए जिला प्रशासन इसका प्रचार-प्रसार करेगा। साथियों बात अगर हम पोर्टल के उद्देश्यों को जानने की करें तो,भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ रहा है, सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर महत्वपूर्ण जोर दिया है। समावेशी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए सरकार ने एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जो महिलाओं को कार्यबल में सफल होने में सक्षम बनाता है।


इस प्रयास की आधारशिला है, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013, जिसका उद्देश्य महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना और उनकी शिकायतों का समाधान करना है। हाल ही में लॉन्च किया गया शी-बॉक्स पोर्टल इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि शिकायतें न केवल दर्ज की जाएं बल्कि सक्रिय रूप से उनकी निगरानी भी की जाए, जिससे कार्यस्थल पर उत्पीड़न से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा उपलब्ध हो। साथियों बात अगर हम 4 दिसंबर 2024 को लोकसभा में शी-बॉक्स पोर्टल संबंधी प्रश्न के लिखित उत्तर की करें तो, शी- बॉक्स पोर्टल मंत्रालय की एक पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में विभिन्न कार्यस्थलों पर गठित आंतरिक समितियों (आईसी) और स्थानीयसमितियों से संबंधित सूचनाओं का सार्वजनिक रूप से उपलब्ध केंद्रीकृत संग्रह उपलब्ध कराना है,चाहे वे सरकारी होंया निजी क्षेत्र के और साथ ही एक संपूर्ण एकीकृत शिकायत निगरानी प्रणाली भीइसमें प्रत्येक कार्यस्थल के लिए एक नोडल अधिकारी को नामित करने का प्रावधान है,जिसे शिकायतों की वास्तविक समय निगरानी के लिए नियमिआधार पर डेटा/जानकारी का अद्यतन सुनिश्चित करना होता है शी- बॉक्स पोर्टल पर दर्ज की गई कोई भी शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल के आईसी या जिले के एलसी के पास पहुंचती है, जैसा भी मामला हो पोर्टल कोइस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह गोपनीयता बनाए रखने के लिए शिकायतकर्ता के विवरण को छुपाता है।

# भारतीय संविधान में कलात्मकता



गजेंद्र सिंह शेखावत

**“हमारा भारत देश संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का एक जीता जागता अनुभव है। इसके इतिहास को सरल शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। इससे भी अधिक कठिन है पांच हजार से अधिक वर्षों की सभ्यता के इतिहास को एक दस्तावेज़ के रूप में व्यक्त करना, जो देश की स्वतंत्रता के समय एक नए स्वतंत्र हुए राष्ट्र के भाग्य का मार्गदर्शन करने वाला हो। लेकिन आचार्य नंदलाल बोस केवल एक कलाकार नहीं थे और भारत के संविधान पर चित्रण उनके लिये केवल एक और कार्य नहीं था। संविधान में चित्रण के लिए उनकी दृष्टि हड़प्पा सभ्यता के समय से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक भारत की यात्रा का वर्णन करती है।**




यह सभी चित्रण संविधान के अंतिम पृष्ठ पर सूचीबद्ध हैं और उन्हें बारह ऐतिहासिक काल में वर्गीकृत किया गया है- मोहनजोदड़ो काल, वैदिक काल, महाकाव्य काल, महाजनपद और नंद काल, मौर्य काल, गुप्त काल, मध्यकालीन काल, मुस्लिम काल, ब्रिटिश काल, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी आंदोलन और प्राकृतिक विशेषताएँ।

संविधान की शुरुआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे, इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिड़ियाघर गए। प्रस्तावना पृष्ठ और कई अन्य पृष्ठों को बेहर राममनोहर सिन्हा ने डिजाइन किया था। नंदलाल बोस ने बिना किसी बदलाव के प्रस्तावना हेतु सिन्हा जी की बनाई कलाकृति का समर्थन किया। इस पृष्ठ पर निचले दाएं कोने में देवनागरी में सिन्हा का संक्षिप्त हस्ताक्षर राम है। संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है। बॉर्डर के चार कोनों में चार पशुओं को दर्शाया गया है। दर्शाए गए चार जानवर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के आधार से लिए गए हैं। बॉर्डर की कलाकृति में कमल की आकृति प्रमुखता से दिखाई देती है। कमल की आकृति बॉर्डर कलाकृति में प्रमुखता से दिखाई देती है। संविधान का प्रत्येक भाग एक चित्र से आरंभ होता है और अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग बॉर्डर डिज़ाइन दर्शाए गए हैं। कलाकारों के हस्ताक्षर चित्र पर और बॉर्डर के पास दिखाई देते हैं जो इस प्रोजेक्ट में सभी के सहयोग को दर्शाता है। अनेक पृष्ठों पर कई हस्ताक्षर हैं जो बंगाली, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में दिखाई देते हैं। भारत के संविधान के भाग 19 में विविध विषयों से संबंधित एक चित्र है जिसमें नेताजी सैन्य पोशाक में अपने सैनिकों से घिरे हुए सलामी दे रहे हैं। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्रण पर दिखाई देते हैं और ए. पेरुमल के हस्ताक्षर पृष्ठ के बाएं निचले कोने पर दिखाई देते हैं। वे कला को लोगों तक ले जाने वाले कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। वे शांतिनिकेतन के गाँवों में जाते और संथाल घरों की दीवारों को जानवरों, पक्षियों और पेड़ों वाली प्रकृति की थीम से सजाते। वे शांतिनिकेतन के कला भवन में चार दशकों से अधिक समय तक नंदलाल बोस जैसे महान कलाकारों के साथ रहे और काम किया, उन्हें स्नेह से पेरुमलदा कहा जाता था। संविधान का भाग VI, जो प्रथम अनुसूची के भाग A में राज्यों से संबंधित है, वह ध्यान में बैठे भगवान महावीर की समृद्ध रंगीन चित्र से शुरू होता है, जिसमें वे अपनी आँखें बंद करके और हथेलियाँ एक दूसरे पर टिकाकर बैठे हुए हैं। भगवान महावीर के दोनों ओर एक-एक पेड़ हैं और फ्रेम में एक मोर भी दिखाई दे रहा है जो प्रकृति में सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को दर्शाता है। यह मूल संविधान के कुछ रंगीन चित्रों में से एक है। रंगीन चित्रों में जमुना सेन और नंदलाल बोस के हस्ताक्षर हैं। इस पृष्ठ पर बॉर्डर डिज़ाइन में राजनीति नामक कलाकार के हस्ताक्षर भी हैं। भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों पर केंद्रित है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्रों में भारत के दो वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह को दिखाया गया है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्र धीरेंद्र कृष्ण देब बर्मन द्वारा बनाए गए हैं, जो त्रिपुरा राजघराने के सदस्य थे और रवींद्रनाथ टैगोर और नंदलाल बोस के साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे। बॉर्डर डिज़ाइन पर कृपाल सिंह शेखावत के हस्ताक्षर हैं, जो भारत के एक प्रसिद्ध कलाकार और मिट्टी के बर्तन बनाने वाले थे, जिन्हें जयपुर की प्रतिष्ठित ब्लू पॉटरी की कला को पुनर्जीवित करने के लिए जाना जाता है। शांतिनिकेतन में ललित कला संस्थान कला भवन ने भारत और दुनिया के सभी कोनों से छात्रों और कलाकारों को आकर्षित किया, इस प्रकार विभिन्न प्रभावों को समाहित करते हुए उत्कृष्टता की निरंतर खोज करते हुए एक इकोसिस्टम निर्मित किया और अंत में, एक अनूठी भारतीय शैली और कला निर्मित की। इस पर काम करने वाले कई कलाकारों ने अपने करियर में महान ऊंचाइयों को हासिल किया, लेकिन इस परियोजना के समय शांतिनिकेतन के छात्र और सहयोगी ही थे जो अपने श्रद्धेय 'मास्टर मोशाय' नंदलाल बोस के सपने को जीवंत करने के लिए प्रयत्नशील थे। संविधान में चित्रों की प्रेरणा भारत के विशाल इतिहास, भौतिक परिदृश्य, पौराणिक चित्र और स्वतंत्रता संग्राम में निहित है। भारत के संविधान का भाग 13 'भारतीय क्षेत्र में व्यापार, वाणिज्य और उनके परस्पर संबंधो' से संबंधित है। इस पृष्ठ पर दिया गया चित्रण महाबिलापुरम में स्मारकों के समूह का हिस्सा है जो यूनेस्को द्वारा अंकित विश्व धरोहर स्थल है। 'गंगा का अवतरण' एक बड़ी, खुली हवा में बनी चट्टान की नक्काशी वाली मूर्ति है जो स्वर्ग से धरती पर गंगा नदी के उतरने के कथा को पत्थर में दर्शाती है। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्र पर दिखाई देते हैं और जमुना सेन का नाम बॉर्डर के बाएं निचले कोने पर दिखाई देता है। भाग 3 जो मौलिक अधिकारों से संबंधित है, उसमें रामायण का एक दृश्य दिखाया गया है। इस पृष्ठ के बॉर्डर पर जमुना सेन के हस्ताक्षर हैं। भाग 4 जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है, उसमें महाभारत का एक दृश्य दिखाया गया है। बानी पटेल और नंदलाल बोस के नाम दाई ओर नीचे दिए गए चित्रण पर दिखाई देते हैं और विनायक शिवराम मसोजी का नाम बॉर्डर के बाएं कोने पर दिखाई देता है। संविधान का भाग 7 'पहली अनुसूची के भाग बी में शामिल राज्यों' से संबंधित है। इस खंड की शुरुआत में दिए गए चित्रण में सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म के प्रसार को दर्शाया गया है। उन्हें हाथी पर सवार दिखाया गया है, जो सभी तरह के साज-सज्जा से सुसज्जित है और बौद्ध भिक्षुओं से घिरा हुआ है। यह चित्रण अजंता की शैली में है, जिसमें भिक्षुओं को शरीर के ऊपरी हिस्से को बिना वस्त्रों और आभूषणों के साथ दिखाया गया है। यह चित्रण नंदलाल बोस द्वारा किया गया था, जिनका काम अजंता भित्तिचित्रों में पाई जाने वाली कलात्मक परंपराओं से बहुत प्रभावित था। चित्रण के निचले बाएँ भाग पर ए. पेरुमल का नाम भी दिखाई देता है। बॉर्डर डिज़ाइन में ब्योहर राममनोहर सिन्हा के हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने प्रस्तावना और कई अन्य पृष्ठों को भी डिज़ाइन किया था। यहाँ उन्होंने हिंदी में राममनोहर के रूप में हस्ताक्षर किए हैं।

# बच्चों के लिए भारत में भी सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगे



बलदेव राज भारतीय

आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस युग के साथ कदम कदम मिलाकर चलने वाला ही भविष्य में उन्नति का स्वप्न देख सकता है। इस युग ने हमारी जिंदगी को आसान और बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई है। परंतु जैसा कि कहा भी गया है कि वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति जहां वरदान सिद्ध हो सकती है, वहां यह अभिशाप भी सिद्ध हो सकती है और यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि इसे प्रयोग करने वाला इसका प्रयोग किस प्रकार करता है।

आज मोबाइल और कंप्यूटर संचार के ऐसे साधन बन गए हैं, जिनके समक्ष अन्य परंपरागत संचार के साधन गौण हो गए हैं। आज बच्चा इस पृथ्वी पर अपनी आँखें बाद में खोलता है और उसकी आंखों के सामने मोबाइल पहले होता है। यही कारण है कि आजकल नवजात शिशु मां का दूध न मिलने पर रोएं या न रोएं, परन्तु मोबाइल न मिलने पर अवश्य रोते हैं। मोबाइल की यह लत एक ऐसी लत साबित हो रही है कि यदि कोई बच्चा इसका शिकार हो गया तो उसे रसातल में पहुंचाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ती। यही कारण है कि दुनिया भर के देश इस विषय पर गंभीरता से सोचने लगे हैं। ऑस्ट्रेलिया में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया साइट्स पर पाबंदी लगा दी गई है। भारत में भी 60 प्रतिशत से अधिक माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चों के मोबाइल और टैबलेट उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाए। यह माँग न केवल सामाजिक चिंता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। मोबाइल और सोशल मीडिया आज हर उम्र के लोगों की ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। लेकिन 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर इसका प्रभाव कहीं अधिक चिंताजनक है। बच्चे अपनी शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों की बजाय अपना अधिकतर समय सोशल मीडिया पर बिताने लगे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे कि इंस्टाग्राम, फेसबुक, और यूट्यूब, बच्चों को मनोरंजन के नाम पर व्यस्त रखते हैं। हालांकि, यह प्लेटफार्म बच्चों को नई जानकारी और मनोरंजन प्रदान कर सकते हैं, लेकिन इनके माध्यम से बच्चे अक्सर गलत और अश्लील सामग्री का शिकार बन जाते हैं। यदि एक बार कोई बच्चा अश्लील सामग्री देखने का आदी हो गया तो वह न केवल अपने भविष्य को दांव पर लगाता है बल्कि समाज के लिए भी एक नासूर बन सकता है। हरियाणा जैसे कई राज्यों में सरकार ने बच्चों को डिजिटल शिक्षा के लिए टैबलेट वितरित किए थे। इन उपकरणों का उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा और पाठ्यक्रम सामग्री तक पहुँचाना था। कोरोना काल की विभीषिका को देखते हुए ऑनलाइन शिक्षा का जो निर्णय लिया गया था उसके मद्देनजर बच्चों को टैबलेट दिए गए थे। लेकिन कई मामलों में यह देखा गया कि बच्चों ने इन उपकरणों का दुरुपयोग किया। सरकार की ओर से दिए गए इन टैबलेट्स के पासवर्ड्स को तोड़कर इन्हें अन्य साइट्स के लिए भी उपयोगी बना लिया। बच्चे पढ़ाई के बजाय इन टैबलेट्स पर अनावश्यक और अश्लील साइट्स देखने लगे। यह स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कई माता-पिता और अभिभावकों ने स्कूल प्रधानाचार्यों से इन उपकरणों को वापस लेने की गुहार लगाई। हालांकि, सरकारी आदेशों के कारण स्कूल इस पर कोई कड़ी कार्रवाई करने में असमर्थ रहे। अधिकतर माता-पिता मानते हैं कि डिजिटल उपकरण बच्चों के मानसिक विकास को प्रभावित कर रहे हैं। बच्चों का स्क्रीन टाइम बढ़ने से उनका मानसिक तनाव और एकाग्रता कम हो रही है। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि कम हो रही है। सोशल मीडिया उनके अधिगम को प्रभावित कर रहा है। बच्चों का लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठना उनकी आँखों, रीढ़ की हड्डी और मोटापे जैसी समस्याओं को बढ़ावा दे रहा है। सोशल मीडिया और अनावश्यक सामग्री देखने के लालच में कई बार बच्चे अपने खानपान पर भी ध्यान नहीं देते, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# उच्च न्यायपालिका के द्वारा कानून के शासन व संवैधानिक मूल्यों को कायम रखना

**सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा क़ानून, 2004 की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी है। साथ ही इलाहाबाद हाई कोर्ट का फैसला खारिज कर दिया है। ध्यातव्य है कि उत्तर प्रदेश राज्य में मदरसों (इस्लामिक शैक्षणिक संस्थानों) के कामकाज को विनियमित और नियंत्रित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 लागू किया गया था। इसने पूरे उत्तर प्रदेश में मदरसों की स्थापना, मान्यता, पाठ्यक्रम और प्रशासन के लिये एक फ्रेमवर्क प्रदान की। इस अधिनियम के तहत, राज्य में मदरसों की गतिविधियों की देखरेख और पर्यवेक्षण के लिये उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड की स्थापना की गई थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार मदरसा शिक्षा को लेकर नियम बना सकती है। यह फैसला भारतीय मुसलमानों और मदरसों से जुड़े लोगों के लिए संतोषजनक और प्रेरणादायक है। इस निर्णय से देश में न्याय और समानता का संदेश गया है। अदालत ने कहा कि मदरसा एक्ट के प्रावधान संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं और ये धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। जब धार्मिक शिक्षा और अल्पसंख्यकों के शिक्षा के अधिकार की बात आती है तो हम पाते है कि संविधान के अनुच्छेद 30 (1) के तहत अल्पसंख्यक समुदायों को अपने शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उन्हें स्वतंत्र रूप से संचालित करने का अधिकार दिया है।**

**प्रो बंदिनी कुमारी**

भारतीय संविधान देश का सर्वोच्च कानून है, और इसके प्रावधान सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए हैं। इन संवैधानिक अधिकारों को बरकरार रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस बात पर प्रकाश डाला है कि कोई भी कानून, विनियमन या सामाजिक पूर्वाग्रह संविधान के प्रावधानों को खत्म नहीं कर सकता है। यह निर्णय उस कानूनी ढांचे को मजबूत करता है जिसके भीतर अल्पसंख्यक समुदाय काम कर सकते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें ऐसे संस्थान बनाने की स्वतंत्रता है जो उनकी अद्वितीय शैक्षिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करते हैं। संविधान की सर्वोच्चता ही भारत के लोकतंत्र को स्थिरता और सुसंगति प्रदान करती है।



ऐसे देश में जहां कई धार्मिक, भाषाई और सांस्कृतिक समुदाय सह-अस्तित्व में हैं, संविधान एक एकीकृत दस्तावेज के रूप में कार्य करता है जो समानता सुनिश्चित करते हुए विविधता की रक्षा करता है। यह निर्णय इस बात की पुष्टि करता है कि न्यायपालिका, संविधान के व्याख्याकार और संरक्षक के रूप में, इसके प्रावधानों से किसी भी विचलन की अनुमति नहीं देगी। ऐसा करके न्यायालय ने स्पष्ट संदेश दिया है कि संवैधानिक अधिकारों को कमजोर या समझौता नहीं किया जा सकता है। यह निर्णय यह भी दर्शाता है कि कैसे संविधान को समुदायों को अपने भविष्य को आकार देने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। संविधान केवल अधिकारों की रक्षा नहीं करताः यह सामाजिक और शैक्षणिक उन्नति के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करके राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले के माध्यम से, इन अधिकारों की पुष्टि करके अल्पसंख्यक समुदायों को प्रभावी ढंग से सशक्त बनाया है, इस प्रकार सामाजिक प्रगति और न्याय के एक शक्तिशाली साधन् के रूप में संविधान की भूमिका को मजबूत किया है। भारत के लोकतंत्र के सबसे बुनियादी पहलुओं में से एक कानून के समक्ष समानता का विचार है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित यह सिद्धांत यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक व्यक्ति धर्म, जाति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना न्यायपालिका द्वारा समान व्यवहार किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय का हालिया निर्णय इस सिद्धांत की क्रियाशीलता का एक ज्वलंत उदाहरण है। शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने के अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकार को दोहराकर, न्यायालय ने दिखाया है कि वह राजनीतिक और सामाजिक पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर काम करता है, यह सुनिश्चित करता है कि समुदाय की परवाह किए बिना सभी नागरिकों को न्याप उपलब्ध हो। कानून के समक्ष समानता एक कानूनी अवधारणा से कहीं अधिक है. यह भारत के मूल मूल्यों का प्रतिबिंब है। जब अल्पसंख्यकों को यह आश्वासन दिया जाता है कि वे बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं, तो उन्हें न्यायिक प्रणाली पर भरोसा हो जाता है। इस हालिया फैसले ने उस विश्वास को मजबूत किया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि न्यायपालिका एक विविध और जटिल समाज में निष्पक्षता का गढ़ बनी हुई है। यह सुनिश्चित करके कि अल्पसंख्यक समुदायों को बहुसंख्यकों के समान शैक्षिक अधिकार प्राप्त है. न्यायालय ने समानता और समावेशिता की भावना को बरकरार रखा है, जो भारत जैसे बहुलवादी देश के लिए आवश्यक है। कई समाजों में, अल्पसंख्यक कानूनी प्रणाली द्वारा हाशिए पर या किनारे पर महसूस कर सकते हैं. जिससे अलगाव की भावना पैदा हो सकती है। हालांकि, सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करके, भारत की न्यायपालिका अपनेपन और निष्पक्षता की भावना पैदा करती है। हालिया निर्णय दर्शाता है कि कानूनी प्रणाली समाज के सभी वर्गों की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। यह इस विचार को पुष्ट करता है कि भारत में न्याय जनसांख्यिकीय विचारों से प्रभावित नहीं है बल्कि पूरी तरह से निष्पक्षता, समानता और वैधता के सिद्धांतों पर आधारित है। उपरोक्त प्रकरण को एक केस स्टडी के रूप में लिया जाना चाहिए और वंचित, शोषित वर्ग या अल्पसंख्यक समूह के वल्नरेबल युवाओं के समक्ष ये फैसला उम्मीद की एक ऐसे किरण है जो नाउम्मीदी और निराशा के समस्त स्याह अंधेरों को दूर कर सकता है। अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिम समाज के लोगों को यह समझना होगा कि संविधान का रास्ता ही अंतिम और सच्चा रास्ता है। राजनेताओं के निहित स्वार्थों में फंसकर अपने और अपने क़ौम को बर्बाद करने और अराजकता की ओर मुड़ने के बजाय न्याय और शांति का दामन थामकर, लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास बढ़ाकर ही अपना और अपने मुल्क को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकते है। स्वाधीनता आंदोलन के संघर्ष और आज़ादी के लड़ाई के प्रसव पीड़ा से उद्भूत भारत का संविधान और इसमें अंतर्निहित मूल्य समाज के सभी वर्गों और समूहों के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय को सुनिश्चित करते है बशर्ते कि वो समूह और वर्ग इस मुल्क के संविधान और न्याय प्रणाली पर अपना पूरा विश्वास रखे।

# बाइक पलटने से वार्ड ब्वॉय की मौत, मचा कोहराम

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** सिकंदरपुर-बलिया मार्ग पर स्थित गांधी इण्टर कालेज से कुछ दूरी पर अज्ञात कारणों से बाइक पलटने से अवधेश कुमार (50) वर्ष की मौत हो गयी। बताया जाता है कि अवधेश कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पर वार्ड ब्वॉय के पद पर कार्यरत थे। बुधवार की रात्रि खेजुरी थाना क्षेत्र के कचबचिया गांव में अपनी भाजी की शादी में शामिल होने अपनी पत्नी मालती संग शामिल होने गए थे। मांगलिक कार्यक्रम के बाद गुरुवार को अपनी पत्नी संग बाइक से अपने घर सिकंदरपुर आ रहे थे अभी वह सिकंदरपुर स्थित गांधी इंटर कालेज से कुछ दूरी पर थे तभी अचानक उनकी बाइक गढ्ढे में गिर गयी। हालांकि किसी ने बाइक कैसे गिरी देखा नही। पीछे से आ रहे राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकंदरपुर पहुचाया जंहा चिकित्सको ने अवधेश कुमार को मृत्यु घोषित कर दिया वही मालती देवी की हालत नाजुक होने पर जिलाचिकित्सालय बलिया भेज दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। मौत की सूचना पर सैकड़ो की संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए अस्पताल पहुच गए।

### भरापूरा परिवार छोड़ गए अपने पीछे

**सिकंदरपुर।** वार्ड ब्याय राम अवधेश अपने पीछे दो लड़के एक लड़की सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर सदा के लिए चले गए। घटना से पूरे क्षेत्र में सियापा पसरा गया है।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

**सिकंदरपुर।** इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर का पूरा स्टाफ डॉ व्यास कुमार, डॉ नीरज, डॉ अभिषेक राय, डॉ संदीप गुप्ता, डॉ राजेश आर्या, डॉ रुबी कुमारी, डॉ भारती सिंह समेत सभी स्वास्थ्य कर्मचारी अपने कर्मचारी के अचानक हुई मौत से गमगीन हैं। इस दौरान सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने नम आंखों से अपने कर्मचारी राम अवधेश को भावभीनी श्रद्धांजलि दिया।

### मृदुल व मिलनसार व्यक्तित्व थें राम अवधेश

**सिकंदरपुर।** वार्ड बॉय राम अवधेश की मौत से हर कोई सदमे में हैं। इसके पीछे उनका मृदुल स्वभाव व मिलनसार व्यक्तित्व हैं। राम अवधेश उन स्वास्थ्य कर्मियों में गिने जाते थें, जो बड़े ही सहजता व विनम्रता के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर में आए मरीजों का हर संभव प्रयास कर लोगों की भरपूर मदद करतें थें। उनका इस तरह अचानक चले जाना आम जनमानस के गले से नीचे नहीं उतर रहा हैं। राम अवधेश की हुई अचानक मौत से सभी लोग सदमे में हैं। वही मृतक राम अवधेश के परिवार में कोहराम मचा हुआ हैं।

## महाकुंभ मेला के दृष्टिगत फायर मॉकड्रिल का आयोजन

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला के दृष्टिगत आज बेली हॉस्पिटल में फायर आडिट कर फायर मॉक ड्रिल आयोजित की गई जिसमें चिकित्सक नर्सिंग स्टॉप सुरक्षा कर्मी सम्मिलित हुए।

फायर मॉकड्रिल का आयोजन डॉ आर के पाण्डेय सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में किया गया। मॉकड्रिल राजेश कुमार अग्निशमन अधिकारी सिविल लाइन द्वारा एवम हॉस्पिटल के स्टाफ के सहयोग से किया गया। मॉक ड्रिल में अग्नि शमन उपकरण से आग बुझाने को दर्शाया गया और एबीसी और कार्बन डाई ऑक्साइड फायर एक्टिगशर गैस सिलेंडर की आग बुझाने का डेमो किया गया। इसके पश्चात फायर हाइडेंट से आग को काबू करने का डेमो कराया गया और मेडिकल स्टॉप द्वारा फायर एक्टीगुशर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। हॉस्पिटल में विधुत सुरक्षा विभाग से इलेक्ट्रिक सेफ़्टी आडिट करा कर सभी विद्युत वायरिंग उचित ग्रेडिंग की कराने हेतु निर्देशित किया गया। सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा बताया गया आग की अधिकतर घटनाएं इलैक्ट्रिक शॉटसर्किट से होती है।

# पीएम के आगमन पर फेस्टिव मूड में नजर आएगा पूरा महाकुम्भनगर और प्रयागराज

अवधनामा संवाददाता

**महाकुम्भनगर।** पीएम मोदी 13 दिसंबर को महाकुम्भ 2025 की तैयारियों का जायजा लेने और परियोजनाओं का लोकार्पण करने महाकुम्भनगर और प्रयागराज आ रहे हैं। उनके आने से पूर्व स्वयं सीएम योगी स्वयं 7 दिसंबर को सभी तैयारियों का जायजा लेंगे। पीएम मोदी की विजिट के दौरान महाकुम्भनगर और प्रयागराज को इस तरह से सजाने की योजना है, जैसे किसी त्योहार के समय लोग अपने घरों को सजाते हैं। इसी क्रम में सभी विभागों को अपने दफ्तरों और इमारतों का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इमारतों को फसाड लाइटिंग से रौशन किए जाने की भी योजना है। इसके अतिरिक्त प्रमुख चौराहों और रोड्स को भी दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की ओर से सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जिन परियोजनाओं का पीएम मोदी लोकार्पण करेंगे, उन्हें भी समय से पूर्व पूर्ण किए जाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं। पीएम मोदी की विजिट के संबंध में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने बताया कि सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इन्हें निर्धारित समयसीमा पर पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री जी के आने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी भ्रमण 7 दिसंबर को होना है। सीएम के निर्देशों के क्रम में सभी कार्य कराए जा रहे हैं। सीएम स्वयं इन सभी कार्यों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की विजिट के दौरान पूरा शहर स्वच्छ और हरित महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करता नजर आएगा। शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी विभागों को अपने-अपने दफ्तरों को शोभनीय बनाते हुए उसमें फसाड लाइटिंग और उसका यथासंभव सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस दिशा में भी काम जोर-शोर से चल रहा है। इसके अतिरिक्त प्रमुख चौराहों, रोड्स और पार्कों को भी सजाया जाएगा।

### पूरी तत्परता से जुटे हैं विभाग और अधिकारी

मंडलायुक्त ने बताया कि पीएम की विजिट को लेकर सभी विभाग और अधिकारी पूरी तत्परता से जुटे हुए हैं। पीडब्ल्यूडी के द्वारा सभी महत्वपूर्ण रोड्स का रिन्यूअल तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। सभी जंक्शंस और सड़क सौंदर्यीकरण का कार्य प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी और पीडब्ल्यूडी द्वारा समय पर पूर्ण कर लिया जाएगा। नगर निगम की ओर से स्ट्रीट लाइटिंग और थीमैटिक लाइटिंग का कार्य किया जा रहा है। विद्युत विभाग की ओर से सभी पावर केबल्स को बिछाने का काम भी तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सीएंडडीएस द्वारा गेट्स और इंस्टॉलेशन वर्क कंप्लीट कर लिया जाएगा। कॉरिडोर्स के काम को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है और इसे समय पर पूरा कर लिया जाएगा। घाटों पर स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने के लिए दिन रात काम हो रहा है।

### 7 को सीएम करेंगे खोया पाया केंद्र और पब्लिक एकमोडेशन का उद्घाटन

पीएम मोदी की विजिट से पहले 7 दिसंबर को सीएम योगी महाकुम्भनगर और प्रयागराज में तैयारियों का जायजा लेंगे और खोया पाया केंद्र व सेक्टर-1 में स्थापित पब्लिक एकमोडेशन का उद्घाटन भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीएम योगी 7 दिसंबर को अपनी विजिट के दौरान सर्किट हाउस में पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। यहीं पर वह महाकुम्भ 2025 के कार्यों की समीक्षा बैठक में भी हिस्सा लेंगे। इसके अतिरिक्त वह अलोपीबाग फ्लाई ओवर एवं अलोपीबाग रोड का निरीक्षण करेंगे। प्रयागराज मेला क्षेत्र के सेक्टर-1 में स्थापित पब्लिक एकमोडेशन और परेड क्षेत्र में खोया पाया केंद्र का उद्घाटन करने के साथ ही वह पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों का मार्गदर्शन भी करेंगे। इसके अतिरिक्त सीएम अरैल बंधा रोड, त्रिवेणी पुष्प, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट नेनी एवं एसटीपी नैनी के साथ ही शिवालय पार्क का भी निरीक्षण करेंगे।

# सात दिसंबर को रोज़गार मेले का होगा आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** प्र0जिला सेवायोजन अधिकारी, ने बताया कि रणवीर नीलम महाविद्यालय,भर्थना, इटावा एवं जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल करिअर सेंटर) इटावा के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 07.12.2024 को एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेले में 12 कम्पनियां रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। मेले में कक्षा 10 से स्नातक, आई.टी.आई., डिप्लोमा योग्यताधारी अभ्यर्थी मेले में भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। प्रतिभागी कम्पनियों का विवरण निम्नवत है- 01. PUKHRAJ HEALTHCARE PVT LTD, 02. Care Health Nurses Pvt Ltd, 03 LIC ETAWAH, 04. SBI LIFE INSURANCE, ®z.SIS Security, 6.Di&on Technology Pvt Ltd, 07.ECOM Company, 08.ATA vMG WAREHOUSE, 09.Poly Medicure Pvt Ltd, 10.YAZAKI INDIA PVT LTD/Motherson mate Automotive/ASAHI INDIA GLASS LTD, 11.Zeneva Crop Sciences Pvt Ltd, 12.Eicher India Pvt Ltd.मेले में भाग लेने के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय की वेबसाईट- rojgaarsangam.up.gov.in एवं नैशनल करिअर सर्विस की वेबसाइट- ncs.gov.in पर ऑनलाइन जाकर अभ्यर्थी स्वयं को पंजीकृत करके मेले के ऑप्सन में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर दिनांक 07-12-2024 को प्रातः 10 बजे रणवीर नीलम महाविद्यालय, भर्थना, इटावा में अपने बायो डाटा की 5 प्रतियों सहित साक्षात्कर हेतु उपस्थित हो सकते हैं। मेले में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों को कोई मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

# शहादत ए फ़ात्मा ज़हरा पर दरियाबाद, रानीमंडी से निकला ग़मगीन मातमी जुलूस

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पैग़म्बर ए इस्लाम मोहम्मद ए मुस्तफा की इकलौती बेटी फात्मा ज़हरा की शहादत पर तीन दिवसीय शोक मनाया जा रहा है। इस्लामिक माह जमादी उस सानी की एक से तीन तक विभिन्न क्षेत्रों में मजलिस मातम व जुलूस निकाला जा रहा है। इसी क्रम में बख्शी बाज़ार मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन के अज़ाखाने पर मजलिस आयोजित की गई। ज़ाकिर ए अहलेबैत शाहिद रज़ा रिज़वी (शमूल) ने मजलिस को खिताब किया। सैय्यद हैदर मेंहदी व अलमदार काज़मी ने सोज़ख्वानी से मजलिस का आग़ाज़ किया तो अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार के नौहाख्वानो नेयाज़ुल हसन, हाशिम बांदवी, नाज़िर हुसैन, आबिद हुसैन, हैदर मेंहदी आदि ने पुरदर्द नौहा पढ़ा। वहीं रानीमंडी चकय्यानीम से अमजद अली पप्पू की ओर से जुलूस ए फात्मा ज़हरा निकाला गया जिसे मौलाना शहरयार हुसैन ने खिताब किया। जुलूस रानीमंडी की गलियों में गश्त करते हुए बच्चा जी धर्मशाला के पास शाहरुख क़ाज़ी के अज़ाखाने पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ। दरियाबाद में नौहाख्वान गुलाम अब्बास के अज़ाखाने से नजीब इलाहाबादी के संचालन में जुलूस निकाला गया जिसमें मौलाना व इमाम ए जुमा वल जमात हसन रज़ा ज़ैदी साहब ने मजलिस को खिताब किया। बाद मजलिस अन्जुमन हाशिमिया दरियाबाद, अन्जुमन हुसैनिया दरियाबाद, अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा दरियाबाद ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए जुलूस निकाला जो दरगाह हज़रत अब्बास पहुंच कर सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में बख्शी बाज़ार इमामबाड़ा नाज़िर हुसैन में शहादत की मजलिस को मौलाना सैय्यद रज़ी हैदर साहब क़िब्ला ने खिताब किया। नायाब बलियावी ने पेशख्वानी के फराएज़ अन्जाम दिए। शफक़त अब्बास पाशा की निज़ामत में हुई मजलिस में अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी के नौहाख्वानो ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।

## 22 पदों के लिए कुल 35 उम्मीदवारों ने दाखिल किया पर्चा

**आजमगढ़।** दीवानी बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन के पहले दिन गहमा गहमी के बीच अध्यक्ष मंत्री समेत 22 पदों के लिए कुल 35 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए प्रभाकर सिंह ,अनिल कुमार सिंह ,वीरेंद्र यादव तथा अशोक कुमार पांडेय ने नामांकन पत्र दाखिल किया। मंत्री पद के लिए नीरज द्विवेदी, रवीद्र कुमार यादव, संतोष दुबे, कृष्ण कुमार पांडेय ,मनीष कुमार, रतिभान सिंह, सोरख यादव तथा त्रिभुवन सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया।वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए ईश्वर शरण लाल तथा हरिकेश यादव ने पर्चा भरा।कनिष्ठ उपाध्यक्ष के दो पदों के लिए श्रवण कुमार सिंह ,महेंद्र यादव, हरि कुमार राम तथा आबू तल्हा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सह मंत्री के तीन पदों के लिए अखिलेश कुमार, जितेंद्र यादव, अशोक कुमार राय, ध्रुव कुमार मिश्रा तथा प्रशांत कुमार राय ने पर्चा दाखिल किया। कोषाध्यक्ष के लिए बृजेश कुमार मिश्रा तथा अरविंद कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हिन्दुओं के पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जुलूस निकाल सौंपा ज्ञापन



**आजमगढ़।** लालगंज राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ, विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा बग्लादेश मे हिन्दुओ के उपर हो रहे अत्याचार के विरोध मे लालगंज बाजार मे जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए माननीय प्रधानमंत्री व माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी लालगंज श्याम प्रताप सिंह को सोपा गया। गौ सेवा संघ प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने कहा कि यदि बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार बंद नहीं हुआ तो हम उत्तर प्रदेश सहित भारत वर्ष के लोग इसका पूर जोर विरोध करेंगे। इस अवसर पर डा शिवानन्द राय, प्रवीण मिश्रा, धर्मराज सिंह, विनोद भारद्वाज, डा0 आर के भारद्वाज, डा0 संजय, अमित भारती, सुनील यादव, डा0 एस के यादव, रामजीत सरोज आदि लोग मोजूद रहे।

### गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस का अवकाश धोषित करने हुई मांग

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ आजमगढ़ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र के माध्यम से छ दिसंबर को अवकाश घोषित करने की मांग की है। संघ के जिला महामंत्री दयाराम यादव ने कहा है कि गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस का अवकाश परिषदीय व सहायता प्राप्त विद्यालयों की अवकाश तालिका की सूची में 24 नवंबर (रविवार) को दर्ज है जबकि सिख कैलेंडर के अनुसार शहीदी दिवस 06 दिसम्बर (शुक्रवार) को है। इसके अनुसार पंजाब व चंडीगढ़ आदि प्रदेशों में अवकाश छह दिसंबर को घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश के बेसिक विद्यालयों के नियंत्रणाधीन विद्यालयों में 06 दिसंबर को अवकाश घोषित करने की कृपा करें।

### मनरेगा मजदूर संघ द्वारा सात सूत्री मांगों को लेकर धरना

**आजमगढ़।** मनरेगा मजदूर संघ द्वारा अपने साथी राष्ट्रीय अध्यक्ष अंबिका प्रसाद द्वारा गाजीपुर जनपद मुख्यालय पर मांगों को लेकर के भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उनके समर्थन में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि जब तक मुख्यमंत्री जी आकर सभी ज्तनसल पूरी करने की सार्वजनिक घोषणा नहीं करते हैं तब तक वह भोजन नहीं करेंगे और भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे। इस अवसर पर एक साथ सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी को सोपा गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मनरेगा मजदूर संघ आज भी वर्षो से ब्लॉक स्तर से लेकर जनपद स्तर तक यहां तक की 2 फ़रवरी को लाखों कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ इको गार्डन में एक दिवसीय अधिकार सत्याग्रह आंदोलन करके ग्रामीण समाज के आर्थिक आजादी एवं मनरेगा के भ्रष्टाचार समाप्त करने हेतु मांग पत्र सोपा था। इस अवसर पर नविता शर्मा जिला अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता अमित जय बदन प्रदीप कंचन अरुण सुनीता संगीता निरमा बिना कावेरी सुनीता बृजेश आदि ने भाग लिया।

### पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे



**प्रयागराज।** पूर्व विधायक एवं प्रयागराज जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रभा शंकर पांडे को सहारनपुर जिला एवं सहारनपुर महानगर का भाजपा चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त होने पर भाजपाइयों ने उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में महापौर गणेश केसरवानी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, वरुण केसरवानी, रमेश पासी, राजेश केसरवानी, देवेश सिंह, विवेक अग्रवाल, प्रमोद मोदी, राजू पाठक, गिरजेश मिश्रा राघवेंद्र सिंह आदि रहे।

### 6 दिसंबर के मद्देनजर करेली थाने पर की गई पीस कमेटी की बैठक

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर 6 दिसंबर को देखते हुए करेली थाना परिसर में सेंट्रल पीस कमेटी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें करेली क्षेत्र के रहने वाले संभ्रांत नागरिक, पार्षद, ग्राम प्रधान के साथ एक मीटिंग की गई। पीस कमेटी के दौरान थाना प्रभारी करेली राजेश मौर्य ने बैठक में आए हुए सभी संभ्रांत नागरिकों से अपील की। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर को लेकर यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत अफवाह सोशल मीडिया पर फैलाई जाएगी तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कारवाही की जाएगी। सभी सोशल मीडिया पर पुलिस की निगरानी रहेगी। यदि करेली में किसी को कोई दिक्कत होती है तो हमें तुरंत सूचित करे। हम उनकी बात को संज्ञान में लेते हुए तुरंत कार्यवाही करेगे। थाना प्रभारी ने लोगो से सहयोग की अपील की है। लोग बाइक धीमी गति से चलाए तेज गति से ड्राइविंग न करे। बगैर हेलमेट के बाइक न चलाए इसलिए कि घर में कोई आपका इंतेज़ार कर रहा होता है। थाना प्रभारी ने कहा कि अबकी बार दिव्य कुंभ महाकुंभ होगा जिसमें देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए आते हैं। पीस कमेटी की बैठक में स्थानीय पार्षद अब्दुल समद, पार्षद रमीज, ग्राम प्रधान सरदारी लाल पाल, श्याम पाल अमीर समेत बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष समारोह 15 दिसम्बर को

अवधनामा संवाददाता



डा. कीर्तिका अग्रवाल ने कहा ङ्क काशी विश्वनाथ मंदिर का कराया था पुनर्निमाण, नई पीढी को अहिल्याबाई से जोड़ने की पहल

**प्रयागराज।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन 15 दिसम्बर को अपराह्न तीन बजे एमपी हाल, मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, तेलियरगंज में किया जायेगा। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी होंगे। इस आशय की जानकारी गुरुवार को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति, प्रयागराज की संयोजिका डाक्टर कीर्तिका अग्रवाल ने सिविल लाइंस स्थित वात्सल्य सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी।

डाक्टर कीर्तिका अग्रवाल ने बताया कि समारोह समिति की राष्ट्रीय सचिव कैप्टन मीरा सिद्धार्थ दवे एवं कार्याध्यक्ष उदयराजे होलकर विशिष्ट अतिथि होंगे। अध्यक्षता समारोह समिति की अध्यक्ष चंद्रकला पाड़िया करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन भी होगा। साथ ही प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। इसके पूर्व महानगर में विभिन्न स्थानों से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसी क्रम में 7 दिसम्बर को सिविल लाइन्स चर्च स्थित धरना स्थल से शोभायात्रा निकलेगी जो हनुमान मंदिर, वात्सल्य अस्पताल होते हुए पुनः धरना स्थल पर समाप्त होगी। 9 दिसम्बर को नैनी में, 10 दिसम्बर को देव प्रयाग नगर फाफामऊ में एवं 12 दिसम्बर को तेलियरगंज में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में अहिल्याबाई होलकर के जीवन से सम्बन्धित झांकियां शामिल होगीं। डा अग्रवाल ने बताया कि त्रिशताब्दी वर्ष समारोह में सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होंगे। उन्होंने लोगों से समारोह में भाग लेने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य श्रीमती रीना मिश्रा, घनश्याम अग्रहरि, मुरार जी त्रिपाठी आदि भी उपस्थित रहे।

## लुई ब्रेल ने दी नेत्रहीनों को ज्ञान की दिव्य रोशनी

**बलिया।** प्रकृति के रहस्यों को जानने की जिज्ञासा ने मानव को आधुनिक विकास के पथ पर आरोह किया है। ऐसा ही चमत्कार कर लुई ब्रेल ने दृष्टिबाधितों को ज्ञान की रोशनी दी है। उनके अविष्कार को ब्रेल लिपि कहा गया। रसड़ा क्षेत्र के पांडेयपुर-संवरा में बुधवार को नगीना ज्योति दृष्टि बाधितार्थ विद्यालय में लुई ब्रेल के 215 वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक गुलाबचंद्र चौहान ने उपर्युक्त बाते कहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ लुई ब्रेल के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। गुलाबचंद्र चौहान ने भाषा विज्ञान में लिपियों के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेत्रहीन लोगों की रोशनी अवश्य छीन गई है किंतु ईश्वर द्वारा ऐसा ज्ञान प्रदान किया गया है जिसके बल पर ये कला व मेधा से देश ही नहीं अपितु विश्व पटल पर अपना व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने दूर-दराज से आए दिव्यांग जनों को माल्यापर्ण कर गुलाबचंद्र ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर मोहन चौहान, नसीबुननिशा , रामध्यान, रामाशंकर, जितेंद्र चौहान, कृष्णा यादव, बालचंद ने भी संबोधित किया।

# विधायक के नेतृत्व में सपाइयों ने राज्यपाल को भेजी पाती

अवधनामा संवाददाता

**सिकंदरपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी के नेतृत्व में तहसील में पहुंच राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रवि कुमार को सौंपा। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग किया। ज्ञापन में रवि फसल की बुवाई चरम पर होने के बाद भी तहसील अंतर्गत किसी साधन सहकारी समिति पर डीएपी खाद नहीं है जिसके कारण किसान बाजार से दो नंबर का डीएपी महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर हैं किसानों के हित में सभी साधन सहकारी समितियां पर डीएपी अतिशीघ्र उपलब्ध कराने तहसील के अंतर्गत आने वाली किसी भी नहर में अब तक पानी नहीं छोड़ा गया है जिसके कारण नहर क्षेत्र में आने वाले किसानों की बुवाई के लिए खेत में पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे रवि की बुवाई बहुत पीछे जा रही है अति शीघ्र नहरों में पानी छोड़ने तहसील के अंतर्गत घाघरा नदी के किनारे बसे गांव के किसानों का कटान से व्यापक नुकसान होने के बावजूद अब तक सर्वे नहीं कराया गया ना ही किसानों को मुआवजा दिया गया तत्काल कटान रोकने की व्यवस्था करने व किसानों को मुआवजा देने तहसील के अंतर्गत खोले गए धान क्रय केदो पर धान की गुणवत्ता के नाम पर वजन में भारी कटौती करने व केंद्रों पर बिचौलियों के माध्यम से धान खरीदारी करने से रोकने व क्रय केंद्रों की निगरानी करने मांग किया है। ज्ञापन देने वालों में विधानसभा अध्यक्ष रामजी यादव, डॉक्टर मदन राय, सीपी यादव, भीष्म यादव, गुरुज लाल राजभर, श्रीराम यादव, अनंत मिश्र, हृदय यादव, धनंजय सिंह, बबलू सिंह, देवनारायण यादव, अखिलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## विवेचना पूर्ण ना होने पर उच्य न्यायालय ने गोरखपुर एसएसपी को किया तलब

**प्रयागराज।** प्रदेश के कई डॉक्टरों एवं गोरखपुर के डॉक्टरों की फर्जी डिग्री बना कर पैथालॉजी सेन्टर चलाए जाने वाले गिरोह के केस में राम पांडे उच्च न्यायालय इलाहाबाद में मुकदमा डाला। जिसमें अधिवक्ता अश्विनी कुमार श्रीवास्तव के द्वारा कैविएट डाले जाने के कारण उन्हें इसकी सूचना प्राप्त हुई।

इसी प्रकरण में प्रथम सूचना रिपोर्ट 17 मई 2024 को राहुल नायक द्वारा दर्ज कराई गई जिसमें मुख्य आरोपी राम पांडे और अलाउद्दीन को बनाया गया है। इसमें जब गोरखपुर पुलिस जांच कर रही है थी तो यह पता चला कि यह लंबा गिरोह है। यह गिरोह इस प्रकार का कार्य कर रहा है और डॉक्टरों की फर्जी डिग्री बनवाकर पैथोलॉजी खुला रही है।

इसी प्रकरण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज को शपथ पत्र (22 मई 2024) के द्वारा सूचना दी गई की प्रयागराज में राहुल नायक के नाम से एक पैथोलॉजी का रजिस्ट्रेशन करवा कर उपयोग किया जा रहा है। जो ना मेरे जानकारी में है और ना ही मैं इस संदर्भ में कोई सूचना प्राप्त किया हूं। इसी प्रकरण में न्यायालय ने एसएसपी गोरखपुर से एफिडेविट पर इस संदर्भ में जवाब मांगा तो वह न एफिडेविट पर जवाब दिए और ना ही इस प्रकरण में अवगत करवाए। इसी प्रकरण में विवेचना पूर्ण न होने पर उच्चन्यायालय की डबल बैंच न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी एवं न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार द्वारा फटकार लगाते हुए गोरखपुर एसएसपी को किया तलब और जवाब मांगा।

इस केस को डॉक्टरों की तरफ से अश्वनी कुमार श्रीवास्तव और अभ्युदय मेहरोत्रा से पैरवी कर रहे हैं।

# ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा,बसरेहर।** बीडीओ धीरज कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत उपस्थित समस्त पदाधिकारियों व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शपथ दिलायी गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देश पर पहुंचे बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत विषम परिस्थितियों में रहने वाले अनाथ, दिव्यांग,परित्यक्त व भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को शिक्षा से जोड़ने,एड्स कैंसर व जानलेवा बीमारियों से ग्रसित तथा कारागार में निरुद्ध अभिभावकों के समस्याग्रस्त बच्चों के चिन्हांकन व उनको कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किये जाने हेतु जागरूक किया। उन्होंने ग्राम सभा वार समस्त ग्राम पंचायतों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बैनर भी प्रदान किये। प्रभारी सीडीपीओ सुमनलता ने विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला।सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने न्यायपीठ-बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय पीठ,चाइल्ड हेल्पलाइन व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी दी। सीएचसी के डॉ. ललित वर्मा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि अनुपम शुक्ला,आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा आदि ने भी जानकारियां दीं।इस दौरान बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं। आउटरीच कार्यकर्ता रमाकांत ने सहयोग प्रदान किया।

## रमेश सैनी और लुकेश राही की भूख हड़ताल चौथे दिन जारी

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन एवं महात्मा ज्योतिराव फूले विकास समिति मथुरा के संयुक्त नेतृत्व में लुकेश कुमार राही रमेश सैनी अजय कुमार द्वारा दंडवत यात्रा की प्रशासनिक अनुमति की मांग को लेकर हो रही राजकीय छात्रावास कचहरी मथुरा पर भूख हड़ताल चौथे दिन जारी रही। चौथे दिन भूख हड़ताल स्थल पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी एवं प्रमुख प्रदेश महासचिव उदयभान जाटव ने संयुक्त रूप से अपने बयान में कहा जिला प्रशासन समान शिक्षा जातीय जनगणना की मांग को लेकर हो रही दण्डवत यात्रा की परमिशन की अनुमति को लेकर चार दिन से रमेश सैनी लुकेश राही भूख हड़ताल पर बैठे हैं लेकिन जिला प्रशासन कुंभकरणीय के नींद सो रहा है।

# रिमोट सेंसिंग तकनीक से डिजिटल होंगे विभाग

- बनेगा डिजिटल डाटा बेस
- जिलाधिकारी के निर्देशन में रिमोट सेंसिंग तकनीक का दिया गया प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में सीडीओ कमलाकांत पांडेय की अध्यक्षता में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, उ.प्र. लखनऊ (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) विभाग द्वारा तकनीकी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अर्ध दिवसीय कार्यशाला में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर के परियोजना वैज्ञानिकों डॉ.जय कुमार मिश्रा द्वारा रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेंटर में एनआरआईएस परियोजना में रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस तकनीक का उपयोग करके जनपदवार तैयार किये गये डिजिटल डाटाबेस का प्रस्तुतीकरण किया गया एवं उक्त के बारे में जानकारी दी। उक्त के अतिरिक्त परियोजना वैज्ञानिक द्वारा रिमोट सेन्सिंग, जीआईएस एवं जीपीएस तकनीक के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई और यह बताया गया कि इस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, भू-संचय, जल-संचय, प्राकृतिक आपदा, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, सिंचाई विभाग, जल निगम, नलकूप, सड़क, वन आदि में किया जाता है एवं भुवन पोर्टल पर भी जाकर इस सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा लिडार तकनीक एवं प्रधानमंत्री गतिशक्ति वेब पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों के डाटाबेस के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि रिमोट सेन्सिंग एवं जी0आई0एस0 तकनीक विकास के इस वर्तमान युग में, एक नवीनतम तकनीक के रूप में विभिन्न संस्थाओं द्वारा अपने-अपने उद्देश्यों से सम्बन्धित कार्यो को, सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। इस तकनीक का उपयोग करके बहुत सारे कार्य आदि विभिन्न विभागों द्वारा रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन्स सेन्टर, उ.प्र. लखनऊ के माध्यम से करवाया जा रहा है, जो कि उनके विभागों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो रहा है साथ ही आरएसएसी, यूपी द्वारा स्वयं के स्तर से भी शोध एवं विकास कार्यो के रूप में कई महत्वपूर्ण कार्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के आंकलन हेतु आरएस एण्ड जीआईएस तकनीक का उपयोग कर सम्पादित किये जा रहे है और उक्त के फलस्वरूप सृजित मानचित्र एवं आंकड़े सम्बन्धित उपयोगकर्ता विभागों के उपयोगार्थ उपलब्ध कराये जा रहे है।

जीआईएस तकनीकी का उपयोग करके विभिन्न विभाग अपने-अपने आंकड़ों को इस प्लेटफार्म पर संकलित कर सकते है और विभिन्न परियोजनाओं के लिए डिसीजन सपोर्ट सिस्टम तैयार कर सकते है। हमारे जनपद ललितपुर हेतु इस केन्द्र द्वारा विभिन्न प्रकार के अध्ययन पूर्ण किये गये है और कतिपय अध्ययन वर्तमान में भी किये जा रहे है। इसका प्रस्तुतीकरण अभी आपके समक्ष, इस केन्द्र से आये हुये परियोजना वैज्ञानिक करेंगे। बैठक में निर्देश दिये गए कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग के आंकड़ों को इस जी.आई.एस. प्लेटफार्म पर लाने के लिए यहाँ पर उपस्थित रिमोट सेन्सिंग एप्लीकेशन सेंटर, उ.प्र. लखनऊ से आये परियोजना वैज्ञानिक द्वारा दिये जाने वाले प्रस्तुतीकरण को ध्यानपूर्वक समझ लें और इसका संचालन करें। कार्यशाला में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसडीएम सदर चन्द्रभूषण प्रताप, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, ईओ, डीडी कृषि, कृषि रक्षा अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, डीपीआरओ, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, डीएफओ, डीआईओएस, उपायुक्त एनआरएलएम, उपायुक्त मनरेगा, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई, बीएसए, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड,सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, उपायुक्त उद्योग, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

## विश्व दिब्यांग दिवस पर शिविर लगा कर की सेवा

**मथुरा।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विकलांग सहायता संस्था मथुरा के तत्वावधान में ब्रजवासी हाई टेक उद्योग परिसर, मथुरा में एक दिव्यांग सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन श्री अग्रवाल जन कल्याण समिति द्वारा संचालित अंतिम संस्कार वस्तु सुविधा केंद्र, विकास बाजार, मथुरा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर 26 दिव्यांग भाई-बहनों का पंजीकरण किया गया और उनका परीक्षण एम्स सैफई, उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संजय सिंह द्वारा किया गया। परीक्षण के बाद दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 3 ट्राइसाइकिल, 2 व्हीलचेयर, 5 वैशाखी, 4 कृत्रिम पैर, 5 केलिपैर, 4 छड़ी, और 1 सिलाई मशीन शामिल थे। इस कार्यक्रम में श्री अग्रवाल जन कल्याण समिति के राजीव गोयल, विजय बंसल, के. जी. सिंघल, मुकेश अग्रवाल, और विशन कुमार (बर्तन वाले) मुख्य संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, मंत्री राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सह मंत्री सुनील बंसल, संगठन मंत्री रमन लाल अग्रवाल, प्रचार मंत्री आनंद अग्रवाल, आय-व्यय निरीक्षक आनंद गर्ग, सह व्यवस्थापक ब्रज बिहारी (ऊन वाले), और वाहन व्यवस्थापक सुनील अग्रवाल ने भी विशेष योगदान दिया।

# विद्यालय के संस्थापक बाबूलाल जैन साइकिल वालों की पुण्यतिथि मनायी

अवधनामा संवाददाता




**ललितपुर।** श्री ज्वाला शिक्षा मंदिर दैलवारा में विद्यालय के संस्थापक बाबूलाल जी जैन साइकिल वालों की 30वी पुण्यतिथि बड़े ही श्रद्धा के साथ दान पुण्य कर मनायी गई। इस दौरान अन्नपूर्णा भोजनालय में सभी जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। इस दौरान अजय जैन साइकिल, बब्बू राजा, प्रदीप चौबे, हरदयाल सिंह एड., अनुराग जैन शैलू, रवींद्र जैन, राजेश्वर, नरेंद्र कड़की, प्रदीप जैन, मनीष पटवारी आदि ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री ज्वाला बाबू शिक्षा मंदिर दैलवारा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डा.सुनीता दिवाकर, डा.भीम सिंह, सहायक मोहन राज, मदन सिंह ने शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच कर दवा दी गई। मौके पर सर्वप्रथम शिक्षा की देवी मां सरस्वती के चित्र पर नेताजी केहर सिंह बुंदेला ने माल्यार्पण किया। विद्यालय के प्रबंधक अजय जैन साइकिल ने अपने पूज्य पिताजी बाबूलाल जैन साइकिल वालों के चित्र पर माल्यार्पण किया। रवींद्र जैन, प्रदीप जैन, रामविलास, राकेश कुमार, प्रिया ने अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की। इस दौरान अजय जैन साइकिल ने कहा कि ज्वाला बाबू शिक्षा मंदिर विगत 30 वर्षो से ग्रामीण क्षेत्र में अपनी सेवा देकर यहां के नौनिहालों को संस्कार देने का कार्य कर रहा है। यहां के छात्र-छात्राएं आज बहुत अच्छी-अच्छी स्थान पर अपनी सेवाएं देकर श्रीज्वाला बाबू शिक्षा मंदिर का नाम रोशन कर रहे हैं। हम यहां संस्कार देकर उनके जीवन में शिक्षा का बीजारोपण करते हैं, जो उनके उज्जवल भविष्य बनाते हैं। विद्यालय में अध्यापक प्रिया जैन, सरोज श्रीवास्तव, शिवानी राजा, मिनी जैन को पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। शिक्षा मंदिर के बच्चों ने श्रद्धा की सरस्वती वंदना भारत की एकता अखंडता के गीत नाटक प्रस्तुत किए। आदर्श, किरण, नवीन, सिद्धार्थ, प्रधान, संजू, राज, गीत आदि ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अरुण जैन, अनिल जैन, अजय जैन, आनंद जैन द्वारा जरूरतमंदों को साडियां गर्म कपड़े एवं अन्य जरूरत के समान वितरण किए गए। अजय जैन साइकिल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है शिक्षा ज्ञान दान सर्वश्रेष्ठ दान है।

# संभल में जुमे की नमाज के लिए तीस मजिस्ट्रेट तैनात किये गये

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद दूसरे जुमे की नमाज शांति पूर्वक संपन्न करने के लिए 30 मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं पीस कमेटी के सदस्यों से जुमे की नमाज अपने अपने क्षेत्रों की मस्जिदो मे अदा करने के लिए कहा गया है कल (आज) होने वाली जुमे की नमाज के लिए संभल के कई थानो की पुलिस के साथ पी एसी व आर पी एफ की तैनाती की गयी है जिलाधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र पेसिया ने बताया है कि कल आज होने वाली जुमे की नमाज के मद्देनजर 30 मजिस्ट्रेट की तैनात किये गये हैं इसके अलावा संभल मे कई थानो की पुलिस के साथ पीएसी व आर पी एफ की तैनाती रहेगी पीस कमेटी के सदस्यों से कहा गया है कि अपने अपने क्षेत्र की मस्जिदो मे नमाज अदा करे संभल मे ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद से संभल मे माहौल शांत है पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने फोर्स के साथ शहर के अलग अलग इलाको में पैदल गशत करके लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है संभल ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के 34 आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं जिनको जेल भेजा दिया गया है हिंसा में शामिल अन्य आरोपियो के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है ! संभल मे पूर्ण रूप से शांति है बाजार पुरी तरह खुले है हिंसा वाले इलाके की दुकाने भी खुल गयी है लोग खरीदारी कर रहे हैं एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है।

## हिंसा वाले इलाके मे सर्च के दौरान तीसरे दिन भी मिले कारतूस के खोके

**संभल।** पुलिस टीम को जांच के दौरान जामा मस्जिद इलाके के आसपास से तीसरे दिन सर्च के दौरान तीन कारतूस खोके मिले हैं जांच पड़ताल में जुटी फॉरेंसिक टीम। फारिसिक टीम लगातार सर्च अभियान चला रही हैं जांच के दौरान आज तीसरे दिन तीन कारतूस के खोके मिलने से टीम के हाथो बडी सफलता लगी जांच के दौरान शाही जामा मस्जिद के क्षेत्र में तीन कारतूस के खोके मिले है पुलिस जाच पड़ताल में फरिसिक टीम फोरेंसिक टीम को आज तीसरे दिन तीन कारतूस 1खोखा 7.62 और दो बोर के मिस फायर कारतूस मिले है। संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद पुलिस का सर्च अभियान चलाया जा रहा है तीसरे दिन फारिसिक टीम को तीन कारतूस और खोखा मिले हैं टीम को अब तक दस कारतूस और खोखा बरामद हो चुके हैं पाकिस्तान और यू एस ए के कारतूस मिलने के बाद सर्च टीम को आज बडी सफलता मिली है।

# मंकी सफारी ही बंदरो की समस्या का एक मात्र समाधान

- बंदर पेड़-पौधे भी कर रहे नष्ट, मनुष्यों का जीना भी किया दुश्वार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन में बंदरों के उत्पात के कारण बड़ी संख्या में पेड़-पौधे नष्ट हो रहे हैं। यही कारण कि मंदिरों, घरों और पार्कों में पेड़ों को बचाना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। वृंदावन के राधावल्लभ मंदिर घेरा सहित घरों में पेड़ों को बंदरों से बचाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। वहीं पार्कों में पेड़ों को बचाने के लिए निगम कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

मथुरा के भगत सिंह पार्क एवं वृंदावन के गांधी पार्क सहित दो दर्जन पार्कों में लगे पेड़-पौधों को बंदरों से बचाना निगम कर्मचारियों के लिए मुश्किल हो रहा है। बंदरों के कारण रात दिन पेड़ों की रखवाली करनी पड़ रही है। इसके बावजूद मौका मिलते ही बंदर पेड़ों को नष्ट कर रह हैं। वहीं घरों में लगे पेड़-पौधों को बचाना भी लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। नतीजतन घरों और मंदिरों से पेड़ कम होते जा रहे हैं।

हरियाली से लगाव रखने वाले लोग घरों में बंदरों से पेड़ों के बचाव के लिए लाखों रुपये खर्च कर लोहे का जाल लगा रहे हैं। बंदरों से पेड़ों को बचाना मुश्किल हो रहा है। साथ ही गली मोहल्लों में भी बंदरों ने अपना आतंक कायम कर रखा है लोग घरों से निकलते वक्त भय महसूस करते है, सबसे ज्यादा बंदरो से महिला और छोटे बच्चों को ज्यादा डर लगता है।



### लोगों की मांग- बने मंकी सफारी

1-कथावाचक लालजी भाई शास्त्री का कहना है कि नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी से यह समस्या लंबे समय से बनी है। सांसद हेमा मालिनी ने जो चुनाव के दौरान मंकी सफारी बनाकर समस्या के निदान का वादा किया थ उसे पूरा करें। 2- समाजसेवी यज्ञदत्त चतुर्वेदी ने बताया कि नगर में बंदरों की समस्या से हर कोई परेशान है। इस समस्या का निदान करने के बजाय जनप्रतिनिधियों ने इसे चुनावी मुद्दा बना लिया है। वर्षों पुरानी समस्या का निदान के लिए जन आंदोलन की जरूरत है। 3- गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि बंदरों के उत्पात के कारण बच्चों को घर से निकलना दुश्वार हो रहा है। बच्चों को स्कूल बस तक छोड़ने के लिए परिजनों को डंडा लेकर जाना पड़ता है। यह एक बड़ी समस्या है। इसका निदान होना चाहिए।

# पल्स पोलियो अभियान में 3.98 लाख बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य

अवधनामा संवाददाता

- 3.98 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक
- जिले भर में 3.98 लाख बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य
- डीएम की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**संभल।** रविवार से शुरू होने जा रहे पल्स पोलियो अभियान में 3.98 लाख बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। डीएम ने अभियान की सफलता की तैयारियों की परखा और अधीनस्थों को निर्देशित किया।

बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने पोलियो अभियान की तैयारियों को बारीकी से परखा। उन्होंने कहा कि रविवार को बूथ दिवस पर सभी स्कूल मदरसे खुलेंगे, वहाँ मिडडे मील भी बनेगा बच्चों की बुलावा टोलियां सक्रिय रहकर बूथ कवरेज बढ़ाने में सहयोग करेंगी। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के साथ बेसिक शिक्षा, पंचायती राज, बाल विकास, नगर विकास, पूर्ति, राजस्व, अल्पसंख्यक कल्याण आदि विभाग अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर तरीके से निर्वहन करें ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर सभी बच्चों को पोलियो खुराक पिलाई जा सके। सीएमओ डॉ. तरुण पाठक ने बताया कि पोलियो अभियान की सफलता की तैयारियां जारी हैं। कार्ययोजना बन चुकी है, प्रशिक्षण प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। उन्होंने निर्देश दिए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो खुराक जरूर पिलाई जाए।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार आदिम ने बताया कि इस बार शून्य से पांच साल तक के 3,98,168 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए रविवार को जिले भर में 1,448 बूथ लगेंगे। बूथ पर दवा पीने से वंचित बच्चों को अगले पांच दिन तक 854 टीमें घर-घर भ्रमण कर दवा पिलाएंगी। साथ ही भीड़-भाड़ वाली जगह, बाजार, बस अड्डों पर दवा पिलाने के लिए 123 ट्रंजिट और 36 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। यहां डॉ पंकज विश्नोई, डॉ संतोष कुमार, डॉ. शाहनवाज, डॉ विश्वास अग्रवाल, डॉ मनीष अरोड़ा, संजीव राठौर, डॉ. हरवेंद्र सिंह, डॉ विरास यादव, डॉ राजवीर सिंह, डा. भरत दुबे, अरबाब मेहंदी, मुकेश शर्मा, प्रवीन कुमार, अब्दुल कय्यूम आदि मौजूद रहे।

## रंजिश में हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग हुए घायल

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव मलसराय में गुरुवार की सुबह आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने झगड़े में घायल हुए लोगो को गोवर्धन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए पहुंचाया। जिसमें अस्पताल के डाक्टरों द्वारा विमलो देवी उम्र करीब 29 साल अर्जुन उम्र करीब 22 साल मन्नू ऊर्फ सुरेन्द्र उम्र करीब 27 साल नेहा उम्र करीब 20 साल कमलेश नामक महिला घायल हुई महिला का गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई। झगड़े के दौरान घायल हुए मन्नू नामक युवक ने बताया कि गांव के दबग लोगो द्वारा मेरे साथ और मेरे पारिवारिजनो के साथ मारपीट की है। जो कि जमीन को लेकर यह झगड़ा हुआ है।

## योगी सरकार शीतकालीन सत्र में पास करे पत्रकार सुरक्षा कानून : गोपाल

**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के आगरा मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने लोक तंत्र के चौथे स्तंभ पर वर्तमान मै चल रहे हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर मांग की है कि पत्रकारों की सुरक्षा का कानून इस शीतकालीन सत्र में पास कर पत्रकारों को उनका वास्तविक हक प्रदान करें। पत्रकारों की सुरक्षा का मुद्दा चिंता का विषय है , पिछली सरकारों ने भी पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, वर्तमान भाजपा सरकार का भी 7 साल से अधिक का समय पूर्ण हो चुका है अभी तक उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान की सिर्फ खोखली वात ही होती रही है कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उत्तर प्रदेश के तमाम पत्रकारों को योगी आदित्यनाथ की सरकार से विशेष उम्मीद है कि पत्रकार हित मैं इस वर्तमान सरकार मै जरूर उनके मन की बात को सुनकर पूर्ण किया जायेगा। पूर्व मै विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने भी पत्रकारों के हित के लिए नियम 115 के तहत प्रमुख सचिव विधान परिषद को पत्र के माध्यम से अवगत कराया था पत्रकार सुरक्षा कानून वर्तमान समय मैं पत्रकारों के लिए उपयोगी साबित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फातिमा जहरा की याद मे मजलिस का आयोजन



**संभल।** पैगंबर ए इस्लाम की बेटी फातिमा जहरा की शहादत की याद में मजलिस मातम का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा इमाम बाडा इमाम अली रज़ा और इमाम बाडा फरमान हुसैन मे मजलिसे की गयी ! इमामबाडा इमाम अली रज़ा मुहल्ला नूरियो सराय मे जनानी व इमामबाडा फरमान हुसैन मे मर्दानी मजलिस बरपा की गयी जिसमें शाहिद साहब ने खिताब करते हुए कहा कि बेटियो को तालिम जरूर दिलाये जिससे किसी के ऊपर निर्भर न रहे। इन्होने कहा कि बेटियाँ रहमत है जहमत नही इस लिए इनकी ताजिए करे पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा अपनी बेटी के आने पर खड़े हो कर इस्तकबाल करते थे ! जितना हो सके अपनी बेटियों को तालीम दिलाना के लिए आगे रहे बेटियों को तालीम से महरूम न रखे मजलिस मे बीबी फातिमा जहरा के मसायब बयान किये गये जिनको सुन कर मजलिस मे मौजूद लोगों की ऑखो से आँसू छलक आये। मजलिस मे मरसियाख्वानी जनाब शमाईम रजा साहब ने की पैकर संभली ने कलाम पेश किया नोहाख्वानी जनाब अली अब्बास अता अब्बास ने की अन्जुमने फरोगे अजॉ ने सीनाजनी की मजलिस मे सुहैल अब्बास असगर सलीम मेहदी अली जहीर रंजी हैदर अली सादिक एडवोकेट नैयर अब्बास हुसैन जहीर असद हैदर शवाब आलम साजिद हुसैन आदि लोग मौजूद रहे इमाम बाडा इमाम अली रज़ा हुसैनी चोक मे जनानी मजलिस मे बीबी फातिमा जहरा के मसायब बायन किये गये नोहे व मातम बरपा किया गया।

### श्री बांकेबिहारी महाराज का 481वां प्राकट्योत्सव आज

**वृंदावन (मथुरा)।** मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की पंचमी को ठाकुर श्रीबांकेबिहारी का प्राकट्य हुआ था। आराध्य के प्राकट्योत्सव को मनाने के लिए देश-विदेश से उनके भक्त वृंदावन पहुंचने लगे हैं। ठाकुर श्रीबांकेबिहारी महाराज का 481वां प्रादुर्भाव महोत्सव आज 6 दिसंबर को मंदिर और उनकी प्राकट्य स्थली निधिवन में धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर को विद्युत प्रकाश, गुब्बारों और पीले रंग के कपड़ों से सजाया जाएगा। परंपरागत महोत्सव की तैयारियां सेवायत गोस्वामियों द्वारा जोरों से की जा रही हैं। मंदिर के सेवायत आचार्य प्रहलाद वल्लभ गोस्वामी ने बताया कि आज 6 दिसंबर को विहार पंचमी तिथि पर सुबह ठाकुरजी की प्राकट्य स्थली निधिवन में दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, गंगा-जमुना एवं गुलाबजल आदि से पहले सेवायत गोस्वामी उसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा अभिषेक किया जाएगा। इस दौरान पद गाए जाएंगे। ठाकुरजी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदास महाराज की बधाई चाव शोभायात्रा (सवारी) निधिवन से शुरू होकर दोपहर 12 बजे बांकेबिहारी मंदिर पहुंचेगी। मान्यता है कि ठाकुर बांके बिहारी जी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदासजी अपने प्रिय प्रभु को प्राकट्य की बधाई देने के लिए चांदी के रथ पर विराजमान होकर सवारी के रूप में बांकेबिहारी मंदिर जाते हैं। मंदिर में बांकेबिहारी का मंगल टीका करके मेवाओं का तथा मोहनभोग (केसर हलुआ) का भोग लगाया जाएगा। इसके बाद आराध्य की आरती की जाएगी। ठाकुर बांकेबिहारी महाराज, स्वामी हरिदास एवं जगन्नाथजी को एक साथ राजभोग सेवित किया जाएगा। इसके बाद यह विशेष मोहन भोग भक्तों में वितरित किया जाएगा।

# बारदेही सुपर किंग और बिरौरा सुपर राइजिंग रही विजयी

- इरशाद खान तीन विकेट व 24 रन बनाकर व दीपांशु झांगड़ा 3 विकेट लिये, बने प्लेयर ऑफ द मैच

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** आईपीएल की तर्ज पर निशी क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में स्व.पं.महेश तिवारी मसौरा की स्मृति में द विस्टेरिया गोल्ड कप अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का पांचवें दिन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो मैच खेले गये। पहला मैच पॉवर हिटर्स और बरदेही सुपर किंग दूसरा विरौरा सुपर राइजिंग और मनगुवां वॉरियर्स के बीच खेला गया।

पहले मैच में बरदेही सुपर किंग ने बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाये, पॉवर हिटर्स के बल्लेबाज मात्र 46 रन पर ही पूरी धराशायी हो गई। जिससे बरदेही सुपर किंग ने 102 रन से मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। दूसरा मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए विरौरा सुपर राइजिंग के बल्लेबाज 19 ओवर 116 रन बना कर टीम ऑल आउट हो गई। जबाब में मनगुवां सुपर राइजिंग के बल्लेबाज 16.3 ओवर में 74 रन पर पूरी टीम सिमट गई और विरौरा सुपर राइजिंग ने 42 रन से मैच जीत लिया। बेरदेही सुपर किंग के इरशाद 24 रन बनाकर व तीन विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। दूसरे मैसज में दीपांशु झांगड़ा तीन विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। पहले मैच में बरदेही सुपर किंग के बल्लेबाज समर प्रताप ने 43 रन बनाकर नावाद रहे इरशाद ने 24 रन अमित रैकवार ने 22 रन रियांश शाक्य 19 रन प्रियांश ने 15 रन बनाये शेष बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके अतिरिक्त 20 रनों के के साथ टीम का स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाये। पॉवर हिटर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंश ध्रुव ने 3ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट लिये देव, रिहान, विनायक, अभिनन्दन ने एक - एक विकेट लिया। लख्य का पीछा करते हुए पॉवर हिटर के बल्लेबाज कुछ खास नहीं सके कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका मात्र 46 पर टीम ठेर हो गई। जिससे बरदेही सुपर किंग ने 102 रन से लीग मैच जीतकर सेमीफायनल में प्रवेश कर लिया है बरदेही सुपर किंग की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रियांशु चौबे, इरशाद खान ओर रूपेश ने तीन -तीन विकेट लिये आयुष ने एक विकेट लिया। दूसरे मैच में विरौरा सुपर राइजिंग के बल्लेबाज पवन रैकवार ने 30 गेंद खेलकर 36 रन जड़े। जोएम परवेज ने 21 रन अंकुश कंजर 10 रन और सात बल्लेबाज दो अंको में नहीं पहुँच सके 22रन अतिरिक्त के विरोरा सुपर राइजिंग की टीम 116 रन बना सकी। मनगुवां वॉरियर्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए मनीष ने 2.4 ओवर में 9 रन देकर महत्वपूर्ण 5 विकेट झटके नेहाल ने दो विकेट लिये आलेख, लकी और प्रिन्स ने एक -एक विकेट लिया ! लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरे मनगुवां वॉरियर्स के बल्लेबाज नेहाल ने 18 रन दिव्यांश सैनी 11 रन आलेख कुमार 10 रन ध्रुव लिटोरिया ने 7 रन लकी ने 6 रन मनीष और हर्ष ने 2-2 रन बनाये द्रौण भटनागर और जीशान एक -एक रन प्रिन्स और अंश वर्मा बिना कोई रन बनाये आउट हो गये अतिरिक्त के साथ 74 रन जोड़ सके। निर्णायक की भूमिका में अभिनव तौमर व आदित्य सेंगर रहे, स्कोरिंग का भार सिद्धार्थ जैन ने सम्भाला। मैच का आँखों देखा हाल प्रतीक श्रीवास्तव व विभांशु तिवारी ने सयुंक्त रूप से सुनाया आयोजन कमेटी में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद नसीम, पवन परमार, क्रिकेट कोच अजहर खान, रामप्रताप सिंह, रत्नेश दीक्षित, देवेंद्र राजा, विजय निरंजन, धर्मेंद्र गोस्वामी, राजकुमार कौशिक, पीएस परमार, अरविन्द राजा, कुमार नुना, अजय राजा, नितिन पुरोहित, रामेश्वर सेन, पुष्पेंद्र राजा, विवेक कौशिक के आलावा अन्य सदस्य मौजूद रहे। शुक्रवार का पहला मैच मनगुवां वॉरियर्स और हैमर दूसरा बुंदेलखंड वॉरियर्स व वीर बुन्देली वॉरियर्स राइजिंग और मनगुवां वॉरियर्स के बीच खेला जयेगा।

# एडीजे/सचिव ने मदर टेरेसा आश्रम का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देशानुसार एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज ने ग्राम पनारी स्थित मिसनरीस ऑफ चैरिटी मदर टेरेसा आश्रम में विजिट करते हुये मदर टेरेसा आश्रम का निरीक्षण किया। आश्रम में कुल 50 मानसिक महिलायें है जिनकी देख-रेख उक्त आश्रम द्वारा की जाती है। एडीजे/सचिव द्वारा आश्रम में उपस्थित इंचार्ज कीर्ति चन्द्रा को अवगत कराया गया कि मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बना है और उनकी देखभाल के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करता है। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं की गुणवत्ता को सुधारना और मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करना है।

विकलांगता अधिकार अधिनियम 2016 अधिनियम विकलांगता से प्रभावित व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा करता है और उनके लिए समान अवसरों को सुनिश्चित करता है। यह कानून उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और अधिकारों की शुरुआत करता है तथा यह भी अवगत कराया कि लीगल सर्विस यूनिट मनोन्याय के अन्तर्गत जनपद में कमेटी का गठन हुआ है जो ऐसे मानसिक लोगों को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायेगें। इंचार्ज ने अवगत कराया गया कि कुछ मानसिक महिलाओं को व्हील चेयर, वॉकर, कान में सुनने की मशीन तथा मानसिक महिलायें जो बीमार है उनके लिये बेहतर उपचार में कठिनाईयां उत्पन्न होती है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस संबंध में सीएमओ को पत्राचार कर स्पेशल डाक्टर की टीम हेतु भेजा जाय तथा दिव्यांगजन अधिकारी को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया कि मदर टेरेसा से सामंजस्य स्थापित कर व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# ऑस्ट्रेलियाई टीम में दरार की अफवाहों पर ये क्या कह गए कप्तान रोहित शर्मा




भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टूर्नामेंट के तहत खेले जा रहे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबल एडिलेड में खेला जाएगा। ये मैच भारतीय समय के मुताबिक सुबह 9.30 बजे से खेला जाएगा। 6 दिसंबर से शुरू होने वाले इस टेस्ट से ठीक एक दिन पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस में हिस्सा लिया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में दरार की अफवाहों पर अपनी बात सबके सामने रखी।

दरअसल, पर्थ टेस्ट मैच में भारत ने कंगारू टीम को जबरदस्त पटखनी दी और इसके बाद टीम के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने इसके लिए टीम के बल्लेबाजों को जिम्मेदार ठहराया। इसके ठीक एक दिन बाद ही वो चोट की वजह से दूसरे टेस्ट मैच से बाहर कर दिए गए। इसके बाद पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने दावा किया कि हेजलवुड चोटिल नहीं थे और पूरी तरह से फिट थे। उन्होंने कहा था कि उन्हें हार का दोष बल्लेबाजों को देने की वजह से दंडित किया जा सकता है। इससे ऑस्ट्रेलिया ड्रेसिंग रूप में दरार की अटकलें लगने लगीं।

रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कंगारू टीम में दरार की बात पर साफ तौर से कहा कि उन्हें ऑस्ट्रेलियाई टीम के भीतर किसी भी तरह की दरार के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है कि उनके ड्रेसिंग रूप में क्या हो रहा है। वहीं रोहित ने पर्थ टेस्ट में भारतीय टीम के प्रदर्शन के बारे में कहा कि वह इस बात से खुश हैं कि मेन इन ब्लू ने सीरीज की शुरुआत किस तह से की है और उम्मीद है कि वे जीत की ओर बढ़ेंगे। रोहित ने कहा कि जब आप ऐसी स्थिति में पहुंचते हैं, तो उससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। रोहित ने दावा किया कि उनकी टीम मानसिक रूप से इतनी मजबूत है कि वह किसी भी स्थिति के अनुकूल ढल सकती है। रोहित ने कहा कि जब आप अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हैं, तो खेलना तो पड़ेगा ही। खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत होते हैं और कंडीशन में ढलना कोई समस्या नहीं है। वे किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं। ये मुश्किल है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुछ भी आसान नहीं होता।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5 विकेट से दी मात, मेगन के सामने पस्त हुई टीम इंडिया



भारतीय महिला टीम और ऑस्ट्रेलियाई टीम के बीच ब्रिस्बेन में पहला वनडे मैच खेला गया। जिसे ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 202 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट से जीत लिया। इस दौरान भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। टीम महज 100 रन पर धराशाही हो गई।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.2 ओवर में 100 रन पर ऑलआउट हुई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच गंवा कर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। मेगन शूट को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को ब्रिस्बेन में ही खेला जाएगा।

101 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को फोएब लिचफील्ड और जॉर्जिया वोल (46) ने 48 रन की साझेदारी करके मजबूत शुरुआत दिलाई। रेणुका सिंह ने लिचफील्ड को कप्तान कौर के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। जल्द ही रेणुका ने एलिस पेरी (1) और बेथ मुनी (1) को पवेलियन की राह दिखाई।

जॉर्जिया वोल ने एक छोर संभाले रखा और ऐनाबेल सदरलैंड (6) के साथ चौथे विकेट के लिए 25 रन जोड़े। इसके बाद उन्होंने एश्ले गार्डनर (8) के साथ पांचवें विकेट के लिए 20 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को जीत के करीब पहुंचाया। ताहिला मैक्ग्रा (4) ने चौका जड़कर मेजबान टीम की जीत पर मुहर लगाई।

भारत की तरफ से रेणुका सिंह ने 7 ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट झटके। इसके अलावा प्रिया मिश्रा को दो विकेट मिले। बता दें कि, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मगर ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाज मेगन शूट ने इस फैसले को पूरी तरह बेअसर कर दिया। शूट ने मेहमान टीम के टॉप ऑर्डर को हिलाया और फिर मिडिल व लोअर ऑर्डर में विकेट चटकाए।

# एडिलेड टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ ये खिलाड़ी करेगा ओपनिंग, कप्तान रोहित शर्मा ने दिया अपडेट




शुक्रवार 6 दिसंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट मैच खेला जाएगा। लेकिन उससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने अभी तक उठने वाले सबसे बड़े सवाल कि, यशस्वी जायसवाल के साथ कौन ओपनिंग करेगा? से पर्दा उठा दिया है।

दरअसल, प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित शर्मा ने पुष्टि की है कि केएल राहुल ही यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करेंगे। वहीं रोहित पिछली न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर खेली गई सीरीज के बाद से लगातार सवालों के घेरे में हैं। रोहित सीरीज की 6 पारियों में केवल एक बार पचास का आंकड़ा पार कर पाए हैं। उस दौरान वह 93 रन ही बना पाए थे। 15.16 का उनका औसत उनके टेस्ट करियर का सबसे खराब औसत रहा, जिसमें उन्होंने कम से कम तीन मैच खेले हों। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में रोहित शर्मा उपस्थित नहीं थे क्योंकि वो दूसरी बार पिता बने थे जिस कारण वो भारत में ही अपने परिवार के साथ थे। हालांकि, इसके बाद कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया प्राइम मिनिस्टर 11 के खिलाफ भी उन्होंने ओपनिंग की। इसके बाद चर्चा हो रही थी कि क्या वह एडिलेड में ओपनिंग करेंगे? रोहित शर्मा ने जानकारी दी है कि ऐसा ही होगा।

रोहित ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, केएल राहुल ओपनिंग करेंगे। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की और जायसवाल के साथ उनकी साझेदारी ने उस पहले टेस्ट की जीत में अहम भूमिका निभाई। जिस तरह से उन्होंने भारत के बाहर बल्लेबाजी की है वह इसके हकदार हैं। मैं बीच में कहीं बल्लेबाजी करूंगा। ये काफी सरल निर्णय था। व्यक्तिगत रूप से बल्लेबाज के तौर पर ये आसान नहीं था, लेकिन टीम के लिए ये एक आसान निर्णय था।

वहीं पर्थ टेस्ट में टीम इंडिया के दोनों दिग्गज आर अश्विन और रविंद्र जडेजा नहीं खेले थे। लेकिन रोहित ने पुष्टि की है कि ये जोड़ी सीरीज के बाकी मैचों में अहम भूमिका निभाएगी। ऑफ स्पिनर वॉशिंगटन सुंदर को पर्थ में एकमात्र स्पिनर के रूप में मौका मिला था जहां जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में तेज गेंदबाजों ने दबदबा दिखाया था।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच डे नाइट टेस्ट




भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत दूसरा टेस्ट मैच से एडिलेड में खेला जाएगा। ये मैच डे-नाइट होगा और इसमें पिंक बॉल का इस्तेमाल होगा। पर्थ में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम की निगाहें एडिलेड में 4 साल पुराना बदला चुकता करने पर होगी। साल 2020 में एडिलेड में ही पिंक-बॉल टेस्ट खेला गया था। भारतीय टीम उस मैच में 36 रन पर आउट हो गई थी। हालांकि, वह सीरीज जीतने में सफल रही थी। भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में आत्मविश्वास से लबरेज होकर मैदान पर उतरेगी। आत्मविश्वास इसका कि पर्थ में पहली पारी में 150 पर आउट होने के बाद 295 रन से जीत दर्ज की। आत्मविश्वास इसका भी कि 2016 के बाद से वह कभी बॉर्डर-गावस्कर नहीं हारी।

जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। जहां जोश हेजलवुड की जगह टीम में स्कॉट बोलैंड को मौका मिला है। वहीं संभावना जताई जा रही है कि, भारतीय टीम में कम से कम 2 बदलाव होंगे। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की वापसी होगी। देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल को बेंच पर बैठना होगा। वहीं यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ओपनिंग करेंगे जबकि कप्तान रोहित शर्मा बीच में किसी भी पोजिशन पर खेल सकते हैं। साथ ही वॉशिंगटन सुंदर की जगह रविंद्र जडेजा को मौका मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिय की बात करें तो जोश हेजलवुड चोटिल हैं। वॉशिंगटन सुंदर की जगह रविंद्र जडेजा को मौका मिल सकता है।

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, रोहित शर्मा, नितीश रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर/रविंद्र जडेजा, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह।

ऑस्ट्रेलिया में भारत ने 53 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें से सिर्फ 10 में जीत मिली है और 30 में हार का सामना करना पड़ा है। खास बात ये है कि इन 10 में से 5 जीत पिछले 2 दौरों और मौजूदा दौरे में मिली हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक खेले गए 12 पिंक-बॉल टेस्ट में से 11 जीते हैं। वह 2024 में वेस्टइंडीज के खिलाफ हारी थी। भारत ने 4 डे-नाइट टेस्ट में से 3 जीते हैं। इसमें से उनकी एकमात्र हार 2020-21 सीरीज के दौरान एडिलेड में हुई थी टीम दूसरी पारी में 36 रन पर आउट हो गई थी।

एडिलेड ओवल के पिच क्यूरेटर डेमियन हॉफ ने पुष्टि की है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मैच में विकेट पर घास की एक समान परत होगी। सटीक तौर पर 6 मिमी। बुधवार 4 दिसंबर को प्रेस ससे बात करते हुए हॉफी ने कहा कि परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के लिए मददगार होंगी।

एडिलेड टेस्ट भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे शुरू होगी। टॉस आमतौर पर मैच शुरू होने से आधे घंटे पहले होता है। इसलिए टॉस भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे होगा।

वहीं एडिलेड के मौसम की बात करें तो, यहां बारिश की संभावना है। एडिलेड ओवल के पिच क्यूरेटर डेमियन हफ ने मौसम की जानकारी देते हुए कहा कि, शुक्रवार को ऐसा लग रहा है कि आंधी-तूफान आ सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे ठीक से नहं पता कि ये तूफान कब आएगा, लेकिन हमें उम्मीद है कि शुक्रवार को हमें कवर की जरूरत पड़ेगी। उम्मीद है कि शनिवार की सुबह मौसम साफ हो जाएगा, फिर टेस्ट के बाकी बचे मैचों के लिए मौसम ठीक रहेगा।

# क्या आपको फिल्म सूर्यवंशम की गौरी याद है? असल जिंदगी में एक्ट्रेस की दो शादियां टूटीं, एक्टिंग भी छोड़ी, आज जी रही हैं ऐसी जिंदगी



1999 में फिल्म सूर्यवंशम रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन ईवीवी सत्यनारायण ने किया था। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन का डबल रोल था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। आज भी यह फिल्म टीवी पर इतनी बार दिखाई जाती है कि लोगों को हर सीन, यहां तक कि डायलॉग भी याद रहते हैं। लेकिन क्या आप इसमें गौरी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस को जानते हैं? गौरी ने फिल्म में अमिताभ बच्चन को रिजेक्ट किया था।

सूर्यवंशम में गौरी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस का नाम रचना बनर्जी है। उन्होंने बंगाली और उड़िया फिल्मों में काम किया है। वह कुछ तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में भी दिखाई दी हैं। इंडस्ट्री में आने के बाद रचना बनर्जी ने अपना नाम बदल लिया। उन्होंने प्रोसेनजीत चटर्जी और चिरंजीवी के साथ भी स्क्रीन शेयर की है। रचना बनर्जी ने 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था। वह ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी से खड़ी हुई और हुगली सीट से बीजेपी उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी को हराया।

रचना बनर्जी ने अपने करियर में 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। हालांकि, उनका फिल्मी करियर कुछ खास नहीं चल सका और आज वह इंडस्ट्री छोड़ चुकी हैं। रचना बनर्जी की शादी उनके सह-कलाकार सिद्धांत महापात्र से हुई थी लेकिन 2004 में उनका तलाक हो गया। इसके बाद उन्होंने 2007 में प्रबल बसु से शादी की लेकिन 2016 में उनसे अलग हो गई। अब उनका एक बेटा है।

# शूटरों ने बाबा सिद्दीकी की हत्या से पहले सलमान खान को मारने की योजना बनाई थी? सूत्रों ने किया दावा



लगभग दो महीने पहले मारे गए बाबा सिद्दीकी के शूटरों ने एनसीपी नेता को गोली मारने से पहले अभिनेता सलमान खान को मारने की योजना बनाई थी, सूत्रों ने इंडिया टुडे टीवी को बताया। उन्होंने बताया कि बाबा सिद्दीकी शूटिंग मामले के सिलसिले में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने यह खुलासा किया।

66 वर्षीय सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के बांद्रा ईस्ट स्थित कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तीन हमलावरों ने उन पर गोली चलाई, जिससे उनके सीने में दो गोलियां लगीं। उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि सलमान खान शूटरों की हिट लिस्ट में थे, लेकिन अभिनेता की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण वे उन तक नहीं पहुंच सके।

14 अप्रैल को देर रात सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर बाइक सवार दो हमलावरों ने गोलीबारी की। शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल को बाद में गुजरात से गिरफ्तार किया गया। बाद में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने इस घटना की जिम्मेदारी ली। हाल के महीनों में सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की धमकियों का सामना करना पड़ा है।

लॉरेंस बिश्नोई के साथ झगड़े के अलावा लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर सलमान खान को धमकियां देने की घटनाएं भी हुई हैं। नवंबर में लॉरेंस बिश्नोई का भाई होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने सलमान खान को धमकी दी थी। कॉल करने वाले ने अभिनेता से मंदिर जाकर काले हिरण को मारने के लिए माफी मांगने या 5 करोड़ रुपये देने को कहा था।

अक्टूबर में जमशेदपुर के एक सब्जी विक्रेता को सलमान खान को धमकी देने और 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कुछ ही दिनों बाद, अभिनेता को एक अज्ञात व्यक्ति से फिर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसमें 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई।

मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकी भरे कॉल के सिलसिले में नोएडा से 20 वर्षीय एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। इन बढ़ती धमकियों के जवाब में, सलमान खान को वाई+ सुरक्षा प्रदान की गई है और उनके आवास के बाहर पुलिस की कड़ी मौजूदगी है। मुंबई पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए चेहरे की पहचान तकनीक के साथ एआई-संचालित और उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं।

# आमिर खान के पाली हिल के घर पर चला बुलडोजर, क्या है असली मामला?




यह बात सामने आई है कि बॉलीवुड इंडस्ट्री की बड़ी हस्तियों ने पिछले कुछ महीनों में आलीशान घर और बंगले खरीदे हैं। अब अभिनेता आमिर खान के घर को लेकर भी अहम अपडेट सामने आया है। आमिर खान के पाली हिल स्थित घर पर चलेगा बुलडोजर। आमिर का घर एक पुरानी इमारत में है और इस इमारत का पुनर्विकास किया जा रहा है। बताया गया है कि इस इमारत की जगह अलीशान टावर खड़ा होगा। तो अब आमिर का पुराना घर सिर्फ यादों में ही रह जाएगा।

मुंबई के पॉश पाली हिल इलाके में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक आमिर खान ने अपने घर को तोड़कर उसका पुनर्विकास करने का फैसला किया है। 2023 में उनकी योजना की खबरें आने लगीं। अब इंस्टाग्राम पर एक पपराज़ो द्वारा शेयर किए गए वीडियो में विध्वंस एजेंसी को साइट पर अपना काम करते हुए दिखाया गया है। बॉलीवुड सुपरस्टार बेला विस्टा और पाली हिल में मरीना अपार्टमेंट में 24 में से 9 अपार्टमेंट के मालिक हैं। बेला विस्टा निवासियों को पाली हिल की हरियाली से घिरा एक शांतिपूर्ण जीवन शैली प्रदान करता है, जो अपने शांत और विशिष्ट वातावरण के लिए जाना जाता है।

2023 से इस इमारत के पुनर्विकास की प्रक्रिया शुरू हो गई थी जहां आमिर खान रह रहे थे। अब यह काम वास्तव में शुरू हो गया है. आमिर खान की इस बिल्डिंग में कुल 24 फ्लैट थे। इनमें से 9 फ्लैट्स के मालिक आमिर हैं। यह इमारत अब 40 साल पुरानी हो चुकी है। इसलिए, निवासियों ने इस इमारत के स्थान पर एक नई इमारत बनाने का फैसला किया। इस सोसायटी ने एटमॉस्फियर रियल्टी के साथ साझेदारी की है।

इसी बीच कुछ महीने पहले आमिर खान ने संभ्रांत इलाके पाली हिल में एक और प्रॉपर्टी खरीदी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, आमिर के नए घर की कीमत 9 करोड़ रुपये है। यह रेडी-टू-मूव अपार्टमेंट 1027 वर्ग फुट का है। आमिर के घर का अनुबंध 25 जून को हुआ था और उन्होंने 30,000 रुपये का पंजीकरण शुल्क और 58.5 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया है। आमिर ने यह घर पाली हिल में बेला विस्टा अपार्टमेंट नाम की बिल्डिंग में खरीदा था। यह भी कहा गया कि आमिर ने अपनी मां के इलाज के लिए कुछ साल चेन्नई में रहने का फैसला किया। लेकिन यह बात सामने आई है कि आमिर मुंबई में रहते हैं। आमिर के काम की बात करें तो लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद आमिर ने कहा था कि वह अब काम नहीं करेंगे। लेकिन वह एक निर्माता के रूप में दर्शकों से मिलने आये। हाल ही में एक इंटरव्यू में आमिर खान ने अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताने की इच्छा जताई। पिछले कुछ सालों से इसकी कोशिश की जा रही है।

# पैसे के लिए टीवी पर रचा स्वयंवर, दो शादियां और तलाक, गिरफ्तारी के डर से अब दुबई में रह रही है राखी सावंत



टीवी इंडस्ट्री की ड्रामा क्वीन कही जाने वाली राखी सावंत की निजी जिंदगी एक खुली किताब की तरह है। उनकी जिंदगी में जो भी विवाद हुए वो छुपे नहीं हैं। कई बार वह खुद इसकी जिम्मेदारी ले चुकी हैं और इसे स्वीकार भी कर चुकी हैं।

राखी सावंत ने अपने जीवन में पहली बार रितेश सिंह से शादी की। ये उनकी सीक्रेट शादी थी। दोनों को बिग बॉस में साथ देखा गया था। शो छोड़ने के कुछ समय बाद ही उन्होंने आधिकारिक तौर पर तलाक ले लिया। इसके बाद उनकी दूसरी शादी आदिल खान दुर्रानी से हुई। उसने उससे शादी की और इस्लाम कबूल कर लिया। उसने अपना नाम फातिमा रखा। लेकिन उनके रिश्ते भी इस हद तक खराब हो गए कि आज वह कोर्ट के समन और गिरफ्तारी के डर से दुबई में छुपी हुई हैं।

राखी सावंत ने 2009 में अपनी शादी के लिए स्वयंवर की मेजबानी भी की थी। जिसमें उन्होंने कई लड़कों को चुना लेकिन अंत में जैमा ने कनाडाई बिजनेसमैन इलेश पारुजनवाला को चुना। हालाँकि, इससे भी बात नहीं बनी और बाद में वे अलग हो गए।

इलेश से रिश्ता तब टूटा जब राखी ने उन्हें फिरंगी और असभ्य आदमी कहा। इलेस ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह बलि का बकरा बन गए हैं। उन्होंने इस रिश्ते में अपना सब कुछ निवेश कर दिया। राखी सावंत और इलेश की सगाई भी हो चुकी थी। एक्ट्रेस ने कहा था कि उन्होंने पैसों के लिए शादी की है. क्योंकि वह एक फ्लैट खरीदना चाहती थी। राखी का कहना है कि वह किसी से शादी नहीं करना चाहतीं। क्योंकि वह तलाक नहीं चाहती थी।

राखी सावंत ने कहा था कि वह किसी ऐसे व्यक्ति से शादी नहीं करना चाहतीं जो युवा हो और संघर्ष कर रहा हो। वह एक अमीर व्यक्ति की तलाश में है। ताकि वह एक्ट्रेस की जरूरतों को पूरा कर सकें। वहीं, इल्स ने राखी को समझने की काफी कोशिश की थी लेकिन कहा कि वह असफल रहे। साथ ही उसके अतीत को भी जानने की कोशिश की।

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 06 दिसम्बर 2024



## हैदराबाद में ट्रैफिक व्यवस्था संभालेंगे ट्रांसजेंडर, सिग्नल तोड़ने वालों पर कसेंगे नकेल



**नई दिल्ली।** हैदराबाद की सड़कों पर अब आपको ट्रैफिक व्यवस्था संभालते ट्रांसजेंडर नजर आएगा। हैदराबाद पुलिस ने 44 ट्रांसजेंडरों को ट्रैफिक असिस्टेंट के तौर पर भर्ती किया है। गोशामहल पुलिस ग्राउंड पर फिजिकल टेस्ट के लिए 58 ट्रांसजेंडर पहुंचे थे। इन्हें दौड़, लंबी कूद और शॉट पुट के आधार पर परखा गया। इसके बाद 44 ट्रांसजेंडरों का चयन किया गया। इसमें से 29 महिला ट्रांसजेंडर और 15 पुरुष ट्रांसजेंडर हैं। भर्ती प्रक्रिया के दौरान हैदराबाद पुलिस कमिश्नर सीवी आनंद भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा, आप सभी अपने समुदाय के लोगों के लिए आदर्श हैं। आपको बता दें कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने ट्रांसजेंडरों को ट्रैफिक असिस्टेंट के तौर पर भर्ती करने के लिए कहा था। मुख्यमंत्री के आदेश का पालत करते हुए महिला एवं बाल कल्याण विभाग, गृह मंत्रालय के मुख्य सचिव और हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर ने ट्रांसजेंडरों के साथ एक मीटिंग की और उन्हें भर्ती प्रकिया की जानकारी दी थी। अभ्यर्थियों की सूची समाज कल्याण विभाग ने उपलब्ध कराई थी। इसके लिए कुछ अहर्ताएं तय की गई थीं, जिसमें अभ्यर्थी की उम्र सीमा 18 साल से अधिक और 40 साल से कम रखी गई थी। इसके अलावा उसके पहचान पत्र होना चाहिए और वह स्थानीय नागरिक होना चाहिए। शारीरिक परीक्षा पास करने वाले ट्रांसजेंडरों को ट्रेनिंग दी जाएगी। उनके लिए विशेष ड्रेस कोड भी तय करने को कहा गया है। इन्हें होम गार्ड के बराबर वेतन दिया जाएगा। पहले चरण में इनकी नियुक्ति ग्रेटर हैदराबाद में व्यस्त इलाकों में होगी।

## मणिपुर हिंसा की जांच कर रहे आयोग को मिला और समय, केंद्र सरकार ने 2025 तक रिपोर्ट पेश करने को कहा

**आदेश**

**अब मणिपुर हाई कोर्ट ने इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के लिए चार सदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया है।**



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मणिपुर में हिंसा मामलों की जांच कर रहे आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक बार फिर समय देते हुए 20 मई, 2025 तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। हिंसा में अब तक कम से कम 258 लोगों की मौत हो चुकी है। गुवाहाटी हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा की अध्यक्षता में चार जून, 2023 को जांच आयोग का गठन किया गया था। आयोग में सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हिमांशु शेखर दास और सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी आलोक प्रभाकर भी शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न समुदायों के सदस्यों को निशाना बनाकर की गई हिंसा और दंगों के संबंध में जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है। मणिपुर में तीन मई 2023 को हिंसा शुरू हुई थी। चार जून, 2023 को जारी अधिसूचना में कहा गया था कि आयोग को अपनी रिपोर्ट जितनी जल्दी हो सके केंद्र सरकार को सौंपनी होगी। इससे पहले गृह मंत्रालय ने आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 20 नवंबर तक का समय दिया था।वहीं, मणिपुर के लीमाखोंग कैंप से 25 नवंबर को लापता हुए 56 साल के लैशराम को सेना और पुलिस के जवान मिलकर खोज रहे हैं। मणिपुर पुलिस ने बताया था कि लैशराम का पता लगाने के लिए वह हेलीकॉप्टरों, ड्रोन और सेना के ट्रैकर कुत्तों की मदद ले रही है। इसके लिए टेक्नोलाजी का सहारा भी लिया जा रहा है। फिर भी व्यक्ति का कुछ पता नहीं लग रहा है। अब मणिपुर हाई कोर्ट ने इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के लिए चार सदस्यीय समिति गठित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आदेश दिया कि 11 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई पर समिति न्यायालय के समक्ष एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसके साथ ही राज्य महिला आयोग (एमएससीडब्ल्यू) ने पिछले महीने जिरीबाम जिले में उग्रवादियों द्वारा तीन महिलाओं एवं तीन बच्चों की हत्या की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। अधिकारी ने बताया कि इस दल में आयोग की अध्यक्ष एवं दो सदस्य शामिल हैं।

मणिपुर सरकार ने इंफाल से पहाड़ी जिलों तक कड़ी सुरक्षा के बीच फिर से अंतर जिला सार्वजनिक वाहनों का संचालन करने का फैसला किया है। राज्य में 19 महीनों में सार्वजनिक परिवहन सेवा को फिर से शुरू करने की प्रशासन की यह दूसरी कोशिश होगी। यहां घाटी के प्रमुख मैतेयी समुदाय और चूड़चंद्रपुर तथा कुछ अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में प्रमुख कुकी जनजातियों के बीच झड़पें होती रही हैं।

## तेलंगाना से 2014 में लापता लड़का उत्तर प्रदेश में मिला, आधार कार्ड का उपयोग कर बदल दी गई थी डिजिटल पहचान



**हैदराबाद।** हैदराबाद स्थित अपने आवास से 2014 में लापता हुए 12 वर्षीय लड़के को तेलंगाना पुलिस की महिला सुरक्षा शाखा की एक विशेष टीम ने उत्तर प्रदेश के कानुपर में खोज निकाला है। महिला सुरक्षा विंग की महानिदेशक शिखा गोयल के अनुसार, 18 अगस्त 2014 से लापता लड़का 10 साल बाद कानपुर में मिला। उसे हैदराबाद में अपने परिवार से मिलवा दिया गया है। जांच से पता चला है कि कि लड़का केवल अपना आधार कार्ड लेकर घर से निकला था। स्थानीय पुलिस के शुरुआती प्रयासों के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। बाद में मामला मानव तस्करी रोधी इकाई को सौंप दिया गया। गोयल ने कहा कि महिला सुरक्षा विंग की तकनीकी टीम ने लापता लड़के से जुड़े सभी डिजिटल पहचान एकत्र करने के लिए ओपन-सोर्स टूल का उपयोग किया।

जांच से पता चला कि लड़के की डिजिटल पहचान उसके आधार कार्ड का उपयोग कर बदल दी गई थी, जिसे एक नए मोबाइल नंबर के साथ अपडेट किया गया था। इस सुराग के बाद टीम ने उत्तर प्रदेश के एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के मोबाइल नंबर का पता लगाया। पूछताछ से पता चला कि लड़के ने 12 साल की उम्र में ट्रेन से उत्तर प्रदेश की यात्रा की थी। कानपुर रेलवे स्टेशन पर उसे रेलवे पुलिस ने हिरासत में ले लिया था और एक बाल संरक्षण केंद्र में रखा। वहां वह 2022 तक रहा। बाद में लड़के को गोद ले लिया गया और उसका नाम बदल दिया गया।

## कश्मीर में शून्य से नीचे पहुंचा तापमान, हिमाचल में हिमपात के आसार



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड तो पड़ रही है लेकिन जिस तरह दिसंबर में कड़ाके की ठंड पड़ती थी, उसके अभी कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में कड़ाके की ठंड के लिए अभी कुछ हफ्ते का इंतजार करना पड़ सकता है। वहीं, कश्मीर, लद्दाख में ऊंचे इलाकों में बर्फबारी के बाद शीतलहर तेज हो गई है।

कश्मीर घाटी के ज्यादातर हिस्सों में रात का तापमान शून्य से नीचे बना हुआ है, श्रीनगर में तापमान शून्य से 2.2 डिग्री नीचे दर्ज किया गया, जबकि पहलगाम सबसे ठंडा रहा जहां रात में तापमान शून्य से 4.8 डिग्री नीचे रहा, मौसम वैज्ञानिकों ने पहले ही ला नीना के प्रभाव की चेतावनी दे दी है। गुलमर्ग न्यूनतम तापमान -2.9 डिग्री सेलसियस के साथ घाटी का सबसे ठंडा क्षेत्र बना रहा। बता दें कि मौसम विभाग ने 10 दिसंबर तक कुछ स्थानों पर हलकी बर्फबारी व बारिश की संभावना को छोड़ घाटी में मौसम के मिजाजों में कोई विशेष परिवर्तन न आने की भविष्यवाणी कर रखी है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, आठ दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय होगा। चार दिन प्रदेश के ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात व मैदानी क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर वर्षा हो सकती है। हालांकि इससे पहले तीन दिन मौसम साफ रहेगा। ऐसे में किसानों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में बुधवार को मौसम साफ रहा। प्रदेश में सबसे कम तापमान लाहुल-स्पीति के ताबो में -6.4 और सबसे अधिक ऊना में 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पर्यटकों को लाहुल के जिस्पा और कोकसर से आगे भेजने की योजना तैयार करने के लिए लाहुल-स्पीति प्रशासन ने लेह व कारगिल प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक की। सात दिसंबर तक लेह-लद्दाख की ओर जाने की अनुमति प्रदान की गई है। लोग सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक जिस्पा से आगे जा सकते हैं।

## लोगों में न तो कानून के प्रति सम्मान है और न ही डर, सड़क दुर्घटनाओं में मौतों पर लोकसभा में भड़के नितिन गडकरी

**समस्या**

**गडकरी ने कहा, समाज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि न तो उनमें कानून के प्रति सम्मान है, न ही कानून का डर है।**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों को कम करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों के बावजूद, हताहतों की संख्या में वृद्धि हो रही है, क्योंकि लोगों में न तो कानून के प्रति सम्मान है और न ही डर। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान जवाब देते हुए गडकरी ने कहा कि वह खुद सड़क दुर्घटना के शिकार हुए हैं और इस मुद्दे को लेकर संवेदनशील हैं। मंत्री ने कहा कि चार कारक हैं जो सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में मदद कर सकते हैं - सड़क इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, कानून का प्रवर्तन और लोगों की शिक्षा। गडकरी ने कहा, समाज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि न तो उनमें कानून के प्रति सम्मान है, न ही कानून का डर है। रेड सिग्नल पर लोग गाड़ी नहीं रोकते, हेलमेट नहीं पहनते, ऐसी कई समस्याएं हैं। 30,000 लोग सिर्फ इसलिए मर जाते हैं क्योंकि वे हेलमेट नहीं पहनते हैं। मैं खुद इसका शिकार रहा हूं, महाराष्ट्र में विपक्ष का नेता रहते हुए एक दुर्घटना में मेरा पैर चार जगह से टूट गया था और मैं इस मामले में लगातार संवेदनशील हूं।

उन्होंने कहा, मुझे यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है, लेकिन दुख की बात है कि कड़ी मेहनत के बावजूद इस साल सड़क दुर्घटनाओं में 1.68 लाख मौतें हुई हैं। इनमें से बड़ी संख्या में मौतें इसलिए हुई हैं क्योंकि सड़कों पर नियमों का सख्ती से पालन नहीं किया गया है...जन प्रतिनिधियों, मीडिया या समाज के सहयोग के बिना यह संभव नहीं है। हमने जुर्माने भी बढ़ाए हैं, लेकिन लोग नियमों का पालन नहीं करते हैं।

गडकरी ने कहा कि बुधवार को एक कार ने उनके सामने से ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया। मंत्री ने अध्यक्ष से इस मुद्दे पर अलग से चर्चा कराने का आग्रह किया और कहा कि सरकार स्थिति में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, समस्या यह भी है कि कुछ ब्लैक स्पॉट हैं और सरकार ने ब्लैक स्पॉट पर 40,000 करोड़ रुपये खर्च करने का निर्णय पहले ही ले लिया है... विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में पहचानी गई गलतियों के अनुसार ब्लैक स्पॉट मौजूद हैं और हम इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## स्मार्टफोन के बगैर नहीं रह सकते हैं 71 प्रतिशत बच्चे, माता-पिता भी कम नहीं

**नई दिल्ली।** देश के 76 प्रतिशत बच्चे तो 84 प्रतिशत अभिभावक एक-दूसरे के साथ अधिक समय व्यतीत करना चाहते हैं, लेकिन स्मार्टफोन और सोशल मीडिया एप उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं। तभी 94 प्रतिशत बच्चे चाहते हैं कि उनके माता-पिता के स्मार्टफोन में कॉलिंग, मैसेजिंग और कैमरा जैसे सिर्फ तीन फीचर होने चाहिए। बच्चे नहीं चाहते हैं कि माता-पिता के स्मार्टफोन में सोशल मीडिया, इंटरटेनमेंट और गेमिंग एप की सुविधा हो। दूसरी तरफ 75 प्रतिशत अभिभावक इस बात को लेकर चिंतित है कि उनके बच्चे स्मार्टफोन की लत की वजह से परिवार के साथ सार्थक रिश्ते नहीं बना पा रहे हैं। परंतु बच्चे और अभिभावक दोनों ही स्मार्टफोन की आदत को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है।

## शेख हसीना पर लगातार शिकंजा कस रही यूनुस सरकार, अब नहीं हो सकेगा पूर्व पीएम के भाषणों का प्रसारण



**ढाका।** बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार लगातार पूर्व पीएम शेख हसीना पर शिकंजा कसते नजर आ रही है। इस बीच बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने गुरुवार को अधिकारियों को मीडिया और सोशल नेटवर्किंग प्लेटफार्मों पर अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के सभी भाषणों के प्रसार पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। दरअसल, ये आदेश शेख हसीना के हाल में दिए गए भाषण के बाद आया है। जब चार महीने पहले बांग्लादेश से भागने के बाद उन्होंने अपना पहला सार्वजनिक संबोधन दिया था। अपने भाषण में उन्होंने देश के अंतरिम नेता मुहम्मद यूनुस पर तीखा हमला किया था, उन पर नरसंहार करने और हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया था। बता दें कि बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) ने इस आदेश के संबंध में बताया कि न्यायमूर्ति मोहम्मद गोलाम मुर्तुजा मजूमदार की अध्यक्षता वाले दो सदस्यीय न्यायाधिकरण ने आदेश पारित किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हसीना के सभी घृणास्पद भाषणों को सोशल मीडिया से हटा दें। इसी के साथ भविष्य में सभी प्रकार के प्लेटफॉर्म पर उनके भाषणों के प्रसार को रोकने के लिए कदम उठाएं। समाचार एजेंसी से बात करते हुए अभियोजक अधिवक्ता अब्दुल्ला अल नोमान ने बताया कि न्यायाधिकरण ने आईसीटी डिवीजन, सूचना और प्रसारण मंत्रालय और बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) के सचिवों को आदेश को तुरंत मानने के लिए कहा है। अभियोजन पक्ष ने इससे पहले याचिका दायर की थी, जिसमें अपदस्थ प्रधानमंत्री द्वारा सभी प्रकार के भाषण को हटाने और प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया गया था। इसमें दावा किया गया था कि ये भाषण गवाहों या पीड़ितों को डरा सकते हैं या जांच में बाधा डाल सकते हैं। वहीं, अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने मीडिया को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि न केवल बांग्लादेश में, बल्कि दुनिया भर के हर कानून और हर देश में घृणास्पद भाषण देना एक आपराधिक अपराध है। तमीम ने दावा किया कि शेख हसीना ने भाषण दिए हैं, जिनमें उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि उन्हें 227 लोगों की हत्या करने का लाइसेंस मिल गया है, क्योंकि उनके खिलाफ इतनी ही संख्या में मामले दर्ज किए गए हैं। यहां तक कि इन भाषणों के माध्यम से उन्हें अपने खिलाफ दर्ज मामलों के पीड़ितों और गवाहों को धमकियां देते हुए भी सुना गया।

## डोनाल्ड ट्रंप ने अब इस अरबपति को बनाया NASA चीफ, एलन मस्क से है खास कनेक्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने फैसलों से सभी को हैरान कर रहे हैं। ट्रंप ने अपनी कैबिनेट में भी कई ऐसे लोगों को शामिल किया, जिनके नाम सुनकर सब चौंक गए। अब ट्रंप ने ऐसा ही एक बड़ा फैसला लेते हुए टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन चीफ नियुक्त किया है। इसाकमैन का दिग्गज कारोबारी और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क से भी खास नाता है। दरअसल, इसाकमैन स्पेसएक्स के सहयोग से ही अंतरिक्ष में स्पेसवॉक करने वाले पहले निजी अंतरिक्षयात्री बने थे। ट्रंप ने एक्स पर कहा, मैं एक कुशल बिजनेस लीडर, परोपकारी, पायलट और अंतरिक्ष यात्री जेरेड इसाकमैन को नासा चीफ के रूप में नामित करते हुए प्रसन्न हूं।

## यूनाइटेड हेल्थकेयर के सीईओ ब्रायन थॉम्पसन की हत्या, संदिग्ध ने होटल के बाहर मारी गोली और हो गया फरार

**अवस्था**

**911 पर कॉल आने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने थॉम्पसन को फुटपाथ पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया।**



**वॉशिंगटन।** अमेरिका स्थित यूनाइटेडहेल्थकेयर के सीईओ ब्रायन थॉम्पसन की बुधवार को न्यूयॉर्क के एक होटल के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। 50 वर्षीय श्री थॉम्पसन न्यूयॉर्क हिल्टन मिडटाउन की ओर जा रहे थे, जहां उन्हें एक निवेशक सम्मेलन में मुख्य भाषण देना था, तभी उन पर घात लगाकर हमला किया गया। फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति - हुड वाली जैकेट, काले चेहरे का मास्क और स्नीकर्स पहने एक व्यक्ति - थॉम्पसन के पीछे से आ रहा था। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 50 वर्षीय थॉम्पसन को एक टारगेटेड हमले में मारा गया। हत्या कर नकाबपोश हमलावर साइकिल से फरार हो गया। मामले की जांच की जा रही है। थॉम्पसन ने 2021 में कंपनी का अधिग्रहण किया था जिसका पिछले साल का राजस्व दो सौ 81 अरब डॉलर था। शुरुआती गोलियां थॉम्पसन की पीठ और पैर में लगीं, जिससे वे लड़खड़ाकर दीवार से टकराकर गिर पड़े। बंदूक के तीन बार जाम होने के बावजूद, शूटर ने हथियार को खाली किया और फायरिंग जारी रखी। यह सुनिश्चित करने के बाद कि थॉम्पसन अशक्त हो गए हैं, हमलावर शांति से चला गया, बाद में सेंट्रल पार्क की ओर इलेक्ट्रिक बाइक पर बैठकर घटनास्थल से भाग गया। 911 पर कॉल आने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने थॉम्पसन को फुटपाथ पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि संदिग्ध व्यक्ति हमले से पहले कई मिनट तक घटनास्थल के पास था, और सुबह आने-जाने वालों के साथ घुलमिल गया था। इससे पहले, सुबह 6:17 बजे, कैमरों ने बंदूकधारी को पास के स्टारबक्स में सर्जिकल मास्क पहने हुए पानी और पावर बार खरीदते हुए कैद किया। सीएनएन के अनुसार, पुलिस ने गोलीबारी स्थल के पास एक गली से पानी की बोतल और एक फोन बरामद किया है, माना जा रहा है कि संदिग्ध ने इसे फेंक दिया था। जांचकर्ता संभावित फिंगरप्रिंट, डीएनए या संचार रिकॉर्ड के लिए फोन का विश्लेषण कर रहे हैं, जिससे हत्यारे की पहचान का पता चल सकता है। यूनाइटेडहेल्थकेयर की मूल कंपनी यूनाइटेडहेल्थ ग्रुप ने थॉम्पसन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक भावपूर्ण बयान जारी किया। यूनाइटेडहेल्थ ग्रुप ने एक बयान में कहा, हम अपने प्रिय मित्र और सहयोगी, यूनाइटेडहेल्थकेयर के सीईओ ब्रायन थॉम्पसन के निधन पर बहुत दुखी और स्तब्ध हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, थॉम्पसन की पत्नी पॉलेट ने इस हमले को निरर्थक बताया तथा बताया कि उनके पति को पहले भी धमकियां मिल चुकी थीं। NYPD ने संदिग्ध की तस्वीरें जारी की हैं और उसे पकड़ने में मदद करने वाली सूचना के लिए 10,000 डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। हमलावर को 30 या 40 के दशक का एक श्वेत पुरुष बताया गया है, जिसने ग्रे रंग का बैकपैक, काले और सफेद रंग के स्नीकर्स और हुड वाली जैकेट पहनी हुई है।

## बांग्लादेश दुष्प्रचार के खिलाफ है एकजुटः यूनुस


**सुझाव**

**ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि यूनुस ने सभी राजनीतिक दलों से सुझाव मांगे ताकि बांग्लादेश बिना किसी गलती के सही रास्ते पर आगे बढ़ सके।**



**ढाका (बांग्लादेश)।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा कि पूरे विश्व को यह पता होना चाहिए कि बांग्लादेश एकजुट है और हाल ही में उसने जो कुछ भी हासिल किया है, वह संयुक्त प्रयासों से हासिल किया गया है। इसकी जानकारी ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में दी गई है। ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि यूनुस ने सभी राजनीतिक दलों से सुझाव मांगे ताकि बांग्लादेश बिना किसी गलती के सही रास्ते पर आगे बढ़ सके। विदेश सेवा अकादमी में राजनीतिक दलों के साथ चर्चा में यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश के बारे में एक काल्पनिक कहानी फैलाई जा रही है जो किसी एक देश तक सीमित नहीं है बल्कि अन्य बड़े देशों तक भी फैली हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संयुक्त प्रयासों के माध्यम से इस धारणा को गलत साबित करना और सच्चाई को स्थापित करना महत्वपूर्ण है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि कई लोगों को नया बांग्लादेश पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार विदेशियों के लिए खुली है कि वे आकर जमीनी स्थिति देखें। यूनुस ने राष्ट्रहित के लिए एकता की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि वे (जो बांग्लादेश के खिलाफ अभियान चला रहे हैं) संसाधनों और व्यवस्थाओं के मामले में बहुत शक्तिशाली हैं। बैठक के बाद प्रेस को जानकारी देते हुए विधि सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा कि बैठक का मुख्य संदेश यह है कि वे देश के हित, संप्रभुता और अस्तित्व की खातिर एकजुट रहेंगे। उन्होंने कहा, हम इससे कभी विचलित नहीं होंगे। नजरुल ने कहा कि बांग्लादेश को शक्तिहीन, कमजोर और दब्बू समझने का कोई कारण नहीं है और बांग्लादेश किसी भी दुष्प्रचार के खिलाफ एकजुट रहेगा। उन्होंने कहा, हम अपनी एकता बनाए रखेंगे, उन्होंने कहा कि पूरा देश भारत के दुष्प्रचार÷ के खिलाफ एकजुट है। विदेश सेवा अकादमी में हुई वार्ता में सलाहकार आदिलुर रहमान खान, महफूज आलम और बीएनपी तथा बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। खंडाकर मोशर्रफ हुसैन, मोईन खान, सैयद नजरूल इस्लाम खान, अमीर खोसरू महमूद चौधरी और एजेडएम जाहिद हुसैन बीएनपी नेताओं में से थे।

## ये सिर्फ पाकिस्तान में ही हो सकता है सीधा चीफ गेस्ट की गोदी में लैंड हुआ पैराग्लाइडर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक कार्यक्रम के दौरान पैराग्लाइडर के अचानक उतरने का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसे देखकर यूजर्स हंस रहे हैं। लोकप्रिय अकाउंट घर के कलेश द्वारा एक्स पर शेयर की गई क्लिप में पैराग्लाइडर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर उतरते हुए दिखाया गया है। खलीज टाइम्स के अनुसार, यह घटना 2023 में गिलगित-बाल्टिस्तान के 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हुई थी। इस कार्यक्रम में पैराग्लाइडर हवा में गिरता हुआ सीधा चीफ गेस्ट की गोद में आ गिरा, जिसके बाद उसके पैराग्लाइड से लाल और नीले रंग का धुआँ निकला। वीडियो में पैराग्लाइडर ने अपने लैंडिंग टाइम और स्पीड का गलत अनुमान लगाया। मैदान पर उतरने के बजाय वह सीधे पहली पंक्ति में उतर गया, जहां मुख्य अतिथि बैठे थे। मुख्य अतिथि के इर्द-गिर्द खड़े लोग जल्दी से दूर चले गए और किसी को चोट नहीं लगी। दूसरी ओर, पैराग्लाइडर लैंडिंग के बाद क्षतिग्रस्त पैराशूट में फंसा हुआ दिखाई दिया। इस वीडियो को एक्स पर शेयर किए जाने के बाद से 604,000 से ज़्यादा बार देखा जा चुका है और करीब 8,000 लाइक मिल चुके हैं।

## बाइडन की माफी पर गहराया विवाद



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन को राष्ट्रपति क्षमादान मिलने पर विवाद गहराता जा रहा है। हंटर को दो आपराधिक मामलों में सजा सुनाई गई थी, लेकिन बतौर राष्ट्रपति बाइडन ने अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए उसे क्षमादान दे दिया।

बाइडन ने भले ही अपने बचाव ने यह कह दिया हो कि उनके बेटे के खिलाफ मामला राजनीति से प्रेरित था, लेकिन अमेरिका में करीबियों को राष्ट्रपति क्षमादान दिए जाने का इतिहास काफी लंबा है। जो बाइडन ने अपने कार्यकाल में अब तक 26 बार क्षमादान की शक्तियों का इस्तेमाल किया है। जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने 143 बार और बराक ओबामा ने 212 बार राष्ट्रपति क्षमादान दिया है। हंटर बाइडन को क्षमादान मिलने पर अमेरिका के नए निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही आलोचना कर रहे हों और इसे शक्तियों का दुरुपयोग बता रहे हैं, लेकिन सच्चाई ये भी है कि ट्रंप जब राष्ट्रपति थे, तब उन्होंने अपने दामाद के पिता चार्ल्स कुशनर को क्षमादान दिया था। केवल अमेरिका ही नहीं, बल्कि भारत समेत पूरी दुनिया में राष्ट्रपति (या राष्ट्राध्यक्ष) के पास क्षमादान की शक्ति होती है। हालांकि अलग-अलग देशों के संविधान के अनुसार इसकी सीमाएं तय होती हैं।

अमेरिकी संविधान के मुताबिक, राष्ट्रपति अमेरिका के खिलाफ किए गए किसी भी अपराध के लिए माफी दे सकता है या सजा को कम कर सकता है। हालांकि महाभियोग के मामले को इससे अलग रखा गया है। अमेरिका में राष्ट्रपति के माफी देने का अधिकार बहुत व्यापक है। लेकिन इसमें एक पेच यह भी है कि माफी केवल संघीय अपराधों के मामलों में ही जारी की जा सकती है। लेकिन अगर कोई मामला प्रांतीय स्तर पर चल रहा हो, तो उसमें माफी देने का अधिकार संबंधित राज्य के गवर्नर के पास होता है। हालांकि भारत में राष्ट्रपति के पास जो क्षमादान का अधिकार है, वह अमेरिका से थोड़ा भिन्न है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 72 में क्षमादान की शक्तियों का जिक्र है। इसके मुताबिक, अपराध के लिए दोषी ठहराए गए किसी व्यक्ति की सजा माफ करने, उसमें राहत देने या मृत्युदंड की सजा खत्म करने या कम करने की शक्ति राष्ट्रपति के पास होती है। हालांकि भारत का राष्ट्रपति सरकार से स्वंतत्र होकर क्षमादान की शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता है। उसे मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही काम करना होता है।

# किसान कार्ड के जरिए पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का मिलेगा लाभ : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जनपद के किसानों का आधार की तर्ज पर किसान कार्ड बनाया जा रहा है, इसके लिए जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र द्वारा रोस्टर जारी कर 25 जनवरी तक जिले की समस्त राजस्व गांवो में शिविर लगाकर किसान रजिस्ट्री की जाएगी,इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा सदर तहसील के प्राथमिक विद्यालय उतरेजपुर में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत कराए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया गया। शिविर में तीन किसानों का जिलाधिकारी द्वारा स्वयं फार्मर रजिस्ट्री कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा नंबर, खसरा नंबर, मोबाइल नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा, पूरा विवरण दर्ज होने के बाद किसानों को एक यूनिक नंबर जारी होगा इस नंबर के जरिए ही संबंधित किसान का पूरा विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा कार्ड से मिलने वाले नंबर के जरिए ही पीएम किसान सम्मन निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाएगा।

किसान कार्ड के लिए जिले के हर राजस्व गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसमें कृषि विभाग/पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के दो-कर्मचारी रहेंगे, शिविर में गांव के संबंधित किसान का नाम, पिता का नाम, स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटों में किसान का अंश, आधार नंबर, ई-केवाईसी विवरण आदि दर्ज करेंगे। किसी प्रकार के स्वामित्व स्थानांतरण (वरासत, बैनामा आदि) होने पर किसान रजिस्ट्री में बदलाव किया जा सकेगा, इससे किसान के हर गाटे में हर सत्र में बोई जाने वाली फसल का विवरण भी शामिल किया जाएगा। किसान कार्ड से फायदे बताते हुए जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि अभी तक किसान को किसी भी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकार्ड देना पड़ता है, किसान रजिस्ट्री होने पर उसके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा, इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसके क्रियान्वयन में आसानी होगी, लाभार्थियों को सत्यापन कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में सहूलियत होगी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षति पूर्ति देने के लिए किसानों का चयन करने में आसानी होगी, साथ ही राजस्व विवादों का भी निस्तारण होगा। इस मौके पर उप कृषि निदेशक हिमांशु पांडेय, तहसीलदार सदर सौरभ कुमार, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, उप परियोजना निदेशक आत्मा/जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर डा. रमेश चंद्र यादव, नायब तहसीलदार/टीएमटी, एडीओ एजी,राजस्व लेखपाल, पंचायत सहायक आदि मौजूद रहे।

# कुमुद झा सर्वश्रेष्ठ दूर्वाक्षत मिथिलाक्षर से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** दूर्वाक्षत मिथिलाक्षर अभियान के चेयरमैन डॉ कौशल झा ने कुमुद झा सर्वश्रेष्ठ दूर्वाक्षत मिथिलाक्षर सम्मान से सम्मानित किया। यह कार्यक्रम देश की राजधानी दिल्ली के हिंदी भवन आई.टी. ओ. में आयोजित किया गया जिसमे मिथिला - मैथिली से जुडे कई प्रतिष्ठित महानुभाव अतिथि बनकर आए। इस कार्यक्रम में अन्य कई संस्थाओ के नामी गिरामी चेहरों की उपस्थिति भी देखी गई। यह जानकारी दूर्वाक्षत मिथिलाक्षर अभियान के मार्गदर्शक एडवोकेट लोकेन्द्र शर्मा ने दी है। दीप प्रज्वलन के साथ गोसाउनि गीत को गाकर इस कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। गोसाऊनि गीत गिन्नी झा, पूनम झा, मधु चौधरी, नूतन मिश्रा, रूपम हृदय मिश्र के द्वारा कराया गया। तदुपरांत देश के विभिन्न शहरों से आने वाले 50 प्रतिभागियों को मिथिलाक्षर प्रवीण का प्रमाण पत्र एवं दुशाला देकर सम्मानित किया गया।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व उच्चाधिकारी मंत्रेश्वर झा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा राजकिशोर मिश्र विशिष्ट अतिथि थे। इस कार्यक्रम में मिथिलाक्षर लिपि के प्रचार में प्रवासी समाज की भूमिका विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया था जिसमे वक्ता के रूप में श्रीमती स्वाती शाकंभरी एवं हेमंत झा ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव रंजन दास, अध्यक्षता डॉ कैलाश कुमार मिश्र ने किया। पूरे कार्यक्रम में दूर्वाक्षत अभियान के कार्यकर्ताओं का हौसला और जज्बा देखते बना। रीता दास , नीलम झा , अर्चना अरुण झा , वीणा पाठक , रीना झा एवं समस्त महिला शक्ति की एकता दूर्वाक्षत परिवार की मजबूती बनकर कार्यक्रम की ढाल बनी रही। अंत में संस्था के अध्यक्ष ई. वीरेश्वर झा ने धन्यवाद ज्ञापन कर आयोजन को विराम दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत



**जौनपुर (खुटहन)** बनुआडीह गांव में प्रयागराज वाया शाहगंज मार्ग के नहर पुलिया के पास बुधवार की रात गन्ना लदी ट्रैक की चपेट में आ जाने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया है। घटना के बाद चालक ट्रक सहित मौके से भागने लगा। ग्रामीणों को पीछा करते देख उसने वाहन को शाहगंज के ब्रह्मबाबा मंदिर पर छोड़ अंधेरे में गायब हो लिया। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। ऊसरबस्ती गांव निवासी 22 वर्षीय अंकित कुमार गौतम रात लगभग साढ़े नौ बजे किसी काम से बनुआडीह बाजार जा रहा था। उक्त पुलिया के पास सामने से आ रही ट्रक से धक्का लग गया। वह सिर के बल सड़क पर गिर बेहोश हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल को स्थानीय एक चिकित्सक को दिखाया। देखते ही चिकित्सक ने मौत की पुष्टि कर दी। घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के स्वजन रोने बिलखने लगे। जिससे माहौल गमगीन हो गया। मृतक अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। वह इंटरमीडिएट में पढ़ाई करता था। उसकी मौत से पिता जोखू राम और माता सरोजा देवी की दशा रोते रोते विक्षिप्त सी हो गई है। स्वजनों के करुण क्रंदन से गांव में शोक की लहर छा गई।

### बेटी को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री को सिकरारा थाना के बेड़सरी गांव निवासी एक युवक ने बहला फुसला कर भगा ले गया। बता दें कि जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव निवासी शशिकला देवी पत्नी अजीत कुमार ने थाने पर तहरीर दी है कि उसकी पुत्री को सिकरारा थाना क्षेत्र के बेड़सरी गांव निवासी विक्की कुमार ने बहला फुसला कर कर घर से भगा ले गया। घर से भागते उसकी पुत्री ने बैनामा के लिये घर् में रखे 95 हजार रूपये नगद सहित बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा कान का झुमका व मंगलसूत्र इत्यादि लेकर चली गई। शशि कला को मोबाइल फोन के जरिए पता चला कि उसकी बेटी को भगाने में विक्की का हांथ है, उसने जफराबाद थाने पर विक्की के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक जफराबाद जय प्रकाश यादव ने बताया कि लड़की को भगाने वाले युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### सभी को साथ लेकर चलती है भाजपा : त्रयंबक




**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के जिला चुनाव अधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा त्र्यंबक नाथ त्रिपाठी ने आज जिला कार्यालय पर भाजपा जनों को संबोधित किया तथा पार्टी के लोगों से भेंट की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जो समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर के चलता है हम सभी संगठन निर्माण में सर्वस्पर्शी संगठन बनाने का ध्यान रखें आज देश को ऐसा प्रधानमंत्री मिला है जिसने अपना जीवन देश के लिए समर्पित किया है हम सभी कार्यकर्ताओं का यह परम कर्तव्य है कि हम मोदी जी और योगी के कंधे से कंधा मिला करके उनके साथ देते रहें समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच में अपनी उपस्थिति को बनाए रखें और आज जबकि समाज का हर वर्ग भारतीय जनता पार्टी को वोट दे रहा है तो संगठन में भी समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व मिले यह हम सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है आने वाले समय में जनपद जौनपुर में सभी बूथ समितियां और सभी मंडल समितियां गठित हो जाए और एक बार पुनः सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारियां को धारण कर देश को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने का प्रयास करेंगे।

### छात्रवृत्ति लांगिन पर अपनी ई-के0वाई0सी0 करा करे आवेदन-मोती लाल



**आजमगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल ने जनपद आजमगढ़ के पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12 व अन्य दशमोत्तर) शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य व छात्रवृत्ति नोडल को सूचित किया है कि 10 दिसम्बर से पूर्व छात्रवृत्ति लांगिन पर अपनी ई-के0वाई0सी0 कराये। जिला समाज कल्याण अधिकारी, आजमगढ़ में उपस्थित होकर बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन कराये जाने के उपरान्त ही अनुसूचित जाति, जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र,छात्राओं के आवेदन पत्र अग्रसारित हो सकेगे। जनपद के उन प्रधानाचार्य व छात्रवृत्ति नोडल से अपेक्षा है कि वह छात्रवृत्ति लांगिन पर अपनी ई-के0वाई0सी0 कराते हुए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी आजमगढ़ में उपस्थित होकर 10 दिसम्बर से पूर्व बायोमैट्रिक आथेन्टिकेशन करा लें। अन्यथा की स्थिति में यदि अनुसूचित जातिध्जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्र,छात्राओं के आवेदन पत्र विद्यालय स्तर पर लम्बित रहते है तो उसके लिए सम्बन्धित विद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### विद्यालय मे आयोजित हुयी शोक सभा

**आजमगढ़।** जहानागंज श्रीराम राष्ट्रीय इंटर कॉलेज जहानागंज के प्रबंधक राकेश कुमार सिंह की बड़ी भाभी सुषमा सिंह 76 वर्ष का बुधवार की रात्रि करीब 8 बजे निधन हो गया जिसकी सूचना मिलने पर बृहस्पतिवार को विद्यालय में शोक सभा आयोजित की गयी। शोक सभा मे छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों कर्मचारियों ने मृतात्मा की शान्ति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया ।वह रोशन पुर ग्राम सभा की पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य भी थी ।गौरव सिंह उर्फ हल्ला एवं पंकज सिंह उर्फ झब्बू सहित दो पुत्र एवं तीन पुत्रियों की मां थी । उनके निधन पर पूर्व मंत्री यशवंत सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त किया । इनकी शव यात्रा उनके आवास रोशनपुर से निकाली गयीअंतिम संस्कार दोहरीघाट के मुक्तिधाम पर किया गया और मुखागनी उनके बड़े बेटे पंकज कुमार सिंह उर्फ झब्बू ने दिया।

### अनियंत्रित कार ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

**आजमगढ़।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के भवरेपुर के पास राज्य राजमार्ग पर बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 12:30 बजे मुहम्मदाबाद गोहना की तरफसे आ रही अनियंत्रित कार ने आगे जा रही बाइक को पीछे से टक्कर मार दिया। बाइक पर दो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। कार भी कुछ दूर जाकर सड़क एक दुकान पर रखे टायर से जाकर टकरा कर रुक गई। घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल की हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए वाराणसी भेज दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने कार चालक सहित बाइक और कार को थाने लेकर आई। जानकारी के मुताबिक आजमगढ़ जनपद के मुबारकपुर थाना के अमिलो गांव निवासी अनवर कमाल (56) पुत्र जहीर खान और एहतेशाम (44) पुत्र सिंकदर अहमद अपने घर से बाइक से किसी रिस्तेदार के घर जा रहे थे। अभी दोनों जनपद के सरायलखंसी थाना के भवरेपुर गांव के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार ने बाइक को टक्कर मार दिया। जहां टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क के किनारे लगे एक पेड़ के घेरे से जाकर टकराने के बाद करीब पांच फीट नीचे गड्ढे में गिर गई। जबकि कार सड़क के किनारे एक दुकान पर रखे टायर के टकराकर रूक गई। जहां अनवर कमाल की मौत हो गई। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई।

### मैरेज हाल के बाहर खड़ी बुलेट चोरी

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत चौबेपुर स्थित एक मैरेज हाल के बाहर खड़ी बुलेट बाइक पर बुधवार की देर शाम चोरों ने हाथ साफ किया। वहीं, घटना की लिखित तहरीर फेफना पुलिस को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार के देर शाम चौबेपुर स्थित एक मैरेज हॉल पर सागरपाली निवासी मुन्ना बहादुर शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वही, पास में पार्किंग में गाड़ी खड़ा कर चले गए। कुछ देर बाद जब वापस आया तो देखा कि उनकी बुलेट बाइक बुलेट न पाकर परेशान हो गए और आस पास के लोगों से पूछताछ किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। और चोर मोटर साइकिल लेकर फरार हो गए। वही फेफना पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज 15 दिवसीय एड ऑन सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग में गुरुवार को एंटरप्रेन्योरशिप एंड सोशल मीडिया मार्केटिंग विषय पर 15 दिवसीय (5 दिसंबर -19 दिसंबर) एड ऑन / सर्टिफिकेट कोर्स का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष, चीफ प्रॉक्टर प्रो. शिखा दीक्षित और विभाग समन्वयक डॉ. संगीता अग्रवाल के द्वारा पंजीकृत छात्राओं को प्रोजेक्ट किट और शुभकामनाएं दी गई। कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. अर्पिता घोष ने छात्राओं को 15 दिवसीय कोर्स के विभिन्न तत्वों, गतिविधियों और महत्वता से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आयुषी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रीना यादव और सुमित शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

### छात्राओं के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षण तथा व्यक्तिगत परामर्श सत्र का आयोजन



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एजुकेशनल लैब के तत्वाधान में आज ÷मनोवैज्ञानिक परीक्षण तथा व्यक्तिगत परामर्श सत्र÷ का आयोजन किया गया जिसमें अनेक छात्राओं को उनकी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य परामर्शदाता मनोविज्ञानशाला, प्रयागराज की प्रवक्ता डॉ जोया परवीन रहीं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर आशिमा घोष तथा शिक्षाशास्त्र विभाग की संयोजिका प्रो. काजल देब ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्राचार्या ने कार्यक्रम को आरंभ करते हुए वर्तमान परिदृश्य में छात्राओं के लिए परामर्श के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. जोया परवीन ने छात्राओं को सामूहिक एवम व्यक्तिगत परामर्श दिया और छात्राओं पर बुद्धि परीक्षण प्रशासित किया जिसके माध्यम से छात्राओं का आईक्यू ज्ञात किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एजुकेशन लैब की प्रभारी डॉ. रमा गुप्ता ने किया।इस अवसर पर शिक्षा शास्त्र विभाग के डॉ आशीष मिश्रा एवं डॉ माधुरी राठौर उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए 42 निशानेबाजों का चयन



**प्रयागराज।** दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 3 दिसंबर से 5 जनवरी तक होने वाली 67वीं राष्ट्रीय पिस्टल निशानेबाजी चैंपियनशिप और भोपाल में 15 से 31 दिसंबर तक होने वाली 67वीं राष्ट्रीय राइफल चैंपियनशिप के लिए ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के 42 निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया है। अकादमी के पिस्टल कोच विजय चंदेल और राइफल कोच फरीद सिद्दीकी ने बताया कि इन निशानेबाजों का चयन दिल्ली में हुई 43वीं नार्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप और भोपाल में हुई इंडिया ओपन चैंपियनशिप में किये गए प्रदर्शन के आधार पर हुआ। दोनों कोच ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# स्व चंद्रभानु पाण्डेय ने नौजवानों को दिखाई संघर्ष की राह

अवधनामा संवाददाता

> शहीद छात्रनेता चंद्रभानु पाण्डेय की स्मृति में अतिथियों द्वारा टीडी कालेज परिसर में पौधरोपण भी किया गया। अतिथियों ने कदम्ब के पौधे लगाए। इसके अलावा हिन्दू, मुस्लिम और सिक्ख धर्म के लोगों ने सुरों से श्रद्धांजलि दी।

**बलिया।** मुरली मनोहर टाउन डिग्री कॉलेज (टीडी कॉलेज) के प्राचार्य कक्ष के सामने स्थित पार्क में गुरूवार को चंद्रभानु पांडेय की 33वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित सर्वधर्म समभाव सभा में मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी, फेफना विधायक संग्राम सिंह व वाराणसी मण्डल स्नातक क्षेत्र से एमएलसी आशुतोष सिन्हा समेत बड़ी संख्या में छात्र नेताओं ने चंद्रभानु पांडेय को श्रद्धांजलि अर्पित की।

चंद्रभानू पांडेय का जन्म 1966 में जिले के बभनौली गांव में हुआ था। उनकी शुरुआती पढ़ाई-लिखाई गांव के ही सरकारी स्कूल से पूरी हुई। बाद में राजकीय इण्टर कॉलेज व उच्च शिक्षा के लिए टीडी कॉलेज में दाखिला लिया। टीडी कॉलेज से वो छात्र संघ का चुनाव भी लड़ चुके थे। निधन के साल भी वो छात्र संघ चुनाव की तैयारी कर रहे थे। साल 1991 में पांच दिसंबर को टाउन इण्टर कालेज में पढ़ने वाले कक्षा सात के एक छात्र को रोडवेज के बस ने कुचल दिया। मौके पर ही बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बच्चे की लाश के साथ लावारिसों जैसा व्यवहार किया था। वहां किसी को जाने नहीं दिया जा रहा था। इसी बात को टीडी कॉलेज के छात्र आंदोलन करने लगे। इस आंदोलन का नेतृत्व चंद्रभानु पांडेय कर रहे थे। छात्रों की मांग थी कि बच्चे के परिवार को मुआवजा मिले और लाश को सम्मान परिवार के लोगों को दिया जाय। इसी आंदोलन के दौरान पुलिस ने फायरिंग की और पुलिस की गोली से चंद्रभानू पांडेय शहीद हो गए। तब से लेकर आज तक पांच दिसंबर का दिन एक काला दिन बन गया। लेकिन चंद्रभानु पांडेय एक शहीद के रूप में अमर हो गए। टीडी कॉलेज में चंद्रभानु पांडेय को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा कि विद्यार्थी नेताओं में संघर्ष का माद्दा कम हो रहा है। चंद्रभानु की शहादत से छात्रों और छात्रनेताओं को सीख लेनी चाहिए। कहा कि चंद्रभानु पाण्डेय ने संघर्ष की राह दिखाई थी।

विशिष्ट अतिथि एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा कि छात्रों के हित में शहीद चंद्रभानु पाण्डेय के आदर्शों पर चलकर ही छात्रसंघ की बहाली कराई जा सकती है। जब तक छात्रसंघ बहाल न हो, राजनीति में शुद्धता नहीं आ सकती। विधायक संग्राम सिंह यादव ने कहा कि युवा संघर्ष की राह पर चलने का संकल्प लें। तभी राजनीति का भला होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छात्रसंघ की बहाली जरूरी है। युवा इसके लिए आंदोलन करें हम साथ देंगे। इस अवसर पर राणाप्रताप सिंह, नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू, सच्चिदानंद तिवारी, उमाशंकर पाठक, राजीव मोहन चौधरी, सुशांत राज भारत, संजय उपाध्याय, लक्ष्मण गुप्ता, वेदप्रकाश पाण्डेय, लक्ष्मण यादव, रामाकृष्ण यादव, अरुण सिंह, जितेन्द्र सिंह, अरविंद राय, रामविचार यादव, बिजेंद्र राय, प्रेमप्रकाश सिंह पिंटू, मृत्युंजय राय, दिनेश प्रताप सिंह, जमाल आलम, दीपक सिंह, संतोष सिंह, रामप्रताप सिंह, अनूप सिंह, श्यामनारायण तिवारी, अशोक यादव, जयपाल यादव, करुनानिधि तिवारी, रजनीश यादव आदि थे। संचालन टीडी कालेज के छात्रसंघ महामंत्री अमित सिंह ने किया। सभी आगंतुकों के प्रति आभार पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय कान्हजी ने व्यक्त किया।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट के नाम महिला से 7.16 लाख की ठगी

**प्रयागराज।** धूमनगंज में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एक महिला के खाते से 7.16 लाख रुपये उड़ा दिए गए। साइबर ठग महिला को ओटीपी के नाम पर उलझाए रहे। अकाउंट से रुपये ट्रांसफर होने पर पता चला। साइबर सेल केस की जांच में जुटी है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के मुंडेरा की रहने वाली रेनू ने पुलिस को तहरीर दी है कि उनका खाता एक एसबीआई में है। 27 नवंबर को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ रही है।

# इंद्रनील घोष मानद डॉक्टरेट उपाधि से होंगे सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज के फुटबॉल प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय खेल प्रबंधक इंद्रनील घोष को खेल के छेत्र में असाधारण योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट डिग्री से 06 दिसंबर को भारत सरकार द्वारा प्रमाणित आइकोनिक पीस अवार्ड कॉउंसिल, नई दिल्ली में सम्मानित किया जायेगा। माता मीरा एवं पिता जयंत कुमार घोष के सुपुत्र इंद्रनील घोष को हाल ही में पेफी राष्ट्रीय अवार्ड एवं वर्ष 2023 में चेतन चौहान राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया था। इंद्रनील कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में टेकिन्कल ऑफिसियल एवं स्पोर्ट्स मैनेजर के रूप में राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली 2010, झारखण्ड राष्ट्रीय खेल 2011, एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप, जूनियर एशियाई टेनिस चैंपियनशिप 2012, सैफ (साउथ एशियाई) अंतराष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2011, 2015 में काम कर चुके है। इससे अलावा प्रशिक्षक के तौर पर कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओ में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, लक्ष्यदीप के साथ ही साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान उत्तर प्रदेश, प्रयागराज मंडल के भी प्रशिक्षक रह चुके है। हाल ही में इंद्रनील संतोष ट्रॉफी सीनियर पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में त्रिपुरा टीम के गोलकीपर प्रशिक्षक भी थे। वर्तमान में इंद्रनील नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक हैं। आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के लाइसेंस प्राप्त प्रोफेशनल फुटबॉल प्रशिक्षक इंद्रनील घोष ने इलाहाबाद विश्विद्यालय से वर्ष 2006 में एम कॉम एवं बरकतुल्लाह विश्विद्यालय भोपाल से वर्ष 2012 में एम पी एड, वहीं वर्ष 2008-09 में नेताजी सुभास नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ स्पोर्ट्स कोलकाता से फुटबॉल कोचिंग का डिप्लोमा प्राप्त किया है। वर्ष 2021 में लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर से पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट उत्तीर्ण किया है।

# बलिया में जच्चा बच्चा की मौत, नर्स समेत तीन पर मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

> नर्स को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

**बलिया।** रेवती सीएचसी में तैनात स्टाफ नर्स के पिण्डहरा आवास पर स्थित प्राइवेट प्रसव केन्द्र में बुधवार की देर रात प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने स्टाफ नर्स , उनके पति व आशाबहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया हैं तथा स्टाफ नर्स को हिरासत में ले लिया हैं। पुलिस ने जच्चा बच्चा के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

क्षेत्र के रूकूनपुरा गांव निवासी लाल साहब साहनी की पत्नी 34 वर्षीय सुधा को परिजनों ने गांव की आशा बहू मीना देवी की सलाह पर पिण्डहरा स्थित स्टाफ नर्स मंजू सिंह के आवास पर प्रसव केन्द्र में भर्ती कराया था। प्रसव के लिए बीस हजार रूपया तय हुआ था। परिजनों ने चार हजार रूपया नगद तथा आठ हजार रूपया यूपीआई से भुगतान किया था। शेष आठ हजार रूपया प्रसव के बाद भुगतान करना था। रात लगभग दस बजे महिला सुधा को मृत बच्चा पैदा हुआ। प्रसव के बाद देर रात महिला की हालत भी गंभीर हो गई तथा महिला की भी मौत हो गई। परिजनों ने नर्स पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुधा व बच्चे के शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने नर्स मंजू सिंह को भी हिरासत में ले लिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि महिला के देवर ईश्वर चंद साहनी की तहरीर पर स्टाफ नर्स पिण्डहरा गांव निवासी मंजू सिंह उनके पति नंदकुली सिंह व रूकूनपुरा गांव निवासी आशा बहू मीना देवी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच किया जा रहा है।


# कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा, लखीमपुर-खीरी

पत्राँक- 1904/न0पं0धौ0/निविदा-एसएफसी/2024-25 दिनांक : 04 दिसम्बर 2024

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय को वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित/स्वीकृत, निम्न कार्य हेतु मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 24.12.2024 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक व्यक्ति/फर्म नियत समयान्तर्गत अपनी-अपनी निविदा कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा पर प्रस्तुत कर सकते हैं। तदोपरान्त प्राप्त निविदाओं को दिनांक 24.12.2024 को समय अपरान्ह 03:00 बजे निविदादाताओं की उपस्थिति में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा उक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश पड़ने की दशा में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी। प्रत्येक निविदा के साथ 05 प्रतिशत जमानत, धनराशि नकद रसीद के माध्यम से कार्यालय में अथवा एफ0डी0आर0 जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत धौरहरा के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र नकद मूल्य पर दिनांक 23.12.2024 को अपरान्ह 05:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा से क्रय किये जा सकते हैं एवं दिनांक 24.12.2024 को कार्यालय नगर पंचायत धौरहरा में लिपिक पटल पर समय अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत धौरहरा में निहित होगा। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में मालूम की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि जीएसटी सहित | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 | SFC | नगर पंचायत धौरहरा परिसर में आर0आर0आर0 सेन्टर निर्माण कार्य। | 404653 | 342927 | 17146 | 590 | 1 माह |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत धौरहरा
लखीमपुर-खीरी

# लगातार पांचवें दिन बाजार हरे निशान पर बंद, सेंसेक्स 809 अंक चढ़ा, निफ्टी 24700 के पार


**नई दिल्ली।** आरबीआई की नीति समीक्षा की घोषणा से एक दिन पहले गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स में लगातार पांचवें दिन बढ़त दर्ज की गई और यह 809 अंक चढ़ गया। 30 शेयरों वाला बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 809.53 अंक या 1 प्रतिशत बढ़कर 81,765.86 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 1,361.41 अंक या 1.68 प्रतिशत बढ़कर 82,317.74 पर पहुंच गया, लेकिन निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली के कारण बंद होने से पहले के सत्र में बढ़त कम हो गई। रुपया सर्वकालिक निम्नतम स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे बढ़कर 84.72 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

एनएसई निफ्टी 240.95 अंक या 0.98 प्रतिशत बढ़कर 24,708.40 पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि आईटी शेयरों में खरीदारी और अमेरिकी बाजारों में तेजी के चलते बेंचमार्क सूचकांकों ने पांचवें दिन भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन, इंफोसिस, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टेक महिंद्रा में सर्वाधिक लाभ रहा। एनटीपीसी और एशियन पेंट्स पिछड़ गए।

**प्रतिशत**

**एनएसई निफ्टी 240.95 अंक या 0.98 प्रतिशत बढ़कर 24,708.40 पर पहुंच गया।**

जानकारों के अनुसार, डॉव का पहली बार 45,000 के पार जाना अमेरिकी बाजार की तेजी की मजबूती का सूचक है। अमेरिका में वृहद परिस्थितियां - मजबूत वृद्धि और घटती मुद्रास्फीति इस तेजी को समर्थन दे रही है।



जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, ÷फेड प्रमुख पॉवेल की कल की टिप्पणी कि अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय रूप से अच्छी स्थिति में है अमेरिकी तेजड़ियों के लिए एक उत्साहवर्धक बात है। बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.16 प्रतिशत चढ़ा। बीएसई में 2,141 शेयरों में तेजी रही, 1,825 में गिरावट आई तथा 117 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

क्षेत्रीय सूचकांकों में बीएसई फोकस्ड आईटी में सबसे अधिक 1.96 प्रतिशत की तेजी आई, जबकि टेक में 1.92 प्रतिशत, आईटी में 1.81 प्रतिशत तथा दूरसंचार में 0.95 प्रतिशत की तेजी आई। बैंकेक्स (0.68 प्रतिशत) तथा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (0.66 प्रतिशत) में भी तेजी आई।

बीएसई सेवाएं और रियल्टी क्षेत्र पिछड़ गए। पिछले पांच कारोबारी दिनों में बीएसई बेंचमार्क 2,722.12 अंक या 3.44 प्रतिशत उछला है। विश्लेषकों का कहना है कि एफआईआई का खरीदार बनना बाजारों के लिए सकारात्मक है, खासकर लार्जकैप के लिए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 1,797.60 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली आरबीआई मौद्रिक नीति समिति शुक्रवार को अपनी नीति समीक्षा की घोषणा करेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ÷बाजार में हाल की तेजी में आरबीआई से संभावित समर्थन का भी योगदान है, जिससे शुक्रवार के नतीजों पर बाजार की प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण हो गई है।

# एक माह में एमएमयू ने लखनऊ में 3087 मरीजों तक पहुंचाया निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**लखनऊ।** 05 दिसम्बर 2024 भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त मार्गदर्शन में 18 फरवरी 2019 से उत्तर प्रदेश के 53 जिलों में 172 राष्ट्रीय मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन सफलता पूर्वक किया जा रहा है जिसके द्वारा अब तक 1 करोड़ 50 लाख से ज्यादा लोग घर बैठे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले चुके है। जिनमें से 26 लाख 50 हजार से ज्यादा लोगों का लैब टेस्ट भी किया जा चुका है।

प्रत्येक एमएमयू में एक एमबीबीएस डॉक्टर, स्टाफ नर्स,लैब टेक्नीशियन तथा फार्मासिस्ट तैनात रहता है।

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)के निर्देशन में के.एच.जी हेल्थ सर्विसेज द्वारा एमएमयू सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। कंपनी के मैनेजर(आई. ई.सी)विशाल मिश्रा ने बताया कि लखनऊ में संचालित दो मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा



नवंबर माह में शहर के घनी आबादी वाले विभिन्न इलाकों में जाकर 3087 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। इस दौरान 851 लोगों की डेंगू, ब्लडप्रेशर मलेरिया,हीमोग्लोबिन,शुगर, यूरिन, प्रोटीन, टीएलसी, डी एलसी, ईसीजी व अन्य जांचे की की गई तथा निःशुल्क दवा उपलब्ध करवाई गई।

लखनऊ में तैनात वैन संख्या यूपी 32 एल एन 4214 तथा यूपी 32 एल एन 6729 द्वारा नवंबर माह में चिनहट,सरोजनी नगर नगराम,सदर,गोसाईगंज ब्लाक के अंतर्गत आने वाले फैजुल्लागंज, प्रगति बाजार, सेक्टर 16 इंदिरा नगर, मटियारी चौराहा, हरिओम मंदिर, कपूर मार्केट, हुसैनाबाद, सरोजनी नगर, विशाल खंड, सरयू एन्क्लेव, खाटू श्याम मंदिर, गोमती रिवर फ्रंट आदि स्थानों पर स्वास्थ्य कैंप लगाया गया जिसमें कुल 48 ट्रिप्स में लोगों को निःशुल्क जांच व दवा उपलब्ध करवाई गई।

एमएमयू संख्या यूपी 32 एल.एन 4214 पर तैनात डॉक्टर निहारिका ने बताया कि महिलाओं के साथ साथ पुरुषों में भी आर्थराइटिस की संख्या में इजाफा हो रहा है। सबसे ज्यादा ज्वाइंट पेन, बुखार,जुखाम, तथा विटामिन डी और कैल्शियम की कमी के मरीज एमएमयू पर इलाज हेतु आ रहे है जिन्हें दवा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# 98.1 प्रतिशत एडवाइज़र्स ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के मोबाइल ऐप 'आईप्रू एज' का उपयोग कर तुरंत कमीशन प्राप्त किया



**गोरखपुर।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा अपने एडवाइज़र्स के लिए विशेष रूप से पेश किए गए मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइज़र्स की आय में भी इजाफा हुआ है। खास बात यह है कि आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ सेल्स, प्रॉपराइटरी चैनल, श्री दिनेश टाकने कहा,÷हमारे मोबाइल ऐप आईप्रू एज ने हमारे एजेंट्स को अपना व्यवसाय बढ़ाने में सक्षम बनाया है। यह वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में देखी गई 37 प्रतिशत उत्पादकता वृद्धि से स्पष्ट है। इसके अलावा, आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1प्रतिशत एडवाइज़र्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। इन पहलों ने हमें देश का सबसे एडवाइजर-फ्रेंडली लाइफ इंश्योरेंस प्रोवाइडर बनने में मदद की है।÷हमने तकनीकी समाधान भी लागू किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में सेविंग्स बिजनेस सेगमेंट की लगभग 50 प्रतिशत पॉलिसी उसी दिन जारी की गईं।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ चुनिंदा डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी है।कंपनी के पास 2 लाख से अधिक एडवाइज़र्स का नेटवर्क है, और लगभग 61 प्रतिशत शीर्ष एडवाइज़र्स अब इस ऐप का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनके व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिल रही है।

यह मोबाइल ऐप एजेंट्स के लिए चलते-फिरते कार्यालय की तरह काम करता है, जिससे वे प्रशासनिक गतिविधियों के बजाय नए व्यवसाय विकास पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।आईप्रू एज रीयल-टाइम केवाईसी ऑथेंटिकेशन की सुविधा प्रदान करता है, और इसकी ओसीआर टेक्नोलॉजी ग्राहकों को पेपरलेस खरीदारी का अनुभव देती है। यह छोटे शहरों और गांवों में काम करने वाले एजेंट्स के लिए बहुत उपयोगी है।

वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में, कंपनी ने अपने एजेंसी चैनल से रिटेल वेटेज प्रीमियम में साल-दर-साल 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो ऐप द्वारा प्रदान की गई सुविधा को दर्शाता है।

आईप्रू एज एडवाइज़र्स को प्रशासनिक गतिविधियों के बजाय नए व्यवसाय के विकास पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देता है। ऐप का उपयोग करके एडवाइज़र्स आसानी से नया व्यवसाय लॉग इन कर सकते हैं। हम अपने एडवाइज़र्स को नए व्यावसायिक अवसर, डिमांड जनरेशन और ग्राहकों की प्रभावी सेवा प्रदान करते हैं। यह एडवाइज़र्स को अपने ग्राहकों को प्रभावी ढंग से सेवा देने में भी सक्षम बनाता है।

यह मोबाइल ऐप हमारे एजेंट्स को उनके व्यवसाय को लाभदायक रूप से बढ़ाने का समाधान प्रदान करता है। खास बात यह है कि यह उन्हें उनके व्यवसाय और आय की विस्तृत जानकारी भी प्रदान करता है।

## मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया की रियल्टर करुणा गिडवानी लग्ज़री रियल एस्टेट मार्केट में सपने को कर रहीं हैं साकार

**लखनऊ।** लग्ज़री रियल एस्टेट की प्रतिस्पर्धी दुनिया में करुणा गिडवानी का उभरना सचमुच शानदार है। करुणा अपनी विशेषज्ञता, आत्मविश्वास और अटूट लगन के लिये जानी जाती हैं। वह गुरुग्राम के लग्ज़री रियल एस्टेट के माहौल में एक मशहूर हस्ती बन चुकी हैं। लेकिन करूणा के सफर को ज्यादा प्रेरक बनाने वाली बात यह है कि उन्होंने मिलियन डॉलर लिस्टिंग का हिस्सा बनने के अपने सपने को हकीकत में बदल दिया है। उनकी कहानी सपनों की ताकत दिखाती है। करूणा को याद है कि उन्होंने सिडनी से लेकर न्यूयॉर्क तक मिलियन डॉलर लिस्टिंग के इंटरनेशनल फ्रैंचाइजी देखे थे और वो अपने दोस्तों से मजाक में अक्सर कहती थीं कि इस शो के भारतीय संस्करण में वह पूरी तरह से फिट हो सकती हैं। इसे लेकर उनके भीतर भी कुछ चल रहा था और फिर करुणा ने इसे हकीकत बनाने का फैसला किया। वह कहती हैं, ''मेरा मानना था कि यह होकर रहेगा। मैंने



इसका सपना देखा और मैं आज यहाँ हूँ।'' इस शो में करुणा लग्ज़री रियल एस्टेट के लिये अपने ज्ञान का भंडार और जुनून लेकर आ रही हैं। बड़े दांव वाले इस बाजार में वह चुनौतियों से निपटने का आत्मविश्वास और विशेषज्ञता भी रखती हैं। एक बेहतरीन रियल एस्टेट एजेंट के तौर पर प्राइम प्रॉपर्टीज को पहचानने, डील्स के लिए मोलभाव करने और ग्राहकों के साथ मजबूत रिश्ते बनाने में उनकी कुशलता उन्हें गुरुग्राम का दिग्गज बना चुकी है। लग्ज़री रियल एस्टेट की दुनिया में करूणा खूब धूम मचा रही हैं और मिलियन डॉलर लिस्टिंग इंडिया में उनकी मौजूदगी वाकई गेम-चेंजर साबित होगी।

## सैमसंग की टीवीकी क्लाउड टेक्नोलॉजी ने भारत में होम एंटरटेनमेंट के अनुभव को और बेहतर बनाया

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने सैमसंग टीवी की क्लाउड टेक्नोलॉजी को लॉन्च किया है जो कि टीवी देखने के अनुभव में बड़ा बदलाव लेकर आएगी। यह उद्योग का पहला सॉल्यूशन है जो आप को सेट-टॉप बॉक्स के बिना लाइव टेलीविजन देखने की सुविधा देता है। नागरा विजन के साथ मिलकर विकसित की गई यह नई टेक्नोलॉजी उपभोक्ताओं को पारंपरिक सेट-टॉप बॉक्स के बिना शानदार मनोरंजन का आनंद उठाने का मौका देती है।

टीवी की क्लाउड के साथ लाइव टीवी के भविष्य को सरल बनाते हुए, यूजर अब एक ही सैमसंग स्मार्ट टीवी रिमोट का उपयोग करके अपने सभी पसंदीदा लाइव और ऑन-डिमांड सामग्री को एक्सेस कर सकते हैं। यह अतिरिक्त केबल और हार्डवेयर को कम करने, स्वच्छ, आधुनिक और अत्यधिक सहज विजुअल अनुभव मुहैया कराने की दिशा में एक प्रमुख उपलब्धि है। यह टेक्नोलॉजी सैमसंग के 2023 और 2024 कनेक्टेड टीवी मॉडल के साथ कॉम्पैटिबल है, जिसमें अल्ट्रा एचडी, ओएलईडी, क्यूएलईडी और नियो क्यूएलईडी शामिल हैं।

यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से वा प्रदाता के ग्राहकों को टीवी की अनूठी ऑन-चिप सिक्योरिटी का उपयोग करके प्रीमियम सामग्री तक पहुंचने की अनुमति देती है, जिससे उच्चस्तर का कॉन्टेंट प्रोटेक्शन मिलता है।

एसआरआई-बेंगलुरू के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपेश शाह ने कहा, ÷डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने की दिशा में इनोवेशन की श्रृंखला में टीवी की क्लाउड टेक्नोलॉजी सैमसंग की बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी है। यह केबल और सैटेलाइट टीवी प्रोवाइडर्स को सुरक्षित और उच्चगुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान करने में मदद करती है ताकि उपभोक्ता सैमसंग टीवी पर अपनी पसंदीदा सामग्री का बिना किसी परेशानी के आनंद ले सकें। यह नई टेक्नोलॉजी भारत के टेलीविजन उद्योग में नया मानक स्थापित करेगी।÷

चाहे यह शुद्ध ब्रॉडकास्ट हो, हाइब्रिड ब्रॉडकास्ट-ओटीटी, या ओटीटी-केबल सेवाएं, टीवी की क्लाउड सर्विस मुहैया कराने वाले को उनके सेट-टॉप बॉक्स कार्यक्षमता के साथ सीधे टीवी पर उच्च गुणवत्ता वाले कॉन्टेंट वितरित करने की अनुमति देता है। यह कॉन्टेंट कन्वर्जेंस सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता सर्वोच्च सुरक्षा के साथ बेहतरीन मनोरंजन का आनंद लें। कनेक्टेड टीवी के चिपसेट में सीधे एंबेडेड, यह आधुनिक सिक्योरिटी फीचर्स बौद्धिक संपदा को सुरक्षित रखते हुए प्रीमियम सामग्री प्रदान करती है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि कॉन्टेंट प्रोवाइडर्स अपने दीर्घकालिक कॉन्टेंट इन्वेस्टेमेंट की सुरक्षा कर सकते हैं।

## प्राइवेट कंपनियों को लीज पर टावर देकर कमा रही बीएसएनएल, सबसे ज्यादा टावर जियो के पास

**नई दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल (भारत संचार निगम लिमिटेड) अपने टावर प्राइवेट कंपनियों को लीज पर देकर कमाई कर रही है। इससे सरकारी कंपनी को हर साल हजारों करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। सरकार ने बुधवार 4 दिसंबर, 2024 को संसद में इसकी जानकारी दी।

**सबसे ज्यादा रिलायंस जियो के पास लीज वाले टावर**

केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ पेम्मासानी चंद्र शेखर ने एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि बीएसएनएल प्राइवेट कंपनियों को अपने टावर लीज पर देती है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2024 तक बीएसएनएल ने प्राइवेट कंपनियों को 12,502 टावर लीज पर दिया था। उनमें से सबसे ज्यादा 8,048 टावर मुकेश अंबानी की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो को लीज पर दिए गए हैं।

**लीज पर दिए टावरों से हुई इतनी मोटी कमाई**

चंद्र शेखर ने बताया कि बीएसएनएल एक सार्वजनिक उपक्रम है और वह तकनीकी व व्यावसायिक व्यावहारिकता को देखते हुए अपने फैसले लेती है। जवाब से पता चलता है कि सरकारी दूरसंचार कंपनी को टावर किराये पर देने से अच्छी कमाई हो रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2017-18 से 2023-24 के दौरान बीएसएनएल ने टावरों को लीज पर देकर 6,920।39 करोड़ रुपये की कमाई की है।

## सोना 300 रुपये चढ़कर 79 हजार रुपये के स्तर पर पहुंचा, चांदी तीसरे दिन भी चमकी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमत बढ़कर 79,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गई। तीन दिन की गिरावट का सिलसिला थमते हुए 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत बुधवार को 300 रुपए बढ़कर 79,150 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि इससे पहले इसका बंद भाव 78,850 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय बाजारों में आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ताजा मांग के कारण सोने में तेजी आई। चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन चमक जारी रही और गुरुवार को यह 1,300 रुपए बढ़कर 93,800 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। बुधवार को यह 92,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 300 रुपए बढ़कर 78,750 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 78,450 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी सोना अनुबंध 160 रुपये या 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,932 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी एवं करेंसी) जतिन त्रिवेदी ने कहा, सोने में स्थिरता के साथ कारोबार हुआ। एमसीएक्स में सोने के 76,700-77,400 रुपये के दायरे में कारोबार करने की उम्मीद है।÷ एक्सचेंज में मार्च डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 188 रुपये या 0.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 93,105 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 7.20 डॉलर या 0.27 प्रतिशत गिरकर 2,669 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

# भारतीय एसएमई संधारणीयता को व्यावसायिक सफलता के लिए एक प्रमुख चालक के रूप में देखते हैं

**मुंबई/बॉन।** डीएचएल एक्सप्रेस के एक नए अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार, छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) के लिए संधारणीयता एक रणनीतिक अनिवार्यता बन गई है, जो उनके दीर्घकालिक मूल्य और विश्वसनीयता को विशेष रूप से प्रभावित करती है। आपूर्ति श्रृंखला संचालन में संधारणीयता की बढ़ती प्राथमिकता को बेहतर ढंग से समझने के लिए डीएचएल एक्सप्रेस ने 11 वैश्विक बाजारों यूके, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन, सिंगापुर, जापान, मैक्सिको, कनाडा और भारत में 5,000 एसएमई में निर्णय निर्माताओं का गहन सर्वेक्षण किया।

सर्वेक्षण में पाया गया कि 95% भारतीय एसएमई मानते हैं कि संधारणीयता उनके व्यवसाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण या बेहद महत्वपूर्ण है। यह वैश्विक औसत 75% से काफी अधिक है और भारतीय व्यवसायों के बीच संधारणीयता के



प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डीएचएल एक्सप्रेस में कार्यकारी उपाध्यक्ष ग्लोबल कमर्शियल मिशेल ग्रीवेन ने कहा, संधारणीयता अब कई व्यवसायों के एजेंडे में सबसे ऊपर है। लेकिन संधारणीय रणनीति विकसित करने और उसे लागू करने की चुनौती अक्सर भारी लग सकती है कई सर्वेक्षण उत्तरदाताओं ने बताया कि उन्हें नहीं पता कि इसके लिए शुरुआत कहाँ से की जाए। डीएचएल एक्सप्रेस जैसे विश्वसनीय लॉजिस्टिक्स लीडर के साथ साझेदारी करके, जो कम उत्सर्जन शिपिंग समाधानों के अपने समर्पित पोर्टफोलियो के लिए प्रसिद्ध है, एसएमई खुद को व्यवहार्य, प्रतिस्पर्धी बने रहने और दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने की स्थिति में ला सकते हैं।

डीएचएल एक्सप्रेस के दक्षिण एशिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरएस सुब्रमण्यन ने बताया, ÷व्यवसायों के लिए अब संधारणीय होना एक विकल्प न रहकर विकास को गति देने, ग्राहकों को आकर्षित करने और दीर्घकालिक निवेश को सुरक्षित करने के लिए यह एक आवश्यकता बन गया है। भारतीय एसएमई इसे समझकर अपने संचालन में संधारणीय प्रथाओं को शामिल करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहे हैं। वास्तव में, डीएचएल में हमारे सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 51त्न एसएमई और चीन में 47% एसएमई का मानना है कि उनके ग्राहक संधारणीय शिपिंग के लिए अधिक भुगतान करने को तैयार होंगे, जबकि वैश्विक औसत 23त्न ही है। ऐसा संभवतः इसलिए है क्योंकि भारत और चीन निर्यात करने वाले पावरहाउस हैं और यहां एसएमई पश्चिमी उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए संधारणीय रणनीतियों को अपना रहे हैं।

# वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने 2025 अकादमिक वर्ष के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** रचनात्मक क्षेत्र में शिक्षा के लिए समर्पित भारत की प्रथम युनिवर्सिटी वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन (डब्लूयूडी) ने अकादमिक वर्ष 2025 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। डब्लूयूडी अपने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रमों की एक व्यापक रेंज की पेशकश करती है जिसमें वे आर्किटेक्चर, डिजाइन, फैशन, संचार, विजुअल आर्ट्स, परफॉर्मिंग आर्ट्स और मैनेजमेंट सहित अपनी पसंद का क्षेत्र चुन सकते हैं। डब्लूयूडी में प्रत्येक स्कूल अनूठे पाठ्यक्रमों की पेशकश करते हैं जिससे विद्यार्थियों को करियर के विशेष रास्ते तलाशने का अवसर मिलता है।

इस आवेदन प्रक्रिया को आवश्यक प्रारूपों के साथ सुव्यवस्थित किया गया है जोकि युनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है। आवेदन प्रक्रिया के बाद अभ्यर्थियों को 11 और 12 जनवरी, 2025 को डब्लूयूडी डिजाइन एप्टीट्यूड टेस्ट (डब्लूयूडीएटी 2025) देना होगा जोकि विभिन्न क्षेत्रों में करीब 30 कार्यक्रमों पर लागू होता है। संपूर्ण प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन कराई जाएगी जिससे अभ्यर्थी सुविधाजनक तरीके से घर बैठे दे सकेंगे। दो घंटे की परीक्षा में बहु विकल्पीय प्रश्नों के वर्ग होंगे जिसमें लॉजिकल रिजनिंग, वरबल रिजनिंग, सामान्य ज्ञान और ड्राइंग आधारित घटक शामिल होंगे।

वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति डाक्टर संजय गुप्ता ने कहा, ÷वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम इस तरह से डिजाइन किए गए हैं जिनसे आकांक्षी डिजाइनरों के विश्लेषणात्मक और कल्पनात्मक दोनों ही पहलू को पोषण मिले और डब्लूयूडीएटी इस कठिन चयन प्रक्रिया में एक अहम भूमिका निभाता है। हम डिजाइन को लेकर जुनून रखने वाले उन सभी विद्यार्थियों का अपनी युनिवर्सिटी में स्वागत करते हैं जो डिजाइन में शिक्षा और अनुसंधान के जरिए भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के राष्ट्रीय प्रयास में योगदान करेंगे।

यह युनिवर्सिटी रचनात्मक शिक्षा के लिए उम्मीदवारों की योग्यता का आकलन करने और संभावित विद्यार्थियों को छांटने के लिए डिजाइन एप्टीट्यूड टेस्ट (डीएटी), आर्ट एप्टीट्यूड टेस्ट (एएटी) और जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट (गैट) कराती है। विशेष डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी अंक भी मान्य हैं। इसके अलावा, डब्लूयूडी राष्ट्रीय स्तर के यूसीईईडी और सीईईडी परीक्षाएं कराने वाले आईआईटी बांबे के साथ एक परिणाम साझीदारी साझा करती है जिसके अंक बी.डेस और एम.डेस डिग्री कार्यक्रमों में भी प्रवेश के लिए स्वीकार्य किए जाते हैं।

## जुलाई-सितंबर जीडीपी में हो सकता है संशोधन

**नई दिल्ली।** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंथा नागेश्वरन ने गुरुवार को बताया कि अक्टूबर-नवंबर के दौरान कुछ क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है और चालू वित्त वर्ष में 6.5-7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरी तिमाही के 5.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान को आगे चलकर संशोधित किया जा सकता है, क्योंकि वर्तमान अनुमान मौसमी रूप से समायोजित नहीं हैं।

नागेश्वरन ने कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया करते हुए हमें बच्चे को नहलाने के साथ ही बाहर फेंक देना चाहिए। क्योंकि अंतर्निहित विकास की कहानी अभी भी काफी हद तक बरकरार है।÷ भारत की आर्थिक वृद्धि दर जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गयी, जबकि अप्रैल-जून तिमाही में यह 6.7 प्रतिशत थी।

# राम चरण की गेम चेंजर से लेकर आदित्य धर की अनटाइटल्ड मूवी तक

**गेम चेंजर-** राम चरण की फिल्म गेम चेंजर के साथ नए साल की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। जाने-माने निर्देशक शंकर शनमुगम द्वारा निर्देशित और दिल राजू द्वारा निर्मित, इस एक्शन थ्रिलर में ग्लोबल स्टार कियारा आडवाणी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में जारी किए गए टीज़र में राम चरण को पहले कभी न देखे गए अवतार में नज़र आये , और लोगों को 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में फिल्म के आने का बेसब्री से इंतजार है।

**थंडेल-** थंडेल नागा चैतन्य और साई पल्लवी अभिनीत एक्शन ड्रामा है। फिल्म निर्माता चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित और गीता आर्ट्स के तहत बनी वास द्वारा निर्मित, थंडेल एक मछुआरे के बारे में एक दिलचस्प कहानी बताने के लिए तैयार है, जिसे अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना द्वारा पकड़ लिया जाता है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

**घाटी** अनुष्का शेट्टी अभिनीत फिल्म घाटी की पहली झलक जारी होने के बाद से ही दर्शकों का ध्यान



अपनी ओर आकर्षित किया है । फिल्म के टीज़र में अनुष्का शेट्टी के क्वीन के रूप में नज़र आ रही हैं। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित और राजीव रेड्डी और साई बाबू जगरलामुडी द्वारा निर्मित, घाटी जल्द ही 2025 में रिलीज़ होगी।

**इंडिया हाउस-** निखिल सिद्धार्थ और सई मांजरेकर अभिनीत, द इंडिया हाउस 2025 की सबसे दिलचस्प फिल्मों में से एक है। राम वामसी कृष्णा द्वारा निर्देशित और अभिषेक अग्रवाल द्वारा निर्मित, द इंडिया हाउस स्वतंत्रता-पूर्व युग पर आधारित है। और अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

**अखंडा 2-** अखंडा 2 फिल्म में नंदामुरी बालकृष्ण, प्रज्ञा जयसवाल सहित अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। जाने-माने फिल्म निर्माता बोयापति श्रीनु द्वारा निर्देशित और राम अचंता और गोपी अचंता द्वारा निर्मित, अखंडा 2 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

**केडी द डेविल** संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, नोरा फतेही और ध्रुव सरजा अभिनीत, केडी द डेविल 2025 की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक होने की ओर अग्रसर है। मशहूर फिल्म निर्माता प्रेम द्वारा निर्देशित और सुप्रिथ द्वारा निर्मित, केडी द डेविल एक एक्शन फिल्म है जो 2025 में सिनेमाघरों में आएगी।

**रणवीर सिंह और आदित्य धर की अनटाइटल्ड मूवी-** रणवीर सिंह और आदित्य धर की अनटाइटल्ड फिल्म की हाल ही में घोषणा की गयी थी जिसमें रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे कई स्टार कलाकार शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन जहां आदित्य धर कर रहे हैं, वहीं वह लोकेश धर के साथ मिलकर इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं। हालाँकि फिल्म का विवरण गुप्त रखा गया है, रणवीर सिंह और आदित्य धर की अनटाइटल्ड मूवी- अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

## एमएलसी ने किया आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बेनीपुर स्थित राजकीय आयुष चिकित्सालय का विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ल ने वृहस्पतिवार को औचक निरीक्षण किया। चिकित्साधीक्षक डॉ मोहम्मद कासिफ से अस्पताल की साफ-सफाई दवा आदि के बारे में जानकारी ली। एमएलसी ने मौजूद मरीजों से मिलकर बेहतर इलाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मरीज के इलाज में कोई कमी न होने पाए। जरूरी दवाओं की व्यवस्था की जाए। एमएलसी ने कहा कि हमारा और सरकार का उद्देश्य है स्वास्थ्य संबंधी सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जाए। इसके लिए यहां औचक निरीक्षण किया। मरीज पूरी तरह संतुष्ट रहे। दवाई पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गई। निरीक्षण के दौरान डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी डॉ कौशलेंद्र सिंह समेत समस्त चिकित्सक तथा चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे।

## आवारा पशुओं की समस्या से आज भी जूझ रहे किसान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में आवारा पशुओं की समस्या अभी भी बरकरार है।जिसके कारण किसान परेशान हैं।बड़ी मुश्किल से महंगे खाद बीज डालकर फसल तैयार कर रहे हैं उस पर आवारा पशु झुंड के झुंड घुसकर उसे चौपट कर रहे हैं। तमाम प्रयास के बावजूद भी शासन किसानों को आवारा पशुओं की समस्या से निजात नहीं दिला सका है।किसान की मेहनत से तैयार हो रही फसल आवारा पशु नष्ट करने पर आमादा है वही रात में आवारा पशुओं का तांडव इन दिनों गांव में भी हो रहा है गांव में घुसकर किसानों की पशुशाला और घरों में आवारा पशु तांडव कर रहे हैं।वहीं सड़कों पर भी झुंड के झुंड आवारा पशु टहलते नजर आते हैं जिससे आए दिन सड़क दुर्घटना का लोग शिकार हो रहे हैं। ग्रामीण अंचल के अलावा नगरीय क्षेत्रों में भी आवारा पशुओं का कहर जारी है।आम आदमी सरकार से लगातार आवारा पशुओं की समस्या से निजात पाने के लिए गुहार लगा रहा है लेकिन सरकार की ओर से तैयार किए गए पशु आश्रय स्थल इस समस्या से निजात दिलाने में नाकाफी साबित हो रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी धरातल पर आवारा पशु की समस्या से निपटने जैसे मुद्दे पर कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रहे हैं।

## धारिणी सिंह व अंशिका प्रदेश खो-खो टीम में



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** खो-खो फ़ेडरेशन आफ इंडिया और खेलो इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाली असमिता खेलो इंडिया वोमेन खो खो लीग सीनियर और जूनियर वर्ग का आयोजन मध्य प्रदेश जबलपुर में पाँच दिसंबर से होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ से सेंट जोसेफ़ सीतापुर रोड शाखा की धारिणी सिंह का सीनियर वर्ग और अंशिका चौरसिया का सब जूनियर वर्ग में उत्तर प्रदेश की टीम में चयन हुआ। इसी क्रम में गाँधी विधालय की दीपांशी सोनी का सीनियर वर्ग में चयन हुआ। यह टीम कोच सैफ़ हसनैन के नेत्रत्व में जबलपुर में होने वाली प्रतियगिता में प्रतिभाग करेंगी। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने इस अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा भारत देश का सौभाग्य है कि यशस्वी प्रधानमंत्री खिलाड़ियों को अपने खेल का जौहर दिखाने का उचित प्लेटफ़ॉर्म प्रदान कर रहे है खेलो इंडिया से भारत देश में पिछड़े खेलो को बहुत प्रोतसाहन मिल रहा है और दोनो बच्चों को खूब सारा आशीर्वाद और कामना की।

## आटो मिस्त्री पैसा और आटो लेकर फरार, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के एकला बाजार स्थित एक गैरेज हाल का मिस्त्री सर्विसिंग के लिए गया ऑटो और पैसा लेकर फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से आकाश सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी एकला बाजार जो अपने पड़ोसी यशोदा यादव का आटो लेकर चलाता है। 23 नवंबर को वह एकला बाजार स्थित एक गैरेज में सर्विस करने के लिए आते दिया था। बाद में पता की मिस्त्री आटो और मालिक का पैसा चोरी कर फरार हो गया है।

# अहिरौली पुलिस ने विभिन्न चोरियों का किया खुलासा, चार गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र में हुई विभिन्न चोरियों का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इन अभियुक्तों के पास से चोरी की दो बाइक, आभूषण व नगदी बरामद किया। गुरुवार को चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए चार अंतरराज्यीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। विगत दिनों क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में संदीप सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह निवासी मुंडेरा बाबू, रवि कुमार पुत्र रामरक्षा निवासी सेमरा नंबर 2 थाना गुलरिहा गोरखपुर, ओमकार गुप्ता पुत्र राम अचल गुप्ता निवासी जंगल मोहम्मद बरवा थाना गुलहरिया गोरखपुर व मनीष सिंह पुत्र



पुलिस गिरफ्त में चारों अभियुक्त

**चोरी की दो बाइक व आभूषण व नगदी बरामद**

स्व. रामरती सिंह ग्राम भटहट थाना गुलहरिया जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी/नकबजनी के भिन्न भिन्न मुकदमों से सम्बन्धित माल चोरी गए एक स्कूटी, दो जोड़ी पायल सफेद धातु व 8 अंगूठी सफेद धातु व 6 अंगुठी पीली धातु व एक लाकेट पीली धातु व चोरी गए 4870 रूपए नगद तथा चोरी किए गए स्कूटी का इंजन एवं पार्ट्स तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद यमहा मोटर साईकिल 3 मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक जुगेश कुमार आनन्द प्रशिक्षु उपनिरीक्षक शुभम कुमार भार्गव, कांस्टेबल अनिल कुमार यादव, देवेन्द्र कुमार यादव, धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## जीवात्मा और परमात्मा का मिलन है महारास

**अमेठी।** क्षेत्र के परशुरामपुर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठे दिन गुरुवार को कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने महारास प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्हेंने भगवान कृष्ण और गोपिकाओं से संबंधित महारास पर विस्तृत प्रकाश डाला।कहा हर कोई दिल का मेहमान नही होता। हर किसी के दिल मे भगवान नही होता। गोपियाँ भगवान के हृदय में निवास करती हैं और भगवान गोपियों के हृदय में बसते हैं। कुछ लोग कहते हैं भगवान गोपियों के साथ नाचते थे लेकिन यह कहना छुद्र बुद्धि का परिचायक है। भगवान श्रीकृष्ण को योग योगेश्वर कहा जाता है क्योंकि उनके जैसा योगी किसी युग मे कहीं नही हुआ। कुबजा उद्धार का प्रशंग सुनाते हुए बताया कि भगवान कहते हैं जो मुझे जिस रूप में भजता है मैं उसे उसी रूप में मिलता हूं। कंस वध का वृतांत सुनाते हुए कहा भगवान कहते हैं जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है तब तब मैं किसी न किसी रूप में अवतार लेता हूं और दुष्टों का संहार कर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना करता हूँ।

# लंबित वसूली एवं ऋण वितरण को लेकर डीएम ने की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड अमेठी की शाखाओं की लंबित वसूली एवं ऋण वितरण की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा बताया गया कि जनपद में 1512 बकायेदारों पर 1003.63 लाख रुपया बकाया है जिसके सापेक्ष अबतक 151.49 लाख रुपए की वसूली हो चुकी है। बैठक में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अमेठी द्वारा बताया गया कि जनपद में वसूली अभियान चलाया जा रहा है 900 बकायदार 1 लाख से बड़े हैं जिनकी वसूली हेतु विभागीय स्तर से 95 क तथा 92 ख की कार्यवाही कराई गई है तथा तहसील स्तर से बकायेदारों की वसूली हेतु आरसी जारी की गई है। वर्तमान में मृतक बकायेदारों से वसूली हेतु मृतक ऋण मोचन योजना ओटीएस की कार्यवाही 31 दिसंबर 2024 तक संचालित है जिसके तहत 2003 तक वितरित ऋणों पर मात्र मूलधन की वसूली होनी है ब्याज में शत प्रतिशत छूट है वर्ष 2003 से 2013 तक वितरित ऋणों पर कुल ब्याज में 75 फीसदी की छूट है तथा वर्ष 2013 से 31 मार्च 2023 तक वितरित ऋणों पर 50 फीसदी की छूट प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में वसूली प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निर्देश दिया गया कि सभी अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं शाखा प्रबंधक तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों से संपर्क कर बैठक आयोजित कराएं।

# सर्व समाज की पार्टी है भाजपा : सहजानंद राय



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर बूथ समित के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि भाजपा सर्व समाज की पार्टी है जिसमें हर जाति के कार्यकर्ता निष्ठा पूर्वक पार्टी के कार्यों को करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा दल है जो बूथ स्तर पर बूथ समितियों का निर्माण इसलिए करता है कि बूथ जैसे प्राथमिक और निचले स्तर पर पार्टी के विचारों, नीतियों और कार्यों को ले जाएं ताकि जनता को ये मालूम हो कि भाजपा राष्ट्र की आम जनता के हितों के लिए तत्परता के साथ काम करती है। हमारा बूथ अध्यक्ष पार्टी की वो मजबूत कड़ी है जिसके दम पर हम चुनाव में जनता के बीच अपने कार्यों को रखते हैं। उन्होंने जनपद के सभी 28 मंडलों के चुनाव अधिकारियों और मंडल अध्यक्षों के साथ बूथ गठन की समीक्षा की और कहा कि जिन बूथों का गठन अभी नहीं हो पाया है, कल तक हर हाल में गठन हो जाना चाहिए। जिला चुनाव अधिकारी बालेंदु मणि त्रिपाठी ने सभी मंडल अध्यक्षों और चुनाव अधिकारियों से अपील किया कि जिसको भी बूथ समिति के गठन की जिम्मेदारी दी गई है मंडल अध्यक्ष गण उनसे संपर्क करके किसी भी हाल में कल तक बाकी बचे बूथों का गठन करा लें। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि लगभग मंडलों में शक्तिकेंद्रों के अंतर्गत आने वाले बूथों का गठन हो चुका है, जो किसी कारण वश बाकी रह गया है वो अतिशीघ्र करा लिया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, राजेश मिश्रा, संजय सिंह एडवोकेट, महामंत्री रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, डा हेमंत मिश्रा, रमेश सिंह, अंगद तिवारी, डा विनय राव, संजय तिवारी, रमेश वर्मा, अशोक पांडे, त्रिगुणायक विश्वकर्मा, प्रभाकर तिवारी, संतोष मिश्रा, काशीपति शुक्ला, अमरनाथ सिंह, सभी मंडल अध्यक्ष और मंडल चुनाव अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन में सीट पर बैठने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, एक की मौत, दो घायल

**अमेठी।** चलती ट्रेन में सीट पर बैठने के मामूली विवाद में हुए खूनी संघर्ष में एक भाई की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि दबंगो ने निहालगढ़ प्लेटफार्म पर उतरते ही दूसरे पक्ष के तीन सगे भाइयों पर चाकुओं से हमला कर दिया। मृतक के परिजनों ने जीआरपी को तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर मड़कियन का पुरवा रानीगंज थाना भाले सुलतान के निवासी तीन सगे भाई तालिब उम्र 20 वर्ष पुत्र तौफीक उमर तौसीफ उम्र 24 वर्ष पुत्र तौफीक उमर और तौहीद उम्र 27 वर्ष पुत्र तौफीक उमर बेगमपुरा एक्सप्रेस से लुधियाना से वापस अपने घर आ रहे थे। ट्रेन में ही सीट पर बैठने को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद इन्होंने अपने सगे संबंधियों को स्टेशन पर बुला लिया। ट्रेन गुरुवार सुबह 9 बजे निहाल गढ़ स्टेशन पर पहुँची तो प्लेटफार्म पर दोनो पक्षों में विवाद हो गए आरोप है कि जिसके बाद दूसरे पक्ष ने तीनों भाइयों पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में तीनों सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए और ट्रेन अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जगदीशपुर पुलिस मौके पर पहुँची और तीनों घायलो को जगदीशपुर ट्रामा सेंटर पहुँचाया जहाँ इलाज के दौरान तौहीद की मौत हो गई।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ हिंदू संगठनों का प्रदर्शन



प्रदर्शन करते विधायक व हिन्दू संगठन

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं : पाठक**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले और इस्कान मंदिर के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में हिन्दू रक्षा संघर्ष समिति कुशीनगर द्वारा बुद्धा पार्क रवींद्रनगर में हजारों लोगों ने विशाल आक्रोश प्रदर्शन कर कड़ा विरोध किया और ज्ञापन भी सौंपा। इसमें भारत सरकार से पड़ोसी देश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने की मांग की गई। लोगों ने भारत सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की है। कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक भी हजारों लोगों व काफिला लेकर प्रदर्शन स्थल पहुंचे। इस दौरान लोगों ने जय श्री राम और बांग्लादेश होश में आओ समेत बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाए। गुरुवार को रविन्द्र नगर के पास स्थित बुद्धा पार्क में विरोध प्रदर्शन करते हुए हजारों हिंदुओं ने एक स्वर से कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले तत्काल बंद हों और कृष्ण दास की गिरफ्तारी पूरी तरह से अलोकतांत्रिक और मानवाधिकारों का हनन है। चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई की मांग की और भारत सरकार से सख्त कदम उठाने को कहा। इस प्रदर्शन में हिन्दू संगठनों समेत आरएसएस और भाजपा से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले तत्काल बंद हों और बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार अक्षम्य है। हम धर्म पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

# लार में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** विकासखंड लार के स्वामी देवानंद इंटर कॉलेज मठलार में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने अपनी विशेष जगह बनाई।

जिला युवा कल्याण अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि सब जूनियर 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में शाहजहां खातून ने प्रथम, ज्योति यादव ने द्वितीय और प्रियंका कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, सब जूनियर 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में उमाशंकर यादव ने



प्रथम, अनुभव कुमार ने द्वितीय और हेमंत कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ (जूनियर बालिका वर्ग) में प्रियंका कुमारी ने प्रथम, ज्योति यादव ने द्वितीय और अंजलि ने तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर पुरुष वर्ग के 1500 मीटर दौड़ में अंकित यादव ने प्रथम, गोलू कुमार ने द्वितीय और अंकित प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल सीनियर पुरुष वर्ग में गढ़वा खास की टीम ने विजेता का खिताब जीता, जबकि उकिना की टीम उपविजेता रही। कबड्डी (सब जूनियर बालिका वर्ग) में मठलार की टीम विजेता रही और खोमादाई की टीम उपविजेता बनी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी राजकमल (क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी - लार), संतोष यादव (क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, सलेमपुर) और शत्रुघ्न तिवारी (प्रधानाचार्य- स्वामी देवानंद इंटर कॉलेज, मठलार) ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान गोविंद कुशवाहा, ग्राम पंचायत-भैसही, खेल प्रेमी रंजीत कुमार और श्रीनेत भी उपस्थित रहे।

# दो सुपर जोनल, छह जोनल व 38 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद में सुरक्षा व्यवस्था तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद में ड्यूटी पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय क्षेत्रवार/ तहसील/पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया है, तथा सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना, खड्डा, व कप्तानगंज हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार राय को सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है।

**सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु मजिस्ट्रेट की हुई तैनाती**

जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है, इसी प्रकार संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है जिसके अंतर्गत तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य जनपद, ब्लॉक, तहसील स्तरीय अधिकारियों को पुलिस चौकी वार, कस्बा चौकी वार, प्रमुख चौक वाइज नामित नामित किए हैं।


इसके अलावा रिजर्व में 04 जोनल व 04 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किए है। उन्होंने बताया कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेगे कि सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वहां कोई विवाद न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

### कंट्रोल रूम स्थापित

कलेक्ट्रेट कुशीनगर में इसके लिए एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर- 05564-240590 है। कन्ट्रोल रूम की प्रभारी, नीरज कुमार गौड़ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, कुशीनगर- 7800296766 व आलोक कुमार प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी, कुशीनगर मो- 7834948507 को बनाया गया है जो अपने-अपने स्टॉफ के साथ कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेगें तथा प्रत्येक अधिकारियों को फोन कर उनकी लोकेशन प्राप्त कर जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे।

उपरोक्त दिशा-निर्देश केवल गाइड लाईन के रूप में है। मौके पर तैनात कार्यकारी मजिस्ट्रेट/उप जिला मजिस्ट्रेट विवेकपूर्ण ढंग से नियमानुसार कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण करेगें।

# पिता संग बेटी लापता तलाश में जुटे परिजन



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुर सुक्खड़ निवासी सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी ने अपने भाई और भतीजी के लापता होने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है। उन्होंने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया कि उनके भाई विजेंद्रनाथ त्रिपाठी और उनकी भतीजी मानसी त्रिपाठी पुत्री विजेंद्र नाथ त्रिपाठी निवासी हरपुर सुक्खड़ थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर बीते 2 दिसंबर की रात से ही गायब है। तथा अभी तक उनका कुछ पता नहीं चल पाया है। वह घर भी नहीं पहुंचे हैं। अपने भाई और भतीजी के गायब होने की सूचना स्थानीय थाने पर देते हुए कहा उनके नाम से लगभग सात बीघा अचल संपत्ति है जिस पर किसी की नजर हो सकती है, और उसके चक्कर में इनको किसी के द्वारा बहला फुसलाकर गायब कर दिया गया है।परिजन दोनों लोगों के खोजबीन में जुटे हुए हैं। पर अभी तक उनके बारे में कोई सुराग नहीं मिल पाई। जिससे वह काफी चिंतित हैं। गायब व्यक्तियों के पास दो मोबाइल फोन भी है। जिसपर संपर्क नहीं हो पा रहा है।वहीं दोनों लोगों के गायब होने से परिवारजनों को अनहोनी की चिंता सता रही है। उनके दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

## 14 को आयोजित होगा कवि सम्मेलन व मुशायरा

**अंबेडकरनगर।** जनपद के बसखारी क्षेत्र में स्थित एस बी नेशनल इंटर कॉलेज में ऑल इंडिया मुशायरा कवि सम्मेलन का होगा आगाज जिसमें दूर द्वाराज से चल कर लोग करेंगे प्रतिभाग, हिंदी भाषा का जो स्वरुप कविताओं में उजागर होता है वह अत्यंत आनंद प्रदान करने वाला होता है। सधे हुए कवि सम्मेलनों में प्रस्तुतिकरण के कौशल द्वारा कविताओं की मिठास में चार चाँद लग जाते हैं। यदि बात हास्य कविताओं की हो रही हो तो फिर मिठास और आनंद का एक नाभकीय विस्फोट होता है। हमारी अपनी नगरी में कवि सम्मेलन और आयोजित एक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन, 14 दिसम्बर की शाम को सुरम्य बनाने जा रहा है इस कार्यक्रम में आपको सुनने को मिलेंगी अनेक चटपटी बातें और झिलमिलाती हुई कविताएं। भारत से पधारे आमंत्रित कवि अपनी मनमोहक रचनायें सुनाएंगे और हम उन कविताओं का आनंद उठाएंगे। आप में से अनेक लोग परिचित ही होंगे। जिससे देश विदेश चल कर एस बी नेशनल इंटर कॉलेज में प्रतिभाग करेंगे।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन जिला इकाई कुशीनगर की बैठक गुरुवार को संगठन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। जिला मुख्यालय रवीन्द्रनगर स्थित जिला सूचना कार्यालय मे आयोजित की गई बैठक में पत्रकारों की समस्याओं और उसके निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल व प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा के मौजूदगी मे कार्यक्रम सम्पन्न कराने पर विचार किया गया। बैठक का संचालन महासचिव संजय चाणक्य ने किया।

बैठक में पूर्व की कार्रवाई पर चर्चा के बाद यूनियन के जिलाध्यक्ष सुभाष चंद श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन द्वारा राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर पत्रकारों के हितों के लिए अनेक प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि परस्पर एकजुटता से ही समस्याओं का समाधान निकलेगा। संगठन के संरक्षक मिथिलेश्वर पाण्डेय व सलाहकार समिति के वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश मणि



बैठक करते संघ के पदाधिकारी

त्रिपाठी ने कहा कि संगठन द्वारा प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चंद्र शर्मा के साथ वर्तमान परिवेश में मीडिया की भूमिका विषयक गोष्ठी कराने के लिए तिथि निर्धारित करने की बात कही।

यूनियन के उपाध्यक्ष ज्योतिभान मिश्रा, उपाध्यक्ष अजय मिश्रा, संगठन मंत्री बीबी त्रिपाठी ने संगठन के विस्तारीकरण पर जोर देते हुए कहा कि कुशीनगर मे दो टोल प्लाजा है और पत्रकारों को अपने ही जनपद में खबर कवरेज करने के लिए टोल ट्रैक्स देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर अपने जिले मे पत्रकारों को टोल ट्रैक्स से मुक्त करने के लिए पत्रक सौपेगा।

कोषाध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला सचिव आदित्य श्रीवास्तव, जिला सचिव शम्भू मिश्रा, जिला सचिव दीपक मिश्रा, राकेश श्रीवास्तव आदि ने आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने व सदस्यों के नवीनीकरण पर जोर दिया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र पाण्डेय, कृष्ण मोहन पाण्डेय, राकेश गोड, अशोक सिंह, गौरव मिश्रा, मुन्ना मिश्रा, उपेन्द्र तिवारी, उमर फारुख, साजिद अंसारी आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक का सड़क के किनारे मिली लाश

अवधानामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के बैरिया सपहा रोड़ बाईपास पर गुरुवार दोपहर बाद सड़क के किनारे एक 24 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए परिजनों को सौंप दिया। नगर पालिका कुशीनगर के वार्ड नंबर 8 पंडित राजमंगल पांडेय नगर (प्रेम नगर पिपरा) निवासी शिटू कुमार 24 वर्ष का शव बाईपास मार्ग पर सड़क के किनारे पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर बुलवाया।

परिजन शव का पोस्टमार्टम कराना नहीं चाहते थे। उसे लेकर अपने घर चले गए और उसका दाह संस्कार कर दिए। इस संबंध में एसएसआई परविंदर राय ने बताया युवक मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त था। परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे, इसलिए आवश्यक कोरम पूरा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## बारात जा रहे दो युवकों की मार्ग दुर्घटना में मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कसया थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर- 8 पंडित राजमंगल पाण्डेय नगर (सपहा लक्ष्मीपुर) व हफुआ सलेमगढ़ निवासी दो युवक की मार्ग दुर्घटना में बुधवार की देर रात मौत हो गई। उक्त वार्ड निवासी विवेक जायसवाल पुत्र रामाकांत जायसवाल उम्र 20 वर्ष अपनी मौसी के लड़के अमित जायसवाल निवासी हफुआ सलेमगढ के साथ बाइक से रिश्तेदारी से बिहार जा रही बारात में शामिल होने जा रहा था। बुधवार की देर रात कुचायकोट बिहार में किसी अज्ञात ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। खबर मिलते ही परिवार तथा गांव में मातम छा गया।

## पालिका ने स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में टॉप 3 वार्ड सभासदों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



**टूंडला।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी व पालिका कर्मियों की मौजूदगी में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के अंतर्गत अपने वार्ड में बेहतर साफ-सफाई में टॉप 3 वार्डों का चयन किया गया। जिसमे प्रथम स्थान वार्ड नं 14 राजपूत कॉलोनी की सभासदया शकुंतला देवी पत्नी खजान सिंह को प्रथम स्थान, सभासद अंसार अहमद वार्ड नं 24 शिव नगर को द्वितीय स्थान वार्ड नं 09 तेलमिल रोड नई बस्ती की सभासदया चाँदनी को तृतीय स्थान से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, एसबीएम कंप्यूटर ऑपरेटर कुमारी प्रीति मेंटेनेंस प्रभारी सुनील उपाध्याय सोनू शर्मा, यतेंद्र कुमार, मुन्ने अली विष्णु वर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रधान ने किया शौचालय बंद

**टूंडला।** रुपऊ मुस्तिकिल के प्रधान द्वारा सामुदायिक शौचालय में ताला डालने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी टूंडला से की है। शिकायतकर्ता बदन सिंह निशा दीवान सिंह निषाद भोला सिंह बच्चू सिंह राम प्रकाश कुशवाहा राजबहादुर ने बताया कि पूर्व में भी प्रधान द्वारा शौचालय को बंद कर दिया गया था जिसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की गई तो कुछ दिन के लिए शौचालय का ताला खोल दिया गया जिससे ग्रामीण उसमें शौच करने के लिए आया करते थे लेकिन कुछ दिन के बाद प्रधान द्वारा एक बार फिर से शौचालय में ताला डाल दिया गया है जिससे शौच करने के लिए ग्रामीणों को खेतों पर जाना पड़ रहा है इस सर्दी के मौसम में उनका बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं ने खंड विकास अधिकारी से पंचायत के शौचालय को खुलवाने की मांग की है।

## 512 लीटर अवैध शराब करायी नष्ट



**फिरोजाबाद।** थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा 27 अभियोगों से सम्बन्धित 512 लीटर अवैध शराब कीमत करीब 60000 रूपये नियमानुसार विनिष्टीकरण कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा मुकदमाती मालों के निस्तारण हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में 05-12-2024 को थाना खैरगढ़ पर पंजीकृत अवैध शराब बरामदगी सम्बन्धित 27 अभियोगों में बरामद 512 लीटर अवैध शराब को न्यायालय अपर सिविल जज (सी0डी0), ए0सी0जे0एम0, फिरोजाबाद के आदेश 29-11-2024 के आदेश के अनुपालन में गठित टीम उपजिलाधिकारी शिकोहाबाद, क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद, सहायक अभियोजन अधिकारी फिरोजाबाद, आबकारी निरीक्षक शिकोहाबाद फिरोजाबाद, प्रभारी निरीक्षक थाना खैरगढ़ एवं हैड मोहर्रिर थाना खैरगढ़ की उपस्थिति में 27 मुकदमों से सम्बन्धित माल प्रत्येक माल से एक-एक सैम्पल परीक्षण हेतु सुरक्षित रखते हुए 512 लीटर अवैध शराब का नियमानुसार विनिष्टीकरण कराया गया। विनिष्टीकरण करने वाली टीम क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार, उपजिलाधिकारी अंकित कुमार वर्मा, आबकारी निरीक्षक भूपेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, एचएम 785 विजेन्द्र सिंह थाना खैरगढ़ फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## नगर पालिका में चरम भ्रष्टाचार पर

**सुल्तानपुर।** नगर पालिका द्वारा नाला सफाई के दौरान घायल हुए मजदूरों के मामले ने तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस नेता व पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी वरुण मिश्र ने नगर पालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि नगरपालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है। गिनी चुनी अपनी चहेती फर्मों को नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी की मिलीभगत से काम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरणों के खतरनाक कामों में लगाया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप कई मजदूरों की मृत्यु हो चुकी है और उन घटनाओं को दबा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में हुई मजदूर की मृत्यु से भी पालिका प्रशासन और ठेकेदारों ने कोई सबक नहीं लिया। जिसके परिणामस्वरूप महुवरिया की घटना हुई और संवेदनहीन पालिका प्रशासन ने उनकी कोई आर्थिक मदद भी नहीं की और न ही उनका हालचाल पूछा।

# महाराज सिंह इण्टर कालेज में विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश तथा जिला विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाराज सिंह इण्टर कालेज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 35 विद्यालयों से कुल 106 मॉडल के साथ लगभग 300 बच्चो ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित प्रतियोगिता में विधायक सदर अनुपमा जायसवाल मुख्य अतिथि रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय सिंह उर्फ अज्जू रहे। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में आश्रम पद्धति विद्यालय चिरैयाटांड की रूबीना, ए.डी. पब्लिक स्कूल, रुकनापुर की माहनूर, बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज बहराइच की रिया सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तथा राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच के चंदन यादव व सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज बहराइच के सुमित सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम 03 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः रू. 5000, रू. 3000 व रू. 2000 तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में रू. 1000 तथा स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुपमा जायसवाल ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विज्ञान में हो रहे नवाचारों पर आधारित विभिन्न मॉडलों का अवलोकन करते हुए स्टेम सेल टेक्नोलॉजी, सेंसर टेक्नोलॉजी एवं नैनो टेक्नोलॉजी पर आधारित मॉडलों के लिए छात्र-छात्राओं तथा शिक्षण स्टाफ के प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपने सम्बोधन में सभी शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए उम्मीद की कि भविष्य में इस तरह की आयोजन बच्चों का उत्साहवर्धन करने में समर्थ होंगे। कार्यक्रम के संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने कार्यक्रम की रूपरेखा से समस्त अतिथियों को अवगत कराते हुए आश्वासन दिया कि परिषद के जो भी कार्यक्रम जिले को आवंटित होंगे विधिवत मानक के अनुरूप संपादित कराया जाएगा।कार्यक्रम का संचालन प्रद्युम्न कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर डॉ मुरारी श्रीवास्तव, डॉ सत्येंद्र तिवारी, राम सँवारे पांडे, राजकुमार शर्मा, एपी सिंह, आनंद मोहन प्रधान, अरशद रईस, सै. आसिफ किरमानी, फैजान अहमद, अर्पित शुक्ला, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। कार्यक्रम में केडीसी के वनस्पति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव व भौतिक विज्ञान विभाग गुंजन शर्मा, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राध्यापक लोकेंद्र कौशल व राम सागर प्रसाद द्वारा निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया गया।

## ग्राम पंचायत फखरपुर में आयोजित हुआ सेवा से संतृप्तिकरण शिविर

**बहराइच।** विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत तहसील कैसरगंज के ब्लाक फखरपुर की ग्रा.पं. फखरपुर में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण शिविर का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, ब्लाक प्रमुख फखरपुर रणवीर सिंह, विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज के संयोजक गौरव वर्मा व अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्यजनों के साथ शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय सरदपारा की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। शिविर के उद्घाटन के पश्चात् डीएम व सीडीओ ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आईसीडीएस विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा 05 बच्चों का अन्नप्रासन्न भी कराया गया।

# निःशुल्क खाद्यान्न वितरण सात से 25 दिसम्बर के मध्य होगा

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि माह दिसम्बर के सापेक्ष खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण दि. 07 दिसम्बर से 25 दिसम्बर के मध्य किया जायेगा, आवश्यक वस्तुओं के वितरण के सम्बन्ध में जनपद में दिसम्बर 24 के सापेक्ष अन्त्योदय के समस्त कार्ड धारकों को 17 कि.ग्रा. गेहूं, 18 कि.ग्रा. फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 कि.ग्रा.) तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को 02.30 कि.ग्रा. गेहूं, 02.70 कि.ग्रा. फोर्टिफाइड चावल कुल 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न निःशुल्क वितरित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर के सापेक्ष 03 कि.ग्रा. चीनी प्रति कार्ड रू. 18 प्रति कि.ग्रा. की दर से रू. 54 में वितरित की जायेगी, खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रॉजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रॉजेक्शन कर सकेंगे किन्तु चीनी के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी सुविधा अनुमन्य नहीं होगी अर्थात लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा, आवश्यक वस्तुओं का निर्बाध रूप से निःशुल्क वितरण सुनिश्चित कराने हेतु उचित दर विक्रेताओं द्वारा वितरण के दौरान आवश्यक वस्तुओं के वितरण का कार्य प्रातः 06 बजे से रात्रि 09 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आवश्यक वस्तुओं का वितरण जनपद की प्रत्येक उचित दर दुकान पर पूर्व से तैनात पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की देख-रेख में किया जायेगा, उक्त के अतिरिक्त समस्त पूर्ति निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों से निःशुल्क खाद्यान्न वितरण पर सतत् निगरानी रखेंगे।

# डीएम ने ली जिला स्तरीय पुनरीक्षण की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला सलाहकार समिति व जिला स्तरीय पुनरीक्षण की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी इस बैठक में खासे नाराज दिखें कि बैंकों का सी0डी0 अनुपात बढ़ रहा है, सीडी अनुपात का तात्पर्य है कि बैंक द्वारा जुटाए गई जमा राशियों में से कितना उधार दिया जाता है यह बताता है या बैंकों की परीसम्पत्तियों और देनदारीयों का अनुपात होता है, जनपद की बैंकों का सी0डी0 रेशियों सही करायें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें, उन्होने सभी बैंकों के ब्रांच मैनेजर और नोडल अधिकारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर किसी भी बैंक का सीडी रेशियों खराब पाया गया तो उसके उत्तरदायी बैंक मैनेजर एवं नोडल अधिकारी दोनो होंगे जिनके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने इस दौरान सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा करते हुए पाया कि सरकार की योजनाओं को लेकर बैंकों के यहां आवेदन लंबित है जिस पर बैंक के अधिकारी गम्भीर नजर नहीं आ रहे हैं जैसे उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में समीक्षा करते हुए कहा कि 243 लक्ष्य के सापेक्ष 118 लंबित मामले हैं, जिसमें सबसे खराब स्थिति बैंक ऑफ इंडिया की है, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इनकी स्थितियों में जल्द ही सुधार नहीं आया तो इनके ऊपर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह उन्होंने ओडीओपी योजना की भी समीक्षा की, उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से न केवल जनपद के उत्पादों को एक पहचान मिलती है, अपितु युवाओं को स्वरोजगार हेतु आत्मनिर्भर बनाया जाता है, इसलिए इस योजना में किसी भी बैंक पर प्रार्थना पत्र लंबित नहीं होना चाहिए, इसी तरह मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के साथ-साथ मत्स्य पालन योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मत्स्य पालन योजना की स्थिति को बैंकवार समीक्षा करने के बाद सबसे खराब पाया, उन्होंने सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देशित किया कि सभी बैंकों की एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित करें जिससे इन बैंकों में मत्स्य पालन योजना से संबंधित लंबित प्रकरणों के कारणों को जाना जा सके, इसी तरह उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि बैंक ऑफ बड़ोदा और पंजाब नेशनल बैंक की स्थिति सबसे खराब है।

## युवा उत्सव एवं साइंस मेला 07 दिसम्बर को

**मैनपुरी।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन दि. 07 दिसम्बर को डा. किरन सौजिया सीनियर सैकेण्डरी एजूकेशन एकेडमी में आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय युवा उत्सव हेतु लोकगीत, लोकनृत्य की विधाओं में ग्रुप व एकल रूप से मंचन, कहानी लेखन, कविता लेखन, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकारी (समस्त कार्यक्रमों की थीम पंच-प्राण-विकसित भारत/2047) तथा प्रदेश को आवंटित विज्ञान मेला (थीम-इनोवेशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी) के अन्तर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायेंगी, उक्त प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष होनी चाहिए, कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों का पंजीकरण मेरा युवा भारत पोर्टल (उलझींतंजणहवअण्पद) पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा, फिल्मी गीतों को कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **13.01.2025** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 13602024 दिनांक 03.12.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 34-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25, 2. 35-Sr.DEN-IV-LKO/2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ)/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(द्वितीय)–सुल्तानपुर के तहत लेवेल क्रॉसिंग और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत का प्रावधान। 2. वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (चतुर्थ)/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–(प्रथम)–सुल्तानपुर के तहत लेवेल क्रॉसिंग और जल आपूर्ति प्रणाली की मरम्मत का प्रावधान। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 2,24,99,907.84<br>2. Rs. 2,24,99,770.57 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,62,500.00<br>2. Rs. 2,62,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए: 30.12.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 1 से 2 तक के लिए: 13.01.2025 at 15:00 hrs. |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3736/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# संक्षिप्त समाचार

## ग्राम पंचायत औराही में 06 दिसम्बर को आयोजित होगा "सेवा से संतृप्तिकरण"

**बहराइच।** विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर तहसील एवं विकास खण्ड महसी की ग्राम पंचायत औराही में 06 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक शिविर आयोजित होगा।

## बैद्यनाथ चवनप्राश लकी ड्रा में निकली टीवी प्रकार




**सुल्तानपुर।** श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद नैनी द्वारा प्रदेशस्तर पर च्यवनप्राश लकी ड्रा के अंतर्गत सुल्तानपुर जनपद में एलइडी टीवी निकली।जिसका वितरण समारोह बृहस्पतिवार को दिन में कैलाश आयुर्वेद औषधालय पर कंपनी के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया।लकी ड्रा के विजेता हर्ष राज द्विवेदी को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक मिश्रा द्वारा कंपनी के अधिकारियों की उपस्थिति में टीवी प्रदान की गई। टीवी पाकर विजेता के चेहरे पर खुशी की लकीरें देखी जा सकती थी। बैद्यनाथ कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर मनोज उपाध्याय एवं विक्रय प्रतिनिधि राकेश यादव ने बताया कि यह योजना अभी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में चल रही है।पहला इनाम स्विफ्ट कार है, एक चवनप्राश खरीदने पर लकी ड्रा निकल रहा है। किसको कार मिलनी है,यह तो आने वाला समय बताएगा। हर्ष राज द्विवेदी को उपहार के रूप में 32 इंची सैमसंग की एलइडी टीवी कंपनी के द्वारा दी गई।योजना 15 जनवरी 2024 तक प्रभावी रहेगी। योजना के अंतर्गत तरह-तरह के इनाम कंपनी द्वारा प्रदान किया जाएगा।कैलाश आयुर्वेदिक औषधालय के प्रोपराइटर दिनेश मिश्रा ने बताया कि स्कीम के अंतर्गत जो भी इनाम निकलता है,वह सभी को वितरित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज एक विजेता को टीवी प्रदान की गई। मोटरसाइकिल,कार, फ्रीज जैसे इनाम अभी लोगों को मिलना बाकी है।कार्यक्रम में संभ्रांत नागरिकों की उपस्थिति के साथ ही सत्येंद्र श्रीवास्तव,मनोज श्रीवास्तव, शारदा यादव, पवन यादव,प्रशांत पाण्डेय, राकेश पाठक सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति रही।

## जनपदीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता 07 दिसंबर को

**सुल्तानपुर।** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 क(ज) में दी गई व्यवस्था अनुसार प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण ,मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें, इसी के दृष्टिगत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा जनपद में ग्रास रूट लेवल पर बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक कल्पनाशीलता उनमें वैज्ञानिक पद्धति के कार्यकलापों एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा हैद्य इसी क्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश तथा जिलाधिकारी महोदया के सहमति और मार्गदर्शन में 07 दिसंबर 2024, शनिवार को जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन जिला विज्ञान क्लब सुल्तानपुर के माध्यम कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन, लाल डिग्गी, सुल्तानपुर में किया जाएगा द्य जिसमे सभी बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थी विज्ञान मॉडल के साथ प्रतिभाग करेंगे। जिला समन्वयक शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि मॉडल प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 स्तर के विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसमें सर्वोत्तम 15 विज्ञान मॉडल चयनित कर मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भेजे जाएंगे। जनपद स्तर पर प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय पुरस्कार 3000, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपए तथा 1000 -1000 के दो सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे । सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

## शेम्फोर्ड में भारत को जानो प्रतियोगिता के विजेताओं व गुरुजनों का हुआ सम्मान



**सुल्तानपुर।** भारत विकास परिषद की कुशभवनपुर शाखा ने शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल, महुअरिया में भारत जानो प्रतियोगिता का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। गुरुवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह बांटे और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग को मिलाकर 160 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें कनिष्ठ वर्ग में सक्षम तिवारी को प्रथम, अक्षय पाण्डेय को द्वितीय तथा अन्वेषिका वर्मा को तृतीय स्थान, वरिष्ठ वर्ग में श्याम करण सिंह को प्रथम, यशराज सोनी को द्वितीय तथा मानस तिवारी को तृतीय स्थान मिला। शेष सभी प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथि प्रांतीय संयुक्त मंत्री अरुण कुमार श्रीवास्तव और परिषद जिला समन्वयक प्रवीण डिरोलिया ने प्रशस्ति पत्र वितरित किया।गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के दो अध्यापकों राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता डॉ एफ.एम. बेग और इतिहास की प्रवक्ता मिस शुभम मिश्रा को सम्मानित किया गया।

## शहर की खस्ताहाल सड़कों की बदलेगी सूरत

**सुलतानपुर।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत आने वाली कई खस्ताहाल सड़कों की काया जल्द ही पलटने वाली है। इसके लिए नगर पालिका द्वारा अधिकतर कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। नगर की सड़कों पर पानी का जमाव न हो इसके लिए बड़े-बड़े नालों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।नाले का निर्माणकार्य पूर्ण होते ही सड़क निर्माणकार्य शुरू हो जाएगा।जिससे जिले के शहरी क्षेत्र की सड़कों की सूरत बदल जाएगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत- शाहनवाज़पुर-विकास खण्ड -चित्तौरा- बहराइच**

पत्रांक -मेमो- टेंडर -2024/25 दिनांक 04/12/2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024/25 में मनरेगा /राज्य वित्त /पंचम वित्त/ पन्द्रहवाँ वित्त /स्वच्छ भारत मिशन /स्वच्छ शौचालय/पंचायत भवन/अअस्थाई गौशालयों/विद्यालयों के कायाकल्प/आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प अंतेष्ठी स्थलों हैंड पंप रिबोर एवं अन्य मदों में प्राप्त मद से ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्यों हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामाग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जो ग्राम पंचायत स्तरीय गठित निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी । वि0ख0 चित्तौरा की ग्राम पंचायत शाहनवाज़ पुर में मनरेगा /रा0वि0/पंद्रहवाँ वित्त एस0भा0मि0 योजना तथा अन्य योजनाओं अंतर्गत प्राप्त मद में प्राप्त कराई गई धनराशि के सापेक्ष सामग्री आपूर्ति जिसमे सरिया, सीमेंट, गिट्टी, पत्थर गिट्टी, मौरंग, बालू, सादा बालू, टीन, झाड़ू, चूना, तसला, फावड़ा, लोहा साइन बोर्ड, पत्थर साइन बोर्ड, पाइप, ईट प्रथम श्रेणी, ईटो के अध्धे, सीमेंट की चादरें, टीन की चादरें, खिड़की, दरवाजे, फर्नीचर, कंप्यूटर, लैपटाप, इंटरनेट सामग्री, टाइल्स समस्त साइज, इंटरलॉकिंग ईट ह्यूम पाइप, सिनेट्री संबंधित सामग्री, पेन्ट्स सामग्री, विधुत उपकरण सामग्री, स्ट्रीट लाइट प्लास्टिक फर्नीचर पालीथिन शीट,लोहा प्लास्टिक एल्यूमूनियम निर्मित उपकरण, ठेलिया, बैट्री रिक्शा तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री के साथ साथ निराश्रित गोवंशो के लिए भूसा चारा गुड खलि आदि, पार्कों में इस्तेमाल होने वाले झूले आदि की आपूर्ति हेतु दिनांक 13-12-2024 तक टेंडर की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।इसके लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय से दिनांक 05-12-2024 से दिनांक 12-12-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 13-12-2024 अपराह्न 2 बजे तक है, इसी दिनांक को अपराह्न 3 बजे निविदा खोली जायगी

**नियम व शर्ते–**
1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्रामपंचायत द्वारा सूचित किया जाएगा।
2- सामग्री की आपूर्ति ग्रामपंचायत के अंतर्गत कार्यस्थल पर अपने साधन से करना होगा।
3- सामग्री की आपूर्ति ग्रामपंचायत के आदेश पर ही कि जाएगी।
4- नियम व शर्ते निविदा फार्म में वर्णित हैं।
5- निविदा स्वीकृति/ अस्वीकृत का अधिकार समिति में निहित होगा।
6- आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जाएगा।
7- निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निर्माण समिति और पंचायत समिति को होगा।
8- कोई वाद विवाद की स्थिति में मांश जनपद न्यायालय की शरण ली जा सकती है।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- शाहनवाज़ पुर**
**वि0ख0 चित्तौरा-बहराइच**

**प्रधान**
**ग्राम सभा- शाहनवाज़ पुर**
**वि0ख0-चित्तौरा-बहराइच**



**कार्यालय ग्राम पंचायत- समसा तरहर-विकास खण्ड -चित्तौरा- बहराइच**

पत्रांक -मेमो- टेंडर -2024/25 दिनांक 04/12/2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024/25 में मनरेगा /राज्य वित्त /पंचम वित्त/ पन्द्रहवाँ वित्त /स्वच्छ भारत मिशन/स्वच्छ शौचालय/पंचायत भवन/अअस्थाई गौशालयों/विद्यालयों के कायाकल्प/ आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प अंतेष्ठी स्थलों हैंड पंप रिबोर एवं अन्य मदों में प्राप्त मद से ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्यों हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामाग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जो ग्राम पंचायत स्तरीय गठित निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी । वि0ख0 चित्तौरा की ग्राम पंचायत समसा तरहर में मनरेगा /रा0वि0/पंद्रहवाँ वित्त एस0भा0मि0 योजना तथा अन्य योजनाओं अंतर्गत प्राप्त मद में प्राप्त कराई गई धनराशि के सापेक्ष सामग्री आपूर्ति जिसमे सरिया , सीमेंट, गिट्टी, पत्थर गिट्टी, मौरंग, बालू, सादा बालू, टीन, झाड़ू, चूना, तसला, फावड़ा, लोहा साइन बोर्ड, पत्थर साइन बोर्ड, पाइप, ईट प्रथम श्रेणी, ईटो के अध्धे, सीमेंट की चादरें, टीन की चादरें, खिड़की, दरवाजे, फर्नीचर, कंप्यूटर, लैपटाप, इंटरनेट सामग्री, टाइल्स समस्त साइज, इंटरलॉकिंग ईट ह्यूम पाइप, सिनेट्री संबंधित सामग्री, पेन्ट्स सामग्री, विधुत उपकरण सामग्री, स्ट्रीट लाइट प्लास्टिक फर्नीचर पालीथिन शीट, लोहा प्लास्टिक एल्यूमूनियम निर्मित उपकरण, ठेलिया, बैट्री रिक्शा तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री के साथ साथ निराश्रित गोवंशो के लिए भूसा चारा गुड खलि आदि, पार्कों में इस्तेमाल होने वाले झूले आदि की आपूर्ति हेतु दिनांक 13-12-2024 तक टेंडर की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। इसके लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय से दिनांक 05-12-2024 से दिनांक 12-12-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 13-12-2024 अपराह्न 2 बजे तक है, इसी दिनांक को अपराह्न 3 बजे निविदा खोली जायगी

**नियम व शर्ते–**
1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्रामपंचायत द्वारा सूचित किया जाएगा।
2- सामग्री की आपूर्ति ग्रामपंचायत के अंतर्गत कार्यस्थल पर अपने साधन से करना होगा।
3- सामग्री की आपूर्ति ग्रामपंचायत के आदेश पर ही कि जाएगी।
4- नियम व शर्ते निविदा फार्म में वर्णित हैं।
5- निविदा स्वीकृति/ अस्वीकृत का अधिकार समिति में निहित होगा।
6- आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जाएगा।
7- निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निर्माण समिति और पंचायत समिति को होगा।
8- कोई वाद विवाद की स्थिति में मांश जनपद न्यायालय की शरण ली जा सकती है

**सचिव**
**ग्राम पंचायत- समसा तरहर**
**वि0ख0 चित्तौरा-बहराइच**

**प्रधान**
**ग्राम सभा- समसा तरहर**
**वि0ख0-चित्तौरा-बहराइच**



**कार्यालय ग्राम पंचायत-बनवारी गोपालपुर-विकास खण्ड -चित्तौरा- बहराइच**

पत्रांक -मेमो- टेंडर -2024/25 दिनांक 04/12/2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024/25 में मनरेगा /राज्य वित्त /पंचम वित्त/ पन्द्रहवाँ वित्त /स्वच्छ भारत मिशन /स्वच्छ शौचालय/पंचायत भवन/अअस्थाई गौशालयों/विद्यालयों के कायाकल्प/आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प अंतेष्ठी स्थलों हैंड पंप रिबोर एवं अन्य मदों में प्राप्त मद से ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्यों हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामाग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जो ग्राम पंचायत स्तरीय गठित निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी । वि0ख0 चित्तौरा की ग्राम पंचायत बनवारी गोपालपुर में मनरेगा /रा0वि0/पंद्रहवाँ वित्त एस0भा0मि0 योजना तथा अन्य योजनाओं अंतर्गत प्राप्त मद में प्राप्त कराई गई धनराशि के सापेक्ष सामग्री आपूर्ति जिसमे सरिया, सीमेंट, गिट्टी, पत्थर गिट्टी, मौरंग, बालू, सादा बालू, टीन, झाड़ू, चूना, तसला, फावड़ा, लोहा साइन बोर्ड, पत्थर साइन बोर्ड, पाइप, ईट प्रथम श्रेणी, ईटो के अध्धे, सीमेंट की चादरें, टीन की चादरें, खिड़की, दरवाजे, फर्नीचर, कंप्यूटर, लैपटाप, इंटरनेट सामग्री, टाइल्स समस्त साइज, इंटरलॉकिंग ईट ह्यूम पाइप, सिनेट्री संबंधित सामग्री, पेन्ट्स सामग्री, विधुत उपकरण सामग्री, स्ट्रीट लाइट प्लास्टिक फर्नीचर पालीथिन शीट, लोहा प्लास्टिक एल्यूमूनियम निर्मित उपकरण, ठेलिया, बैट्री रिक्शा तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री के साथ साथ निराश्रित गोवंशो के लिए भूसा चारा गुड खलि आदि, पार्कों में इस्तेमाल होने वाले झूले आदि की आपूर्ति हेतु दिनांक 13-12-2024 तक टेंडर की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।इसके लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय से दिनांक 05-12-2024 से दिनांक 12-12-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 13-12-2024 अपराह्न 2 बजे तक है, इसी दिनांक को अपराह्न 3 बजे निविदा खोली जायगी

**नियम व शर्ते–**
1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्रामपंचायत द्वारा सूचित किया जाएगा।
2- सामग्री की आपूर्ति ग्रामपंचायत के अंतर्गत कार्यस्थल पर अपने साधन से करना होगा।
3- सामग्री की आपूर्ति ग्रामपंचायत के आदेश पर ही कि जाएगी।
4- नियम व शर्ते निविदा फार्म में वर्णित हैं।
5- निविदा स्वीकृति/ अस्वीकृत का अधिकार समिति में निहित होगा।
6- आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जाएगा।
7- निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निर्माण समिति और पंचायत समिति को होगा।
8- कोई वाद विवाद की स्थिति में मांश जनपद न्यायालय की शरण ली जा सकती है।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत-बनवारी गोपालपुर**
**वि0ख0 चित्तौरा-बहराइच**

**प्रधान**
**ग्राम सभा-बनवारी गोपालपुर**
**वि0ख0-चित्तौरा-बहराइच**



**कार्यालय ग्राम पंचायत-आलिया बुलबुल-विकास खण्ड -चित्तौरा- बहराइच**

पत्रांक -मेमो- टेंडर -2024/25 दिनांक 04/12/2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024/25 में मनरेगा /राज्य वित्त /पंचम वित्त/ पन्द्रहवाँ वित्त /स्वच्छ भारत मिशन /स्वच्छ शौचालय/पंचायत भवन/अअस्थाई गौशालयों/विद्यालयों के कायाकल्प/आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प अंतेष्ठी स्थलों हैंड पंप रिबोर एवं अन्य मदों में प्राप्त मद से ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्यों हेतु कार्य स्थल पर निम्न सामाग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जो ग्राम पंचायत स्तरीय गठित निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी । वि0ख0 चित्तौरा की ग्राम पंचायत आलिया बुलबुल में मनरेगा /रा0वि0/पंद्रहवाँ वित्त एस0भा0मि0 योजना तथा अन्य योजनाओं अंतर्गत प्राप्त मद में प्राप्त कराई गई धनराशि के सापेक्ष सामग्री आपूर्ति जिसमे सरिया ,सीमेंट, गिट्टी, पत्थर गिट्टी, मौरंग, बालू, सादा बालू, टीन, झाड़ू, चूना, तसला, फावड़ा, लोहा साइन बोर्ड, पत्थर साइन बोर्ड, पाइप, ईट प्रथम श्रेणी, ईटो के अध्धे, सीमेंट की चादरें, टीन की चादरें, खिड़की, दरवाजे, फर्नीचर, कंप्यूटर, लैपटाप, इंटरनेट सामग्री, टाइल्स समस्त साइज, इंटरलॉकिंग ईट ह्यूम पाइप, सिनेट्री संबंधित सामग्री, पेन्ट्स सामग्री, विधुत उपकरण सामग्री, स्ट्रीट लाइट प्लास्टिक फर्नीचर पालीथिन शीट, लोहा प्लास्टिक एल्यूमूनियम निर्मित उपकरण, ठेलिया, बैट्री रिक्शा तथा अन्य भवन निर्माण सामग्री के साथ साथ निराश्रित गोवंशो के लिए भूसा चारा गुड खलि आदि, पार्कों में इस्तेमाल होने वाले झूले आदि की आपूर्ति हेतु दिनांक 13-12-2024 तक टेंडर की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।इसके लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय से दिनांक 05-12-2024 से दिनांक 12-12-2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 13-12-2024 अपराह्न 2 बजे तक है, इसी दिनांक को अपराह्न 3 बजे निविदा खोली जायगी

**नियम व शर्ते–**
1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्रामपंचायत द्वारा सूचित किया जाएगा।
2- सामग्री की आपूर्ति ग्रामपंचायत के अंतर्गत कार्यस्थल पर अपने साधन से करना होगा।
3- सामग्री की आपूर्ति ग्रामपंचायत के आदेश पर ही कि जाएगी।
4- नियम व शर्ते निविदा फार्म में वर्णित हैं।
5- निविदा स्वीकृति/ अस्वीकृत का अधिकार समिति में निहित होगा।
6- आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जाएगा।
7- निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निर्माण समिति और पंचायत समिति को होगा।
8- कोई वाद विवाद की स्थिति में मांश जनपद न्यायालय की शरण ली जा सकती है।

**सचिव**
**ग्राम पंचायत-आलिया बुलबुल**
**वि0ख0 चित्तौरा-बहराइच**

**प्रधान**
**ग्राम सभा-आलिया बुलबुल**
**वि0ख0-चित्तौरा-बहराइच**

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**स्वामी ब्रह्मानन्द महाविद्यालय**

**अवधनामा संवाददाता**

**राठ (हमीरपुर)।** परम पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद जी के 130 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष में दिनांक 4 दिसंबर 2024 की संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर इंद्रपाल सिंह एवं प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सिंह ने स्वामी ब्रह्मानंद जी के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। जिसको आकांक्षा एवं उनके साथियों ने बड़े ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। राम आएंगे बोल पर कुमारी अंजली एवं उनके साथियों ने बहुत ही सुन्दर ढंग से प्रस्तुत किया। छात्रा ममता यादव ने स्वामी ब्रह्मानंद जी पर गीत गाकर उनके भक्तों को जयकारे लगाने के लिए मजबूर कर दिया। बीएससी बायो फिफ्थ सेम की छात्रा शिवानी एवं अंजलि ने हरियाणवी गीत पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। झुमका गिरा रे बाजार में बोल पर प्रिंसी वर्मा ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। स्वप्निल वर्मा और उनके साथियों ने खेती किसानी नाटक का मंचन किया। मोरे परदेसिया गीत पर काजल एवं कोमल ने ,यह गलियां यह चौबारा शिवानी राजपूत ने सोलो डांस किया। प्रशांत दीक्षित एवं उनके साथियों ने कॉमेडी नाटक नशा मुक्ति पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। कुमारी वैदेही ने बिंदिया चमकेगी पर एकल डांस प्रस्तुत किया। रानी एवं उनके साथियों ने रानी लक्ष्मीबाई पर बहुत ही जीवंत एवं शिक्षाप्रद नाटक की प्रस्तुति दी। कुमारी अंजली ने ओ बाबुल प्यारे गीत पर नृत्य कर समा बांध दिया। मेरी जान जाए वतन के लिए बोल पर मोहित कुमार एवं उनके साथियों ने देशभक्ति कव्वाली प्रस्तुत की। मेरे नसीब में तू नहीं शायद गीत पर छात्रा कोमल ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बुंदेली समूह नृत्य पर रानी एवं उनके साथियों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। हरियाणवी डांस प्रतिमा एवं मोहित के द्वारा प्रदर्शित किया गया। कुमारी निशि ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। रिचा एवं उनके साथियों ने लोक राई नृत्य प्रस्तुत किया। हॉरर नाटक पलक सक्सेना एवं उनके साथियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिससे पंडाल में बैठे दर्शक भयभीत होने को मजबूर हो गए। इसी प्रकार ममता एवं रेशमा ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अवधेश नारायण शुक्ला ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ हल्के प्रसाद, डॉ नरेश कुमार सिंह,डॉ के राम, डॉ सरजू नारायण डॉ, विनोद कुमार पांडे, डॉ आर पी सिंह, डॉ एस जी राजपूत,डॉ शैलेंद्र कुमार, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ ऋषि कुमार शर्मा ,डॉक्टर अनुराग दुबे, डॉ अतुल शुक्ला ,डॉ कमलेश राजपूत ,डॉ शीला सिंह, डॉ सत्येंद्र अग्रवाल डॉक्टर आर बी शर्मा मीडिया प्रभारी,डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, डॉ साधना कुमारी , अंकित सैनी , शिल्पा सिंह, डॉ भावना शर्मा आदि प्राध्यापक एव डा अरुण कुमार, धर्मपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, अनिल सैनी,घनश्याम सिंह, रामसिंह राजपूत,राकेश कुमार वर्मा, राजेश चौरसिया, वीरेंद्र कुमार वर्मा, वीरेंद्र राजपूत, राजकुमार,गोविंद सिंह, कैलाश चंद्र, हरी सिंह,मोहन सिंह, राजेश झा आदि शिक्षणेत्तर कर्मचारियो ने विशेष सहयोग प्रदान किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने सभी आगंतुक महानुभावों एवं स्वामी ब्रह्मानंद जी के जन्मोत्सव को सफल बनाने में सभी के सहयोग की प्रशंसा की एवं सभी का आभार व्यक्त किया।

# बाबरी विध्वंस की बरसी को लेकर बढ़ी सतर्कता



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस और बाबरी विध्वंस की 32वीं बरसी पर कस्बे सहित जनपद में सतर्कता बरतने का काम शुरू हो गया है जिसके चलते अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व अपर एसपी ने कोतवाली में लोगों के साथ बैठक की और कस्बे की जानकारी ली उसके बाद अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च भी किया। देश के मौजूदा हालात और बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के साथ ही शुक्रवार को पड़ रही बाबरी विध्वंस की 32वीं बरसी को लेकर कस्बे सहित जनपद के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है साथ ही सोशल मीडिया पर कोई भ्रामक पोस्ट न फैले इस पर भी पुलिस नजर बनाए हुए हैं। इसी के चलते कस्बे की कोतवाली में

**अपर पुलिस अधीक्षक ने लोगों के साथ की बैठक**

अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी और अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें कस्बे की मस्जिदों, मदरसों और अम्बेडकर प्रतिमा स्थापित स्थानों पर विस्तार से चर्चा की गई।हालांकि इस दौरान कस्बे में चल रहे सुंदरी करण के काम के कारण सारे दिन रहने वाले रूट परिवर्तन पर भी चर्चा की गई पीस कमेटी की बैठक के बाद अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी और अपर पुलिस अधीक्षक ने कस्बे के मुख्य मार्गो पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ रूटमार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह, आशीष सिंह अल्लू,जावेद, नितिन ओमर,जेके गुप्ता,लाला सहित और भी लोग मौजूद रहे।

# रछा गांव की वृहद गौशाला का उपजिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**मौदहा हमीरपुर।** शासन की मंशानुरूप गौशालाओं की उचित व्यवस्था को लेकर उपजिलाधिकारी ने दोपहर बाद क्षेत्र की एक वृहद गौशाला का निरीक्षण किया और निरीक्षण के बाद संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर गौवंशो के सर्दी से बचाव, अलाव जलाने के उचित प्रबंध करने की बात कही है। क्षेत्र के परछा गांव में स्थित वृहद गौशाला का दोपहर बाद उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने गौशाला में भूसा, हरा चारा, पानी, साफ सफाई सहित समेत विद्युत व्यवस्था तथा सोलर पैनल एवं कंपोस्ट पिट समेत तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल की। उपजिलाधिकारी ने जांच के दौरान गौशाला में मौजूद भूसा, हरा चारा, पानी तथा विद्युत व्यवस्था में संतोष जाहिर करते हुए साफ सफाई की व्यवस्था को और उचित रखने के निर्देश दिये। उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि शासन की मंशानुरूप गौशालाओं का समय-समय पर निरीक्षण करना तथा जमीनी रिपोर्ट शासन को भेजने के मद्देनजर परछा गांव की वृहद गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया जहां सभी प्रकार की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली लेकिन उचित साफ सफाई बनाए रखने के लिए ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया है।

# आईजीआरएस के निस्तारण में हमीरपुर को तीसरा स्थान

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी धनश्याम मीना के मार्गदर्शन व निर्देशन में जनपद हमीरपुर को आईजीआरएस में जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण में माह नवम्बर की रैंकिंग में प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। विगत माहों में जनपद लगातार टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर रहा है। उल्लेखनीय है कि माह अक्टूबर में जनपद को पांचवां स्थान एवं सितम्बर में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। प्रदेश स्तर पर जारी माह नवम्बर की रैंकिंग में जनपद को 95.38 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में जनसमस्याओं का लगातार पूर्ण गंभीरता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। सभी अपर जिलाधिकारियों द्वारा लंबित प्रकरणों की स्वयं समीक्षा की जाती है एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाता है। जिलाधिकारी जनता दर्शन में सभी अधिकारी नियमित रूप से ऑनलाइन जुड़े रहकर शिकायतकर्ता की समस्याओं के सम्बन्ध में त्वरित संज्ञान लेते हैं जिससे समस्याओं का प्रभावी निस्तारण हो रहा है। आईजीआरएस सन्दर्भो सहित सम्पूर्ण समाधान दिवस सन्दर्भ, ऑनलाइन सन्दर्भ तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भ की शिकायतों के निस्तारण में शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को यथावश्यक पुलिस बल सहित मौके पर जाकर शिकायतकर्ता एवं सम्बंधित स्थानीय लोगों के साथ समस्या का स्थलीय निस्तारण के निर्देश दिए हैं। समस्या का निस्तारण नियत समय में करते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराने एवं प्राप्त फीडबैक के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। स्वयं जिलाधिकारी द्वारा रैंडमली शिकायतकर्ताओं से मिलकर मौके पर निस्तारण का जायजा लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस टीम सहित सभी अधिकारियों को इसी प्रकार प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

# अघोरी खास की बालू साइट पर जांच करने एनजीटी की टीम, हड़कंप



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ओबरा।** जिले की ऐतिहासिक किले अघोरी के पास जुगैल थाना क्षेत्र की सोन नदी में लगातार अवैध खनन की शिकायत जोरो पर है। सीमा से बाहर जाकर तथा नदी के बीच धारा में किए जा रहे खनन को लेकर चलाई गई खबर का बड़ा असर सामने आया है। बीते कुछ दिनों से एनजीटी एवं फॉरेस्ट व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने अघोरी स्थित ई टेंडरिंग की न्यू इंडिया मिनरल्स साइट पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है । बताते चले कि सीमा से बाहर जाकर कितना खनन किया गया है और राजस्व को कितनी क्षति पहुंचाई गई है। इसके लिए नापी की प्रक्रिया चल रही है। उधर, खनन विभाग की इस कार्रवाई से दूसरे साइटों पर हड़कंप मचा रहा। नदी के बीच में जाकर हो रहे अवैध खनन की भी स्थिति देखी गई। आसपास की काश्तकारी परमिट वाली खदानों का भी हाल जाना गया। गौरतलब है कि सोन नदी में घड़ियाल सेंचुरी क्षेत्र व वन सेंचुरी क्षेत्र विस्तृत पैमाने पर है जहां अवैध बालू खनन की शिकायत पूर्व में भी की गई थी जिस पर एनजीटी ने सोन नदी में खनन करने पर रोक लगा दी थी बता दें कि सोन नदी एमपी यूपी और बिहार के तटीय क्षेत्रों से होकर गुजरती है। इस बार फिर एनजीटी का सोनभद्र में अवैध खनन के खिलाफ शिकंजा कस गया है. . सोन नदी में घड़ियाल सेंचुरी क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत कोई नई नहीं है पूर्व में भी मानकों के अनुसार खनन न करने पर कार्रवाई हुई है। जिसको लेकर एनजीटी ने मध्यप्रदेश, यूपी और बिहार सरकार की संयुक्त टीम बनाकर जलीय जीव जंतुओं के संरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे। बालू माफियाओं द्वारा पूर्व में किए गए आदेशों और निर्देशों के नियम और शर्तो को ताक पर रखकर बड़ी-बड़ी मशीनों व नावों को नदी में उतारकर नदियों का दोहन कराया जा रहा है यहां तक कि नदियों के स्वरूप के साथ खिलवाड़ किया जा रहा और नदी की बहती अविरल धारा को रोककर खनन कराया जा रहा है जिस पर जिला प्रशासन भी इस ओर से आंखे मूंदे रहा. बड़ा सवाल तो यह है कि खनन पट्टों को जारी करने से पहले जिला प्रशासन उनकी वैधानिकता की पूरी जांच करता है यहां तक कि पर्यावरण की एनओसी भी राज्य स्तरीय संस्था देती है ऐसे में पर्यावरण को लेकर इतनी बड़ी चूक होना किसी की भी समझ से परे है। वहीं पूर्व में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में सोन नदी के पास खनन गतिविधियों में लगी दो निजी कंपनियों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना लगाया था। बताते चले कि नदी से बालू का अत्यधिक निष्कर्षण प्राकृतिक संतुलन के लिये एक बड़ा खतरा है। इससे जलीय पौधे और सूक्ष्मजीवों के साथ-साथ नदी तंत्र की खाद्य श्रृंखला प्रभावित होती है। बालू माफियाओं का वर्चस्व इस कदर हावी है कि भय से आस पास के लोग भी कुछ बोलने से कतराते है और आंख मूंदकर ऐतिहासिक नदी और पर्यावरण का नुकसान देखने को मजबूर है।

# चुनाव अधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** बीजेपी के संगठनात्मक चुनाव के प्रथम चरण की समीक्षा और द्वितीय चरण के लिए आगे के दिशा निर्देश के लिए भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत की अध्यक्षता में मण्डल चुनाव अधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्षों की अतिमहत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला चुनाव अधिकारी पूर्व राज्यमंत्री एवं प्रदेश मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने प्रथम चरण के चुनाव की समीक्षा करते हुए कहा कि बूथ पर बूथ अध्यक्ष सहित 12 सदस्यी बूथ समिति बननी थी जिसमें बूथ अध्यक्ष का सक्रिय सदस्य होना और बूथ समिति के सदस्यों का प्राथमिक सदस्य होना अनिवार्य बताया गया था। बूथ समिति के गठन के समय दिए गए फॉर्म में सक्रिय/प्राथमिक सदस्यता क्रमांक भरना अनिवार्य था। बूथ पर बूथ अध्यक्ष सहित बनने वाली 12 सदस्यीय समिति में महिलाओं, युवाओं, अनुसूचित जाति का समावेशी संकलन करते हुए मजबूत बूथ समिति बनाने का आग्रह संगठन द्वारा किया गया था। संगठन कार्य में असमर्थता जताने या 70 वर्ष से अधिक उम्र होने पर बदलाव की स्थिति में पूर्व बूथ अध्यक्ष का सहमति पत्र लेना अनिवार्य किया गया था। उन्होंने कहा कि आप सभी मण्डल चुनाव अधिकारियों एवं मण्डल अध्यक्षों से अनुरोध है इसी क्रम में समस्त बूथ समितियों को संकलित करते हुए आज शुक्रवार 6 दिसम्बर 2024 को दोपहर 1 बजे तक पार्टी कार्यालय पर हर हाल में जमा करवाना सुनिश्चित करें। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने बताया कि कल भारत रत्न बाबा साहब डाश्भीमराव अंबेडकर के 'निर्वाण दिवस' पुण्यतिथि पर भाजपा संगठन द्वारा जनपद के सभी बूथों पर पुष्प अर्पित करते हुए गठित हुई नई बूथ समिति के पदाधिकारियों के साथ संविधान के प्रियंबल का वाचन करना है। बूथ अध्यक्षों के निर्वाचन व बूथ समिति के गठन में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बूथ अध्यक्षों का निर्वाचन व बूथ समितियों का गठन पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ करना सुनिश्चित करते हुए जिला चुनाव अधिकारी के निर्देशानुसार भाजपा जनपद कार्यालय पर कल दोपहर 1 बजे तक हर हाल में जमा करवाने का कष्ट करें। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य ने बताया कि जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी सुबह 11 बजे इटावा प्रथम मण्डल के अंतर्गत आने वाले नुमाइश ग्राउंड स्थित भारत रत्न डा. अंबेडकर की प्रतिमा पर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत निज-निवास 102 नम्बर बूथ पर पुष्पांजलि करके अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर संविधान के प्रियंबल की शपथ दिलाएंगे। तत्पश्चात पूर्वाह्न 11.30 बजे अनुसूचित बस्ती मड़ैया शिवनारायण में जिला चुनाव अधिकारी वीरेन्द्र तिवारी एवं जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत समरसता भोज में शामिल होंगे उसके बाद जिला चुनाव अधिकारी भाजपा जनपद कार्यालय पर रहकर बूथ समिति के अंतिम सत्यापन बैठक में उपस्थित रहेगें। भाजपा जनपद कार्यालय पर निर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे होगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला चुनाव अधिकारी वीरेंद्र तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार त्रिपाठी, विमल भदौरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, जिला महामंत्री एवं संगठनात्मक चुनाव समन्वयक शिवाकांत चौधरी, प्रशांत राव चौबे, जिला सह-चुनाव अधिकारी द्विय हरनाथ कुशवाह व राहुल राजपूत, कृपा नारायण तिवारी, विक्रम अग्रवाल, देवप्रताप भदौरिया, विवेक भदौरिया, दीपक नाथ चौधरी, शिवकिशोर धनगर, जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, चक्रेश जैन, राजवर्धन सिंह भदौरिया, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित समस्त मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशासन का चाबुक चला, 17 खनिज के ट्रकों पर कार्यवाही

**बाँदा।** प्रशासन ने एकबार फिर अपना कडा रूख दिखाते हुये ओवरलोड ट्रको पर कडी कार्यवाही की और सरकारी राजस्व मे बढोत्तरी का प्रयास किया , मर्का , तिंदवारी एवं बबेरू मे परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा कडी मेहनत कर 17 ओवरलोड वाहनों को जहां निरूद्ध किया वहीं 5 ट्रको का चालान भी कर दिया। एआरटीओ शंकर जी सिंह ने 17 ओवरलोड वाहनों को निरुद्ध एवं 5 वाहनों का चालान किया ओवरलोड वाहनों पर चला परिवहन विभाग का चाबुक हुई बड़ी कार्यवाही। शासन के निर्देशानुसार ओवरलोड वाहनों के सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कल देर रात्रि तक ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान के अंतर्गत थाना मार्का,थाना बबेरू,थाना तिंदवारी में अधोहस्ताक्षरी द्वारा 17 वाहनों को निरुद्ध किया गया तथा 5 पर चलानी की कार्यवाही की गयी। एआरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह ने बताया की ओवरलोड वाहनों/अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### सीओ सिटी राम गोपाल शर्मा से मिला



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल नगर क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर नवागन्तुक सी.ओ.सिटी रामगोपाल शर्मा से मिला शहर में व्यापारिक समस्याओं को लेकर चर्चा की व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने सीओ सिटी का शॉल एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा शहर में आए दिन जाम की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है जाम से निजात दिलाये प्रशासन व्यापार मंडल पूरा सहयोग करेगा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों का व्यापर मंडल सहयोग नहीं करेगा। इस मौके पर जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ हरिशंकर पटेल, जिला उपाध्यक्ष सतीक मंसूरी, लल्लू वारसी, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा, नगर मंत्री मोहम्मद उवैस, यामीन चौधरी रिंकू, अब्दुल मन्नान राईन, आकाश सोनी आदि व्यापारी शामिल रहे।

### पैदल गस्त कर आमजन को सुरक्षा के प्रति किया आश्वस्त

**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा जनपद की कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने के लिए रात्रि को थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत डीएम चौराहे से एसएसपी चौराहे तक पैदल गस्त किया गया एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते हुये आम लोगों से संवाद कर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। इस दौरान सीडीओ इटावा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय साइंस कांग्रेस का आयोजन 8 व 9 दिसंबर को

**अवधनामा संवाददाता**

**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय,कानपुर में दिनांक 8 एवं 9 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली 12 वीं अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के उद्घाटन की अध्यक्षता डॉ आनंद कुमार सिंह कुलपति के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉक्टर ए के वर्मा को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में देश-विदेश से सहभागिता कर रहे वैज्ञानिकों की संख्या 250 से अधिक होने की संभावना है।

# कोलियरी स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/सिंगरौली।** बीना क्षेत्र में कोलियरीय स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अतिथि प्रभारी क्षेत्रीय महाप्रबंधक एम के पांडेय की उपस्थिति एवं स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) पी के श्रीवास्तव, स्टाफ अधिकारी (सिविल) नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 05 दिसंबर से 06 दिसंबर 2024 तक संपन्न होगा। इस आयोजन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे गोला फेंक, भाला फेंक, एथलेटिक्स, और अन्य खेलों में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में खेल-कूद गतिविधियों को बढ़ावा देना और टीम भावना को मजबूत करना है। साथ ही चयनित खिलाड़ियों को अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता में बीना की ओर से खेलने का मौका मिलेगा। बीना क्षेत्र के महाप्रबंधक ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि ऐसे खेलकूद कार्यक्रम संगठन के सभी सदस्यों के बीच सामूहिकता, फिटनेस और सकारात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और उनकी मेहनत की सराहना की तथा इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में जे सी सी के सदस्यगण, अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सिमौनी धाम मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**बाँदा।** मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राजेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 15 से 17 दिसम्बर, 2024 पर आयोजित होने वाले मौनी बाबा मेले की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अपने-अपने कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग के अन्तर्गत यूपीपीसीएल के द्वारा कराये जाने वाले कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने तथा पानी की टंकी को चालू किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मेला क्षेत्र की रोडों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेला स्थल पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत लाइन व तार ठीक कराये जाने तथा कर्मचारियों की ड्यूटी एवं मोटरेबल ट्रान्सफार्मर की व्यवस्था रखने के साथ निर्बाद्ध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मेडिकल टीम, एम्बुलेन्स, आवश्यक दवाओं सहित डाक्टरों की व्यवस्था रखने के लिए निर्देशित किया। मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था के साथ सड़क पर दुकाने न लगने पायें, इसके सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी बबेरू को निर्देशित किया। मेला स्थल पर अग्निशमन की गाडियों की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होंने मेला स्थल में झाडियों की साफ-सफाई, शौचालय सफाई व परिसर की रंगाई पुताई का कार्य पूर्ण कराये जाने एवं हैण्डपम्पों को ठीक कराये जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारी को मेले में लगने वाले बैरिकेटिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने मेला के दौरान विभिन्न मार्गो बॉदा, बबेरू, कर्वी, महोबा, हमीरपुर आदि मार्गो से परिवहन व्यवस्था हेतु बसों का संचालन की व्यवस्था भी कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। उन्होंने मेले में आने वाले लोगों को सर्दी से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था वन विभाग के द्वारा कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सोलर लाइटों को ठीक कराये जाने के लिए नेडा के अधिकारियों को निर्देशित किया। मेला मजिस्टेªट की ड्यूटी व अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाये जाने तथा पर्याप्त पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था की समुचित व्यवस्था रखने के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देशित किया। उन्होंने यातायात की समुचित व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की विभागीय प्रदर्शनी व स्टाल लगाये जाते हैं, वे समय से मेला स्थल पर लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आईटीआई में पुलिस के ठहरने हेतु समुचित व्यवस्था किये जाने तथा मेला स्थल पर फॉगिंग की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये।

# जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने आज कलेक्ट्रेट के जन सुनवाई कक्ष में इकों प्वाइट के सौन्दर्यीकरण के कार्य में तेजी लाने हेतु निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेन्सी आर.ई.डी. के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि इंको प्वाइंट जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक आकर्षण का केन्द्र है, जहां पर भारी संख्या में टूरिज्म का आना जाना लगता रहता है, पर्यटक स्थल इंको प्वाइंट के सौन्दर्यीकरण हेतु रेलिंग एवं इण्टर लाकिंग, वाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य जो किया जाना है, उसे अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये, इस दौरान अधिशासी अभियन्ता आर.ई.डी. ने बताया कि इंको प्वाइंट का गजीबो, कैफेरिया, चैकीदार कक्ष, सेल्फी प्वाइंट, सजावटी घास, पेड़ एवं बच्चों के लिए झूले आदि का कार्य किये जाने हैं, जिसे अतिशीघ्र पूर्ण किया जायेगा, इस दौरान जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहाकि इको प्वाइंट के निर्माण कार्य पूर्ण होने पर तत्काल हैण्डओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करें और इंको प्वाइंट पर बनी कैन्टीन व वाहन पार्किंग के टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जाये, बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)सहदेव कुमार मिश्र, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# सघन पल्स पोलियो महाअभियान को सीएमओ ने की बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** सघन पल्स पोलियो महाअभियान -08 दिसम्बर, 2024 के सफल संचालन किया गुरुवार को प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पूर्ति विभाग के अधिकारी, एस.एम.ओ. डब्लू.एच.ओ., यूनिसेफ प्रतिनिधि एवं सामु./ प्रा.स्वा. केन्द्र के अधीक्षक / प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित थे। बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन द्वारा अभियान से संबंधित तथ्य रखे। पल्स पोलियो अभियान 10 दिसम्बर, 2024 चरण के तैयारियों के बारे में बताया कि टाइमलाइन के अनुसार सुपरवाइजर के साथ माइक्रोप्लान समीक्षा बैठक कर ली गयी है। जनपद स्तर पर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

समस्त अधीक्षक / प्रभारी चिकित्साधिकों को माइक्रोप्लान तैयार करने हेतु सभी आवश्यक प्रपत्र दिये जा चुके है। ब्लाक स्तर पर TTF/BTF बैठक, वैक्सीनेटर एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण समय से पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पल्स पोलियो अभियान सम्बन्धित आगामी समस्त गतिविधियों को टाइमलाइन के अनुसार पूर्ण कर लिया जायेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान 10 दिसम्बर, 2024 चरण हेतु कुल घरों का लक्ष्य-317939, कुल 0-5 वर्ष तक के बच्चों का लक्ष्य-304194 तथा 1092 फिक्सड बूथ बनाये गये है। हाउस-टू-हाउस 698 टीम तथा 7 मोबाइल टीम बनाये गये है। एस.एम.ओ., डब्लू.एच.ओ. ने अपने पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन द्वारा SNID December, 2024 चरण, Coverage, Mobilization, Surveillance, Monitoring, MR Outbreak के बारे में विस्तार से बताया।

# लविवि : बीए, बीएससी, बीकॉम में अब केवल दो घंटे की परीक्षा

- पांच की जगह होंगे चार प्रश्न
- विधि, बीएड व पीजी में तीन घंटे की ही होगी परीक्षा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी जिलों लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के कॉलेजों में स्नातक विषम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की परीक्षाएं तीन की जगह अब दो घंटे में ही कराई जाएंगी। इसमें बीए, बीएससी और बीकॉम के विद्यार्थी शामिल होंगे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की मौजूदगी में हुई परीक्षा समिति की बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया। लविवि के मंथन सभागार में हुई परीक्षा समिति की बैठक में स्नातक स्तर पर 75 अंकों के प्रश्नपत्र को दो भागों में विभाजित करने पर भी सहमति बनी। पहले भाग में दो प्रश्न होंगे, इसमें से विद्यार्थी को कोई एक प्रश्न करना होगा। इसके लिए 15 अंक निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह से दूसरे भाग में कुल आठ प्रश्न होंगे, जिसमें से कोई भी तीन प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का होगा।

इससे पहले विवि में विषम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए तीन घंटे की अवधि तय थी। इसमें प्रश्नपत्र में 10 प्रश्न दिए जाते थे जिसमें से कोई पांच करने होते थे। विवि में 17 दिसंबर से विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। वर्तमान में परीक्षा फॉर्म भरे जाने की प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के मुताबिक, अब तक तीन लाख से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया को पूरा कर लिया है। तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि सात दिसंबर तय है। जबकि पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए यह 10 दिसंबर है। लविवि के प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा समिति की बैठक में बीए, बीएससी, बीकॉम में परीक्षा के लिए अब तीन घंटे की जगह केवल दो घंटे की अवधि सुनिश्चित की गई है। वहीं एलएलबी, बीएड और परास्नातक की परीक्षाएं तीन घंटे में ही कराने पर सहमति बनी। परीक्षा अवधि घटाने की जो सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है, वह समर्थ पोर्टल में अव्यवस्थाओं के चलते होने वाली देरी है। पहले शासन और राजभवन से सख्त निर्देश थे कि वर्तमान सत्र में परीक्षाएं इसी माध्यम से कराई जाएंगी। लेकिन दिसंबर के पहले सप्ताह तक 1.5 लाख विद्यार्थी पोर्टल पर अपना पंजीकरण ही नहीं कर पाए थे। ऐसे में सत्र पिछड़ता देख राजभवन सचिवालय ने वर्तमान सत्र में पुरानी व्यवस्था से परीक्षाएं कराने की छूट दी। इसके बावजूद काफी देर हो चुकी है। परीक्षाएं समय से शुरू तो हो जाएंगी, समाप्त होने में संशय है। इसी वजह से यह निर्णय लिया गया है।

# फुलाते समय फटा गुब्बारा, गले में जा फंसा, मौत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को गुब्बारा फूटकर मासूम के गले में फंस गया। इससे उसे सांस लेने में तकलीफ हुई। आनन फानन में परिजन बच्चे को लेकर पहले निजी अस्पताल गए। हालत गंभीर देख निजी अस्पताल ने उसे ट्रॉमा रेफर किया। वहां पहुंचने से पहले बच्चे की मौत हो गई। ट्रॉमा में जांच पड़ताल बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक हादसे बाद परिवार में हाहाकार मचा है। ठाकुरगंज दौलतगंज के काशी विहार फूलमती मंदिर के पास रहने वाले कैटर्स विनय गुप्ता का ढाई साल का बेटा शिवांश बुधवार दोपहर घर के बाहर खेल रहा था। बच्चे को परिजनों ने गुब्बारा पकड़ा दिया था। जिसे वह मुंह से फूला रहा था। फुलाते वक्त गुब्बारा फटकर गले में जाकर फंस गया। इससे बच्चे को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। कुछ ही देर में वह इधर-उधर दौड़ने बाद गिर गया और उसकी आंखें पलट गई। यह देख परिजन दौड़े और उसे उठाकर घर के अंदर लाए। गले के अंदर फंसे गुब्बारे को निकालने की कोशिश किया, मगर कामयाब नहीं हुए। बच्चे को लेकर पहले नजदीकी निजी अस्पताल ले गए। वहां पर डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए। परिजन बच्चे को लेकर ट्रॉमा गए थे मगर वहां पर जांच बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बाद से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पंचनामा करवाकर शव का अंतिम संस्कार करवा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रसूल ने फ़रमाया फातिमा मेरे जिगर का टुकड़ा है : मौ. सलमान



**लखनऊ।** रसूले अकरम ने फ़रमाया फातिमा मेरे जिगर का टुकड़ा है जिसने उसे नाराज किया उसने हमें नाराज़ किया जिसने हमें नाराज किया उसने खुदा को नाराज़ किया यह ब्यान मौलाना अली सलमान नज़फ़ी इमाम बाड़ा बहिश्ते ज़हरा की पहली मजलिस मे ब्यान कर रहे थे. रसूलुल्लाह की प्यारी बेटी शेहज़ादी ए कौनैन फातिमा ज़हरा के शहादत के सिलसिले मे पुराने लखनऊ मे अय्यामे फातिमिया पूरे अक़ीदत से से मनाया जा रहा है, हर इमाम बारगाहों,मस्जिदों अज़ाखानो मे मजलिसों का सिलसिला तेज होगया है। इसी सिलसिले की एक मजलिस इमाम बाड़े बहिश्ते ज़हरा कूमेदान की बगिया मुसाहबगंज मे पांच दिसंबर नौचंदी जुमेरात को दिन मे साढ़े तीन बजे से बरपा हो रही है पहली मजलिस को हुज्जतुल इस्लाम मौलाना अली सलमान नज़फी ने ब्यान किया,इसी सिलसिले की दूसरी मजलिस जुमे को मौलाना वसीयुल हसन नक़वी, तीसरी मजलिस इतवार को मौलाना अफ़ज़ाल हैदर मजलिस को ख़िताब फरमाएगें.तीनो मजलिसें साढ़े तीन बजे आयोजित होगी।

### हज़रत फातिमा अस की शहादत पर अवधनामा ने सौ स्टाल और स्कार्फ दिये



**लखनऊ।** रसूल की एकलौती बेटी हज़रत फातिमा अस की शहादत के सिलसिले की छोटा इमामबाड़ा में जारी मजलिस के दौरान आज छोटा इमामबाड़ा के इंचार्ज कमर अब्बास को अवधनामा की जानिब से सौ स्टॉल और स्कार्फ़ दिया गया जो इमामबाड़ा आने वाली उन ख्वातीन को दिया जायेगा जो बेहिजाब आती हैं उनको इमामबाड़ा से जाते वक्त यह इमामबाड़ा गेट पर बैठे ज़िम्मेदार को वापस करना होगा।

### एलडीए ने की अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने पारा में 1 व्यवसायिक निर्माण और 12 रो-हाउसेस भवनों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि शारदा पाण्डेय और अन्य की ओर से पारा में मोहान रोड पर मेडा हॉस्पिटल के सामने लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से व्यवसायिक कॉम्पेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा नागेन्द्र पाण्डेय व अन्य की ओर से पारा के सलेमपुर पतौरा में लगभग 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 12 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण पूर्व में कराया गया था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। सहायक अभियंता अनूप श्रीवास्तव के नेतृत्व में अवर अभियंता एस.के. सिंह व राम चौहान ने सीलिंग की कार्रवाई कराई।

# स्व. कुतुबुल्लाह पत्रकारिता व बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार रहे स्वर्गीय कुतुबुल्लाह पत्रकार और ट्रेड यूनियनिस्ट होने के साथ ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। यह बात यूपी प्रेस क्लब में आयोजित शोकसभा में पत्रकारों ने कही। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने कहा कि स्वर्गीय कुतुबुल्लाह ने लखनऊ इकाई का अध्यक्ष रहते उर्दू पत्रकारों के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन की मांग पर राज्य सरकार ने उर्दू अखबारों में विज्ञापन कोटा निर्धारित किया था। यूनियन के जिलाध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि श्रद्धांजलि स्वरूप उस शासनादेश को पुनः लागू कराने का प्रयास किया जाएगा। यूपी प्रेस क्लब अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, प्रेमकांत तिवारी, सुरेश बहादुर सिंह, गुफरान नसीम ने भी स्वर्गीय कुतुबुल्लाह के जीवन पर रोशनी डालते हुए उनके साथ किये काम का अनुभव साझा किया। इस मौके पर दो मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वहीं आल इंडिया तालीम घर और बज्म-ए-ख्वातीन की ओर से चौक स्थित मदरसा हयातुल उलूम निजामिया फरंगी महल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। सभा की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अहमद इब्राहीम अल्वी ने कहा कि कुतुबुल्लाह से लम्बे समय तक रिश्ता रहा। लोग पत्रकारिता को नौकरी के तौर पर देखते हैं लेकिन कुतुबुल्लाह ने इसे मिशन के तौर पर अपनाया। सभा में मुख्य अतिथि मौलाना जकी नूर नदवी कहा कि वे न केवल व्यक्तित्व निर्माण में माहिर थे बल्कि संस्थान बनाने वाले भी थे। पत्रकारिता में उनका अद्वितीय योगदान है। बेगम शहनाज सिदरत ने कहा कि कुतुबल्लाह ने पत्रकारिता और साहित्य की बारीकियां हयातुल्लाह अंसारी की देखरेख में सीखीं।

# भाषा वि.वि. में 'बज़्में अदब' के तहत साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन

- टिप्पणी किसी पुस्तक या कलाकृति की प्रकाशित समीक्षा का नाम है : प्रो. फ़खरे आलम



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मोईनुद् दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग की साहित्यिक संस्था बज्मे अदब की ओर से उर्दू में टिप्पणी लेखन विषय पर गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में टिप्पणी लेखन पर सार्थक और अहम चर्चा हुई, जिससे विषय के महत्वपूर्ण पहलुओं और आयामों के ज्ञान के साथ ही नये बिन्दुओं की जानकारी मिली। कार्यक्रम में बज्मे अदब की मैगजीन का लोकार्पण प्रो. फखरे आलम ने किया। टिप्पणी किसी पुस्तक या कलाकृति की प्रकाशित समीक्षा का नाम है। टिप्पणी आम तौर पर नई पुस्तक या हालिया कलाकृति पर की जाती है और टिप्पणी करते समय उसके गुण-दोषों का संक्षेप में निष्पक्षता से मूल्यांकन किया जाता है। एक टिप्पणीकार को साहित्यकार और अकादमिक मार्गदर्शक का दर्जा प्राप्त होता है, जो सामान्य पाठकों और उनके हितों को रेखांकित करता है। डॉ. जफरुन नकी ने कहा कि उर्दू टिप्पणी की कोई परम्परा नहीं थी। अंग्रेजी भाष और साहित्य के जरिए वे इससे परिचित हुए। उर्दू में सर सैय्यद और उनके दोस्तों ने न केवल विभिन्न पुस्तकों और पत्रिकाओं पर टिप्पणियां लिखीं बल्कि समीक्षा लेखन और टिप्पणी लेखन के नियमों और विनियमों पर चर्चा भी की। कार्यक्रम में शोधार्थी मुईनुद् दीन ने मोहम्मद हुसैन आजाद की पुस्तक आबे हयात, शोधार्थी मोहम्मद नसीम ने डॉ. अख्तर बस्तवी की किताब भारतीय साहित्य के वास्तुकार काजी मोहम्मद अदील अब्बासी और शोधार्थी रशीदा खातून ने प्रो. इब् न कंवल के लिखे मोनोग्राफ दाग देहलवी पर टिप्पणी लेखन पेश किया। कार्यक्रम का संचालन एम.ए. के छात्र अब्दुल कादिन और धन्यवाद अब्दुल्लाह ने किया। इस मौके पर शोधार्थियों और छात्रों के साथ उर्दू विभाग के प्रो. फखरे आलम, डॉ. मुर्तजा अतहर, डॉ. अकमल शादाब, डॉ. आजम अंसारी, डॉ. मूसी रजा, डॉ. सिद्धार्थ सुदीप आदि शामिल थे।

# यूपी के कई जिलों में आठ व नौ दिसंबर को हल्की बारिश के आसार

**लखनऊ।** नये विकसित हो रहे पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 8 व 9 दिसंबर को यूपी के तराई इलाकों में बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश के आसार हैं। प्रदेश में बृहस्पतिवार को भी लगातार दूसरे दिन 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चली। आसमान साफ होने से हवा में रूखापन और दोपहर की सीधी धूप में तपिश महसूस की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिन तक फिलहाल मौसम ऐसा ही रहने वाला है। पछुआ के बावजूद दोपहर में हो रही तीखी धूप और गर्मी के सवाल पर आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कोहरा नहीं होने से सुबह से सूरज की तपिश सीधे धरती की सतह तक आ रही है। इससे पछुआ का असर गर्मी घटाने के लिए नाकाफी हो रहा। आने वाले दिनों में पछुआ के जोर से तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिलेगी और ठंड में इजाफा होगा।

# क्रांतिकारी शायर असरारुल हक मजाज़ की 69वीं बरसी मनाई गई

- अनवर हबीब अल्वी ने किया तिलावते कलामे पाक से कार्यक्रम का आगाज



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रूमानी और क्रांतिकारी शायर असरारुल हक मजाज की 69वीं बरसी पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड ब्वायज एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को निशातगंज के पेपरमिल कॉलोनी स्थित कब्रिस्तान में मजाज की कब्र पर फातिहाख्वानी की गयी। इस मौके पर एएमयू ओबीए के अध्यक्ष एस.एम. शोएब ने मजाज के जीवन परिचय से लोगों को अवगत कराया। इससे पहले कार्यक्रम का आगाज अनवर हबीब अल्वी ने तिलावते कलामे पाक से किया और फातिहाख्वानी की गयी। इस मौके पर एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त सचिव आतिफ हनीफ ने कहा कि मजाज को किसी एक क्षेत्र या वर्ग तक सीमिति रखना अनुचित होगी। उर्दू साहित्य से प्रेम करने वाला हर व्यक्ति उनका प्रशंसक है। परवेज मलिकजादा ने कहा कि मजाज को किसी एक काल या युग तक सीमित नहीं किया जा सकता। उनकी कविताओं की आज भी उतनी ही सार्थकता है जितना पहले थी। जिंदगी ने उनसे वफा नहीं की नहीं तो संभव था कि वे शताब्दी के महानतम उर्दू कवि साबित होते। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन स्टडीज के निदेशक डॉ. एहतिशाम खान, एरा विवि के डीन प्रोफेसर रियाज मेहदी, भोपाल से आए डॉ. मोहम्मद आजम ने भी सम्बोधित किया। मजाज मेमोरियल ट्रस्ट के अफजल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि मजाज के मिशन को आगे बढ़ाने में ट्रस्ट अहम भूमिका निभाएगा और अमूबा के साथ मिल कर उर्दू साहित्य के विकास के लिए सतत प्रयास करेगा। कार्यक्रम में एसोसिएशन संरक्षक डॉ. सुहैल अहमद फारुकी, उपाध्यक्ष मोहम्मद गुफरान, कार्यकारिणी सदस्य मोईनुद्दीन, कैस मुजीब, हुसैन अहमद, मुहीउद्दीन, मेराज सिद्दीकी, मुहीबख्श कादरी, सरवत तकी, अरशद आजमी, शेख तारिक, नवाब मसूद अब्दुल्लाह, तारिक खान, जफरुल हसन सिद्दीकी, फहद महमूद, कारी मंजूर आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्य सेविका के 2567 पदों पर भर्ती के लिए 8337 अभ्यर्थी शॉर्ट लिस्ट

- अभिलेख परीक्षण का कार्यक्रम जारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में मुख्य सेविका के 2567 पदों पर चल रही भर्ती के लिए 8337 अभ्यर्थी शॉर्ट लिस्ट किए गए हैं। इन अभ्यर्थियों का अभिलेख परीक्षण 17 दिसंबर से 13 फरवरी के बीच होगा। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अभिलेख परीक्षण का तिथिवार विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग की ओर से मुख्य सेविका के 2693 पदों पर चयन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। किंतु विभाग के कर्मचारी इस मामले में कोर्ट चले गए थे। हाईकोर्ट के निर्देश पर 2693 में से 126 पदों को खाली रखते हुए 2567 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेज की गई है। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने बताया कि दो पालियों में 17 दिसंबर से 13 फरवरी के बीच आयोग के लखनऊ कार्यालय में अभिलेख परीक्षण होगा। इसके लिए आयोग डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन लेटर जारी करेगा। इसे आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा।

अर्ह अभ्यर्थी सभी आवश्यक दस्तावेज, आरक्षण व आयु में छूट के लिए प्रमाण पत्र, दो फोटो आदि के साथ निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित हों। उन्होंने यह भी कहा है कि किसी कारण से कोई अभ्यर्थी अर्हता व अभिलेख परीक्षण के लिए अनुपस्थित रहता है तो उसे एक मौका 13 फरवरी को दूसरी पाली में दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

# संभल हिंसा: कैण्डिल मार्च निकाला गया

- संभल में प्रदेश सरकार की लापरवाही, अक्षमता और बदनियती से हिंसा भड़की




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** संभल हिंसा में मारे गये युवकों की आत्मा की शांति और घटना के पीड़ितों को न्याय दिलाने व सरकार में बैठे लोगों की सद्बुद्धि के लिए कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय के निर्देश पर गुरुवार को प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों पर कैण्डिल मार्च निकाला गया। राजधानी लखनऊ में जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम के नेतृत्व में पार्टी मुख्यालय से कैण्डिल मार्च निकाला गया। कैण्डिल मार्च पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पार्टी मुख्यालय के बाहर स्थिति प्रतिमा तक गया, जहां प्रार्थना की गयी। पार्टी ने आरोप लगाया कि संभल में प्रदेश सरकार की लापरवाही, अक्षमता और बदनियती से हिंसा भड़की, जिसमें पांच युवाओं की पुलिस फायरिंग में मौत हो गयी। एक तरफ सरकार अपने दायित्वों के निर्वहन में असफल रही और दूसरी तरफ तानाशाही रवैया अपनाते हुए कांगेस नेताओं को मृतकों के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त करने जाने से रोकने का हर अलोकतांत्रिक हथकण्डा अपना रही है। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य नेताओं को संभल जाते वक्त गाजीपुर बॉर्डर पर रोक लिया गया था। इससे पहले सोमवार को संभल जाने से पहले प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित पार्टी के अन्य नेताओं को पुलिस ने पार्टी मुख्यालय और नेताओं के घरों में ही नजरबंद कर दिया था। गुरुवार को निकले कैण्डिल मार्च में पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, पूर्व मंत्री राजबहादुर, राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम, वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र मदान, रमेश मिश्रा, डॉ. जियाराम वर्मा, सिद्धार्थप्रिय श्रीवास्तव, ओंकारनाथ सिंह, नीरज तिवारी, योगेश्वर सिंह, शाहनवाज मंगल आजमी, अंशू त्रिपाठी, मारूफ खान, अयाज खान, जमाल खान, संजय सिंह, संजय गिरी, तनवीर फातिमा, फखरुल इस्लाम, आफताब मोहसिन, शबाब रजा, बाकर मेहदी, मनीष जायसवाल सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## मुख्यमंत्री योगी ने दी फडणवीस शुभकामनाएं



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और एकनाथ शिंदे तथा अजीत पवार को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी। योगी बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने मुंबई गए थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन व आपके (फडणवीस) कुशल नेतृत्व में विकसित महाराष्ट्र-सुरक्षित महाराष्ट्र की संकल्पना की सिद्धि के साथ ही राज्य सुशासन के सुपथ पर अविराम बढ़ते हुए प्रगति और समृद्धि के नवीन मानक स्थापित करेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र चुनाव में ताबड़तोड़ रैलियां की थी। उन्होंने महाराष्ट्र में चार दिन चुनाव प्रचार किया था, जिसमें 24 प्रत्याशियों के पक्ष में वोट देने की अपील की थी।

# पूर्व विधायकों की भूमिका प्रदेश के विकास एवं प्रगति के लिये जरूरी : अम्मार रिज़वी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संसदीय संस्थान की बैठक उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं संस्थान के अध्यक्ष अम्मार रिजवी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश विधानसभा के 44 ख, कमेटी हाल में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश संसदीय संस्थान के अध्यक्ष अम्मार रिजवी ने कहा कि पूर्व विधायकों की भूमिका प्रदेश के विकास एवं प्रगति में आवश्यक है एवं इसके क्रियान्वयन में काफी कठिनाइयों पूर्व विधायकों को महसूस होती है जो कि जनप्रतिनिधि आज भी समाज सेवा में लगे हैं उनका जिला एवं राज्य प्रशासन द्वारा उनके संज्ञान न लिया जाना चिंता का विषय है श्री रिज़वी ने कहा कि आगामी दिनों में उ0प्र0 संसदीय संस्थान का एक प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा एवं संसदीय संस्थान के अग्रिम कार्यक्रम मण्डलवार आगामी दिनों में किये जायेंगें। समिति की बैठक में उत्तर प्रदेश की जिला विकास योजनाओं के संबंध में होने वाली बैठकों में पूर्व विधायकों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने पर विचार किया गया एवं पेंशन बढ़ाने, पूर्व विधायकों को मिलने वाली यात्रा भत्ते धनराशि को बढ़ाने, टोल टैक्स माफ किए जाने, उत्तर प्रदेश संसदीय संस्थान के कार्यालय हेतु पूर्व की भांति लखनऊ में कार्यालय उपलब्ध कराए जाने, मुख्यमंत्री से मिलने हेतु सप्ताह में एक दिन समय निर्धारित किए जाने, मुख्यमंत्री कार्यालय में एक विशेष कार्यकारी की तैनाती की मांग सरकार से की गई। समिति के सचिव पूर्व विधायक हरीश बाजपेई ने आए हुए सभी पूर्व विधायकों का धन्यवाद करते हुए कहा संसदीय संस्थान उनकी समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ देश एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में उपयोगी साबित होगा। बैठक में प्रमुख रूप से रामलाल, जफर अली नकवी, मणि शंकर पांडे, अंबिका सिंह, सतीश अजमानी, अजीत मल्होत्रा, रामलाल अकेला, भरत त्रिपाठी, अमिताभ अनिल दुबे, भूदर नारायण मिश्रा, डॉव रामाश्रय सिंह कुशवाहा, युवराज सिंह, अमरेंद्र चंद्र पांडे, आशा किशोर, विंध्यवासिनी कुमार, शारदा चैहान, राकेश प्रताप सिंह,शिवेंद्र सिंह, मोहम्मद मुकीम, राकेश मिश्रा, राज बहादुर, राम अचल सिंगर, रमेश राही, माधव प्रसाद, परमात्मा प्रसाद सिंह, परवेज अली, जगराम सिंह यादव, अविनाश त्रिवेदी, बंसी पहाड़िया, अनूप गुप्ता, जगदीश मिश्रा, सहित सैकडो पूर्व विधायकों ने उपस्थित होकर अपने विचार रखे।

## हजरत फातिमा ज़हरा की याद में जगह-जगह मजलिसों का आयोजन

# हजरत रसूले खुदा ने कहा फातिमा मेरा जुज़ हैं: मौलाना कल्बे जवाद

- अजादारों ने काले लिबास पहने और देर रात तक मजलिसों में शिरकत की



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स.) की बेटी हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत की याद में बृहस्पतिवार को जगह-जगह मजलिसों का आयोजन किया गया। अजादारों ने काले लिबास पहने और देर रात तक मजलिसों में शिरकत की। इमामबाड़ा सिब्तैनाबाद हजरतगंज में व दरगाह हजरत अब्बास में मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत रसूले खुदा ने फरमाया फातिमा मेरा जुज हैं। मजलिस का आयोजन मजलिस-ए-उलमा-ए-हिंद ने किया। छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मौलाना जैगमुल गरवी ने मजलिस को खिताब किया। कल की मजलिस के बाद कैंडिल की रौशनी में ताबूत उठाया जायेगा। रौजाए काजमैन में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में मौलाना अली हाशिम आबदी ने मजलिस को खिताब किया। अजाखाना बादशाह हुसैन दरगाह रोड में मौलाना मोहम्मद अली ने मजलिस को खिताब किया। अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में मजलिस का आगाज कारी हबीब आलम रिजवी ने तिलावते कुरआने पाक से किया। इसके बाद मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में मौलाना मोहम्मद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। शुक्रवार को अजाखाने सईद हुसैन मरहूम हसन पुरिया में रात 7 बजे महिलाओं की मजलिस के बाद ताबूत की जियारत करायी जायेगी। दरियावाली मस्जिद हुसैनाबाद रोड में आयोजित मजलिस को मौलाना राशिद अस्करी ने खिताब किया। कर्बला मलका जहां ऐशबाग में मौलाना अब्बास तुराबी ने मजलिस को खिताब किया। हुसैनी इमामबारगाह अलीगंज में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा (डा.) आसिया रिजवी ने खिताब किया। मस्जिद कदम रसूल कश्मीरी मोहल्ला में मौलाना अली नकवी ने मजलिस को खिताब किया। कर्बला अजमतुद्दौला मेंहदीगंज में मौलाना बाकर सज्जाद ने मजलिस को खिताब किया। बारगाहे सकीना रूस्तम नगर में मौलाना रजा हुसैन जरवली ने मजलिस को खिताब किया। हौजाए इल्मिया जामेअतुत्तबलीग मुसाहबगंज में मौलाना रजा अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब अकबरी गेट में मजलिस को मौलाना शबीहउल हसन ने खिताब किया। हौजए इलमिया अबूतालिब (अ.स.) निकट यूनिटी डिग्री कॉलेज, हरदोई रोड में मजलिस को मौलाना नाजिम हुसैन ने खिताब किया। मस्जिद वली उल अस्त्र मुफ्तीगंज में मजलिस को मौलाना शब्बर हुसैन ने खिताब किया। गोलागंज स्थित संस्था तंज़ीमुल मकातिब में मजलिस को मौलाना फिरोज़ अली बनारसी ने खिताब करते हुए कहा कि जनाबे फातिमा की ज़िंदगी तमाम औरतों के लिए एक बेहतरीन नमूना है। मजलिस के बाद ताबूत जनाबे फातिमा ज़हरा निकला गया।

### बैतुल हुजन में हुई शब्बेदारी

रौजा ए बैतुल हुजन रुस्तम नगर में बृहस्पतिवार को शब्बेदारी व मजलिस का आयोजन किया गया। शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन मुहिब्बाने हुसैन, शामें गरीबां, दस्ते हुसैनी, नासिरया, मेराजुल मोमेनीन, गुंचाए मेहदिया, रिजाए हुसैन शहीदाने कर्बला, मासूमियां हुसैनिया और गरीबुल अजा ने नौहाख्वानी व सीनाजनी करके शहादत का गम मनाया।